* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 फरवरी, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 127

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

पीएम मोदी 41,000 करोड़ रुपये की आज देगें सौगात




# आधुनिक और तेज रेलवे
# मोदी सरकार की गारंटी



**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ₹41 हजार करोड़ की लागत से देशभर के 554 रेलवे स्टेशनों का कायाकल्प और 1500 रोड ओवर ब्रिज/अंडरपास का शिलान्यास, उद्घाटन व राष्ट्र को समर्पण**







## झारखण्ड में
## 27 स्टेशनों का पुनर्विकास

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| टाटानगर | सीनी | हैदरनगर | लोहरदगा | सिल्ली |
| चक्रधरपुर | दुमका | मोहम्मद गंज | रामगढ कैन्ट | शंकरपुर |
| गोड्डा | देवघर | बालसिरिंग | ओड़गा | नामकोम |
| डांगोवापोसी | जामताड़ा | बानो | गोबिन्दपुर रोड | |
| चाईबासा | विद्यासागर | गंगाघाट | टाटीसिलवे | |
| गामहारीया | बड़ा जामदा जं | बासुकीनाथ | मूरी जं. | |

- सिटी सेंटर के रूप में पुनर्विकास - रूफ प्लाजा, शॉपिंग जोन, फूड कोर्ट, बच्चों के खेलने का क्षेत्र आदि जैसी सुविधाएं
- अलग-अलग प्रवेश और निकास द्वार, बहु-स्तरीय पार्किंग, लिफ्ट, एस्केलेटर, लाउंज, प्रतीक्षालय, ट्रैवलेटर, दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाएं
- मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के एकीकरण से पुनर्विकसित स्टेशन क्षेत्र सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेंगे

एवं

## 88 रोड ओवर ब्रिज / अंडरपास का निर्माण

- सड़क एवं रेल यातायात का बाधा रहित आवागमन
- स्थानीय निवासियों को रेल लाइन के दोनो तरफ आने जाने की सुरक्षित व सुगम सुविधा
- यातायात समय में आएगी कमी

# नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
के द्वारा

26 फरवरी, 2024 | प्रातः 11:00 बजे से

(वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से)

गरिमामयी उपस्थिति

**अश्विनी वैष्णव**
केन्द्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

**रावसाहेब पाटिल दानवे**
केन्द्रीय रेल, कोयला एवं खान राज्य मंत्री

**दर्शना जरदोश**
केन्द्रीय रेल एवं वस्त्र राज्य मंत्री

PR-1174

DD NEWS पर कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट देखें

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 58,600 रु./10 ग्राम
चांदी 74,000 रु./प्रति किलो



# गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में इस बार होगी एनडीए की असली अग्निपरीक्षा

## ■ कोयला और लोहा के गढ़ में इस बार भी तौला जायेगा रणनीतियों का वजन

## ■ चंद्रप्रकाश का डोल रहा मन, भाजपा कर रही अपने अभेद्य गढ़ में तैयारी

## ■ इस बार का मुकाबला होगा रोचक, क्योंकि पांच साल में नये मुद्दे भी जुड़े हैं

**आजाद सिपाही विशेष**

गिरिडीह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र झारखंड का महत्वपूर्ण संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में गिरडीह, बोकारो और धनबाद जिले के कुछ हिस्सों को शामिल किया गया है। झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में से यह संभवतः एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां किसी की नहीं चलती है और हर किसी की चलती है, यानी यह सीट 'ओपन फॉर ऑल' है। दुर्गम पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरे कोयला खदानों और लोहे के इस गढ़ में कब कौन बाजी मार ले जायेगा, कहना कठिन है। इस संसदीय क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्रों को समाहित किया गया है। यह क्षेत्र दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों से घिरा है। मुगल सम्राटों का इस क्षेत्र पर शासन रहा। यहीं पर जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थस्थल पार्श्वनाथ भी है। प्रख्यात वैज्ञानिक सर जगदीश चंद्र बसु की जन्मस्थली और ईश्वर चंद्र विद्यासागर जैसे मनीषियों की यह धरती सियासत के लिए भी मुफीद मानी जाती है। पिछले कुछ साल में भाजपा ने गिरिडीह को अपना मजबूत गढ़ जरूर बनाया है, लेकिन यह पार्टी की बजाय नेताओं के कारण हुआ। पिछले चुनाव में उसने यह गढ़ अपने सहयोगी आजसू को सौंप दिया था, लेकिन इस बार इलाके में बड़ा सवाल यही है कि क्या इस बार भी भाजपा अपने गढ़ में आजसू को जीत दिला सकेगी। यह सवाल इसलिए उठ रहा है, क्योंकि पिछले पांच साल में गिरिडीह संसदीय क्षेत्र की स्थानीय सियासत में वर्तमान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी फिट नहीं बैठ रहे हैं। दबी जुबान चर्चा है कि उनका यहां मन ही नहीं लगता। उनका आज भी सारा ध्यान रामगढ़ में है। यहां तक कि भाजपा में भी उनका विरोध होता रहा है। क्या है गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का चुनावी परिदृश्य और क्या हैं यहां के मुद्दे, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड की गिरिडीह लोकसभा सीट की गिनती भाजपा के मजबूत गढ़ में तो होती है, लेकिन यह राज्य का एकमात्र संसदीय क्षेत्र है, जहां हर किसी का जोर है। इसलिए यहां की सियासत भी रोचक होती है और यहां का चुनावी मुकाबला भी रोमांचक होता है। यह क्षेत्र दुर्गम पहाड़ियों और जंगलों से घिरा है। मुगल सम्राटों का इस क्षेत्र पर शासन रहा। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र विविधताओं से भरा है। यहां जैनियों का सबसे प्रमुख धर्मस्थल पार्श्वनाथ है, तो नक्सलियों का गढ़ रहा झुमरा पहाड़ भी है। गिरिडीह की धरती वैज्ञानिकों और मनीषियों की जन्मस्थली रही है, तो लौह उत्पादों के लिए भी यह इलाका चर्चित है। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जिस गोमो रेलवे स्टेशन पर अंतिम बार देखे गये थे, वह भी इसी संसदीय क्षेत्र में आता है। यहां बेरमो का इलाका भी है, जहां की धरती खूब कोयला उगलती है। इस धरती ने कई बड़े नेताओं को जगह दी है। गिरिडीह का राजनीतिक इतिहास

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बेहद रोचक रहा है। इस सीट से 1962 में स्वतंत्र पार्टी से बटेश्वर सिंह जीते थे। 1967 में सीट पर कांग्रेस के इम्तियाज अहमद का कब्जा हो गया। 1971 में कांग्रेस के ही टिकट पर चपलेंदू भट्टाचार्य जीते। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर रामदास सिंह जीते। 1980 में कांग्रेस के टिकट पर बिंदेश्वरी दुबे और 1984 में कांग्रेस के ही टिकट पर सरफराज अहमद जीतने में कामयाब हुए। 1989 में इस सीट पर भाजपा का खाता खुला और उसके टिकट पर रामदास सिंह जीतने में कामयाब हुए। 1991 में यह सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास चली गयी और उसके टिकट पर बिनोद बिहारी महतो जीते। इसके बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे कृष्ण मुरारी पांडेय के पुत्र रविंद्र कुमार पांडेय कांग्रेस छोड़ भाजपा में चले गये और उन्होंने लगातार तीन बार 1996, 1998 और 1999 में यहां से जीत हासिल की। 2004 में झामुमो के टेकलाल महतो जीतने में कामयाब हुए, लेकिन 2009 में रविंद्र पांडेय ने एक बार फिर भाजपा के लिए यह सीट जीत ली। उनकी जीत का सिलसिला 2014 में भी जारी रहा।




2019 में भाजपा ने तालमेल के तहत यह सीट आजसू को सौंप दी और चंद्रप्रकाश चौधरी को यहां से जीत मिली।

गिरिडीह लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, टुंडी और बाघमारा शामिल हैं। 2019 के आम चुनाव के दौरान इस सीट पर मतदाताओं की संख्या करीब 15.15 लाख थी। इसमें 8.11 लाख पुरुष और 7.03 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। इस बार करीब 24 हजार नये मतदाता जुड़े हैं।

### गिरिडीह की राजनीतिक पृष्ठभूमि

सब जानते हैं कि जातीयता और जातिवाद राष्ट्र निर्माण के मार्ग में बाधक हैं। हमारा देश क्षेत्रवाद और जातिवाद के कारण खड़ी होनेवाली दर्जनों समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन इस हथियार का इस्तेमाल करने में कोई दल पीछे नहीं रहता है। यही कारण है कि इन दोनों हथियारों के बल पर सत्ता हासिल करने की होड़ के कारण देश में सैकड़ों छोटे-बड़े राजनीतिक दल उभर आये हैं। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में भी जोड़-तोड़ की राजनीति जोरों पर चल रही है। कहीं प्रत्यक्ष, तो कहीं परोक्ष रूप से क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद और धर्म हावी है। मतों का ध्रुवीकरण भी इसी आधार पर हो रहा है। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में कोई किसी से कम नहीं है, लेकिन वोट बंटवारा का लाभ उठा कर सत्ता में काबिज होने की जुगत में हर कोई अपने स्तर से दिमाग लगा रहा है।

### गिरिडीह का जातीय आंकड़ा

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का जातीय परिदृश्य ऐसा है कि यहां कोई भी निर्णायक नहीं है। यहां कुर्मी महतो करीब 1.55 लाख हैं, तो इतने ही कोयरी महतो भी हैं। गिरिडीह में मुस्लिम मतदाताओं की आबादी भी करीब 2.80 लाख है। इसके अलावा अनुसूचित जाति के करीब 2.40 लाख मतदाता हैं, तो 1.35 लाख के करीब अनुसूचित जनजाति के मतदाता भी हैं। पिछड़े और वैश्यों की आबादी करीब 3.15 लाख है, तो सवर्णों की आबादी भी करीब 3.30 लाख है।

इस तरह देखा जा सकता है कि गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में कुर्मी महतो, कोयरी महतो और मुस्लिम वोट एक होने पर निर्णायक हो जाता है। यहां इसे 'एम-3' समीकरण कहा जाता है। यही कारण है कि सभी प्रत्याशियों की नजर इसी समीकरण पर ज्यादा रहती है। भाजपा ने आजसू के साथ मिल कर 2019 में इस समीकरण को साध लिया था, लेकिन इस बार झामुमो ने मुस्लिम मतदाताओं को अलग करने में पूरी ताकत लगा दी है। इसलिए सबसे ज्यादा विकट स्थिति मुस्लिम वोटरों की ही है। उन पर ज्यादा दावेदारी की जा रही है। सभी मानते हैं कि उनका वोट एकमुश्त होता है, लेकिन गिरिडीह के संदर्भ में यह वास्तविकता नहीं है। पिछले चुनावों में इनका वोट भी बंटा था।

### गिरिडीह के दावेदार

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र 2019 में उन खास सीटों में शामिल था, जहां देश के दो प्रमुख दल भाजपा और कांग्रेस मुकाबले में नहीं थे। भाजपा ने यह सीट आजसू को दे दी थी, तो कांग्रेस यहां से झामुमो का समर्थन कर रही थी। इस बार स्थिति थोड़ी बदली हुई नजर आ रही है। चंद्रप्रकाश चौधरी की दावेदारी तो स्वाभाविक है, लेकिन भाजपा यह सीट आजसू के लिए छोड़ेगी, इस पर संशय है। 2024 को लेकर आजसू और भाजपा अलग बिसात बिछाती नजर आने लगी है और चर्चा इस बात की है कि इस बार यहां से भाजपा अपना उम्मीदवार उतार सकती है, जबकि आजसू को इसके बदले कोई और सीट दी जा सकती है। इसकी वजह चंद्रप्रकाश चौधरी को लेकर नाराजगी की खबरें हैं। चर्चा यह भी है कि गिरिडीह के बदले हजारीबाग सीट आजसू के हिस्से में जा सकती है और वहां से चंद्रप्रकाश चौधरी को उतारा जा सकता है। यही कारण है कि बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो भी गिरिडीह से जोर लगा रहे हैं। इसके साथ ही एक और नाम भी चर्चा में है और वह है बोकारो से भाजपा विधायक बिरंची नारायण का। वह वैश्य जाति से आते हैं। जहां तक झामुमो का सवाल है, तो उसके 'टाइगर' जगरनाथ महतो की अनुपस्थिति में गिरिडीह से कौन उतरेगा, इसके कयास भी लगाया जा रहा है। इसमें जो पहला नाम आता है, वह है टुंडी से झामुमो विधायक और मजबूत आदिवासी-मूलवासी चेहरा मथुरा महतो का।

---

# विद्यालय के मेन गेट पर बने मीनार की जांच शुरू

- इचाक सीओ पहुंचे स्कूल, की जांच- पड़ताल
- बाबूलाल ने भी डीसी से जल्द कार्रवाई करने को कहा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के इचाक प्रखंड स्थित डुमरौन गांव के राजकीय प्राथमिक उर्दू विद्यालय के मुख्य द्वार पर मुसलिम समुदाय द्वारा मीनार का निर्माण कराये जाने को लेकर जिला प्रशासन हरकत में आ गया है। रविवार को इचाक सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने मामले की पड़ताल की। कहा कि जांच के बाद रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपा जायेगा। इसके बाद अब आगे की कार्रवाई होगी। इधर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इस मामले को ट्विटर पर पोस्ट कर सरकार को घेरते हुए हजारीबाग डीसी को जल्द कार्रवाई करने को कहा है।




**गांव में बनी है तनाव की स्थिति :** स्कूल के गेट पर मीनार बनाये जाने को लेकर गांव में तनाव की स्थिति है। ग्रामीणों बताते हैं कि इस मामले को लेकर 5 फरवरी को ही डीसी को आवेदन देकर मामले से अवगत कराया गया था। साथ ही आवेदन की प्रतिलिपि हजारीबाग एसपी को भी दी थी। ग्रामीणों ने पदाधिकारियों को दिये आवेदन में बताया है कि यह एक सरकारी विद्यालय है, जिसका यू डाइस नंबर-20040900901 है। प्राथमिक उर्दू विद्यालय डुमरौंन में मतदान केंद्र भी है। ग्रामीणों ने मुख्य द्वार पर मीनार निर्माण को अतिशीघ्र हटाने की मांग की।

# झारखंड में एचपीसीएल गैस नेटवर्क की आधारशिला का रखा जाना मील का पत्थर : हरदीप सिंह पुरी

- इंडियन ऑयल के पीएनजी प्रोजेक्ट का भी उद्घाटन
- गोड्डा-दुमका में एचपीसीएल के गैस नेटवर्क की आधारशिला रखी
- पूरे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक समृद्धि की लहर जगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**नयी दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस और आवास और शहरी मामलों के मंत्री, हरदीप सिंह पुरी ने पीएनजी और सीएनजी के लिए गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र (जीए) में एचपीसीएल के गैस नेटवर्क की आधारशिला रखी और देवघर, झारखंड में सिटी गैस वितरण परियोजना के तहत इंडियन ऑयल के पीएनजी का उद्घाटन किया। लोकसभा सांसद निशिकांत दुबे भी गोड्डा, झारखंड से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। गोड्डा-दुमका भौगोलिक क्षेत्र में एचपीसीएल का दूरदर्शी गैस नेटवर्क छह जिलों में 14507 वर्ग किमी के विशाल विस्तार को कवर करता है और 14 लाख से अधिक घरों के जीवन को प्रभावित करता है। 1750 करोड़ रुपये के निवेश की यह महत्वपूर्ण परियोजना गोड्डा, दुमका, पोरियाहाट, शिकारीपाड़ा, जरमुंडी, महगामा, पथरगामा, जामताड़ा, मिहिजाम, पाकुड़, लिटिपारा और साहिबगंज जैसे क्षेत्रों में नयी जान फूंक देगी। 370 किमी स्टील और पर्याप्त एमडीपीइ से युक्त मजबूत गैस नेटवर्क घरों को पाइप गैस कनेक्शन प्रदान करेगा। जबकि योजना में 100 सीएनजी स्टेशनों की स्थापना शामिल है। जिससे टिकाऊ परिवहन समाधान के एक नये युग की शुरुआत होगी।

देवघर में, इंडियन ऑयल की पीएनजी परियोजना 6 लाख से अधिक घरों को पहुंचती हुई 6264 वर्ग किमी में तीन जिलों को कवर करती है। 303 करोड़ रुपये के निवेश के साथ यह परियोजना 350 किमी एमडीपीइ नेटवर्क के माध्यम से 2027 तक 30,000 परिवारों को जोड़ने के लिए तैयार है। संथाल परगना डिवीजन के तहत देवघर एक अग्रणी के रूप में उभरकर पीएनजी को अपनाने वाला पहला जिला बन गया है। जो ऊर्जा पहुंच और स्थिरता की दिशा में एक गहन बदलाव की शुरुआत है। इन परियोजनाओं के निहितार्थ बहुत गहरे हैं, जो वहां के निवासियों के जीवन में क्रांति लाने और वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों में विकास को प्रेरित करने का दावा करते हैं। अकेले देवघर में 30,000 से अधिक परिवारों और 100 वाणिज्यिक/औद्योगिक संस्थानों को पीएनजी कनेक्शन से लाभ होगा। जिससे झंझटमुक्त और सस्ता ईंधन उनकी पहुंच में होगा। पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) गोड्डा-दुमका में पर्यावरण-अनुकूल, विश्वसनीय और निर्बाध ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए 2 लाख से अधिक परिवारों और वाणिज्यिक/औद्योगिक संस्थाओं को अपना लाभ पहुंचायेगी। ये पहल ग्राहक अनुभव को प्राथमिकता देती है। रसोई में सीधे खाना पकाने के ईंधन तक निर्बाध पहुंच के साथ समय और लागत की बचत करती है। इसके अलावा, वे पूरे क्षेत्र में सामाजिक-आर्थिक समृद्धि की लहर जगाते हुए महत्वपूर्ण प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए तैयार हैं। पीएनजी परियोजना का शिलान्यास और उद्घाटन झारखंड के निवासियों को स्वच्छ और टिकाऊ ऊर्जा प्रदान करने के सपने को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुमका को दी बड़ी सौगात, नर्सिंग कॉलेज का किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दुमका में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने गुजरात से ऑनलाइन दुमका के बीएसी नर्सिंग कालेज का शिलान्यास किया। यह नर्सिंग कॉलेज फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पास स्थित ओल्ड ए एन कालेज छात्रावास परिसर में तैयार होगा। इस नर्सिंग कॉलेज के निर्माण में 25 करोड़ रुपये खर्च होने की संभावना है।



केंद्र सरकार ने इसकी धनराशि भी उपलब्ध करा दी है। दो साल में इस भवन के बन कर तैयार हो जाने की संभावना है। इसके बाद प्रशिक्षण शुरू होगा। इसमें युवक-युवतियों को चार साल तक विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया जायेगा। यहां 40 से 60 लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जानकारी के अनुसार इसमें वहीं छात्र छात्राओं शामिल होंगे, जिन्होंने संबंधित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो। प्रशिक्षण के बाद सभी को सेवा के लिए तैयार किया जायेगा। चार साल के इस इस कोर्स को पुरा करने के बाद आसानी से उन्हें रोजगार मिल सकेगा।

## 11 आइएएस की प्रोन्नति का रास्ता साफ

**रांची (आजाद सिपाही)। 2011 बैच के 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को संयुक्त सचिव से विशेष सचिव रैंक में प्रोन्नति दी जायेगी। इस संबंध में मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभागीय प्रोन्नति की बैठक में इसकी सहमति दे दी गयी है। कुछ आवश्यक कागजातों की मांग को पूरा करने के बाद डीपीसी की प्रोसिंडिंग लागू कर दी जायेगी।**

# खान विभाग के चार अफसरों का ट्रांसफर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खान विभाग के चार अधिकारियों का स्थानांतरण-पदस्थापन किया गया है। प्रभारी उपनिदेशक भूतत्व निदेशालय कुमार अमिताभ को स्थानांतरित करते हुए उन्हें अपने कार्यों के साथ उपनिदेशक भूतत्व प्रशिक्षण संस्थान हजारीबाग का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सहायक खनन पदाधिकारी खान निदेशालय सतीश कुमार नायक को प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी जिला खनन कार्यालय जमशेदपुर के पद पर पदस्थापित किया गया है। प्रभारी जिला खनन पदाधिकारी जमशेदपुर संजय कुमार शर्मा को प्रभारी सहायक खनन पदाधिकारी खान निदेशालय मुख्यालय रांची के पद पर पदस्थापित किया गया है। जिला खनन पदाधिकारी दुमका कृष्ण कुमार किस्कू को स्थानांतरित करते हुए जिला खनन पदाधिकारी साहिबगंज के पद पर पदस्थापित किया गया है।

www.epaper.azadsipahi.in
26 फरवरी, 2024
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, द्वितीय
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
सोमवार, वर्ष 09, अंक 127







# पीएम मोदी 41,000 करोड़ रुपये की आज देंगे सौगात

## 2000 रेल परियोजनाओं का होगा उद्घाटन-शिलान्यास

- 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की रखेंगे आधारशिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/हाजीपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से 41,000 करोड़ रुपये से अधिक की लगभग 2,000 रेलवे बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री रेलवे स्टेशनों पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व पर जोर देने के प्रयास के तहत एक बड़े कदम के रूप में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास करेंगे। 27 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित इन स्टेशनों का 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकास किया जायेगा। ये स्टेशन शहर के दोनों किनारों को एक साथ मिलाते हुए शहर के केंद्र के रूप में कार्य करेंगे। इन स्टेशनों पर आधुनिक यात्री सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इनमें छत प्लाजा, सुंदर भूदृश्य, इंटर मॉडल कनेक्टिविटी, बेहतर आधुनिक फसाड, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियोस्क, फूड कोर्ट आदि शामिल हैं। साथ ही, इन्हें पर्यावरण और दिव्यांगों के अनुकूल पुनर्विकसित किया जायेगा। इन स्टेशन भवनों की डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगी। प्रधानमंत्री उत्तरप्रदेश में गोमती नगर स्टेशन का उद्घाटन करेंगे। 385 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्विकास किया गया है। भविष्य में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान सुविधाओं को अलग कर दिया गया है। आधुनिक यात्री सुविधाएं जैसे एयर कॉनकोर्स, कंजेशन फ्री सर्कुलेशन, फूड कोर्ट और ऊपरी और निचले बेसमेंट में पर्याप्त पार्किंग स्थान है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री 1500 रोड ओवरब्रिज और अंडरपास का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे।





### मोदी ने समुद्र में डूबी द्वारका नगरी के किये दर्शन

द्वारका (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के दौरे पर हैं। अपने दौरे के तहत प्रधानमंत्री ने द्वारकाधीश मंदिर में पूजा अर्चना की। साथ ही समुद्र में डूबी प्राचीन द्वरिका नगरी के भी दर्शन किये। द्वारका नगरी के दर्शन के बाद पीएम मोदी ने कहा कि ये सिर्फ समुद्र में एक डुबकी नहीं थी, बल्कि समय यात्रा थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि पानी में डूबी द्वारका नगरी में प्रार्थना करना आलौकिक अनुभव रहा। मुझे आध्यात्मिक वैभव और शाश्वत भक्ति के एक प्राचीन युग से जुड़ाव महसूस हुआ। भगवान श्रीकृष्ण हम सभी को आशीर्वाद दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका नगरी के दर्शन से भारत की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक जड़ों का दुर्लभ और गहरा संबंध अनुभव हुआ। द्वारका नगरी भगवान श्रीकृष्ण से जुड़ी हुई है और कभी भव्यता और समृद्धि का केंद्र थी। यह सिर्फ पानी में एक डुबकी ही नहीं थी, बल्कि समय यात्रा थी, जो नगरी के गौरवशाली अतीत और हिंदू धर्म के सबसे प्रतिष्ठित देवताओं में से एक के साथ इसके जुड़ाव को दर्शाती है। प्रधानमंत्री ने आस्था के तहत द्वारका नगरी को मोर पंख भी अर्पित किये।

### तीन महीने मन की बात नहीं होगी: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेडियो प्रोग्राम मन की बात के 110वें एपिसोड में नारी-शक्ति के योगदान को नमन किया। मोदी ने कहा कि महाकवि भारतियार जी ने कहा है कि विश्व तभी समृद्ध होगा, जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी-शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नयी ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने रविवार के एपिसोड में ड्रोन दीदी से बात की। मोदी ने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा था कि हमारे देश में, गांव में रहनेवाली महिलाएं भी ड्रोन उड़ायेंगी। लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज तो गांव-गांव में ड्रोन दीदी की इतनी चर्चा हो रही है, हर किसी की जुबान पर नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी ये चल पड़ा है। हर कोई इनके विषय में चर्चा कर रहा है। वहीं, प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि अगले तीन महीने मन की बात का प्रसारण नहीं होगा। राजनीतिक मर्यादा का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के इन दिनों में तीन महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा। कार्यक्रम रुक रहा है, देश की उपलब्धियां नहीं रुक रहीं।

### झारखंड के 18 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नवीनीकरण होगा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के 18 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नवीनीकरण होगा। इसके अलावा, अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड में 44 रोड ओवरब्रिज एवं अंडरपास भी बनाये जायेंगे। रेल विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत झारखंड में टाटानगर, चक्रधरपुर, गम्हरिया, सिनी, चाइबासा, डांगोपोसी, बड़ाजामदा, बालसिरिंग, बानो, गंगाघाट, रामगढ़ कैंट, गोविंदपुर रोड, ओरगा, मुरी, सिल्ली, लोहरदगा, टाटीसिलवे और नामकुम का पुनर्विकास होगा।

### झारखंड को मिला स्वास्थ्य क्षेत्र में तोहफा

अहमादाबाद (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र ने मोदी रविवार को झारखंड को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ी सौगात दी। उन्होंने सात जिलों में नौ स्वास्थ्य परियोजनाओं की नींव रखी। इनमें चार जिलों रांची के रिम्स, गढ़वा और पाकुड़ के जिला अस्पतालों में 50-50 बेड के क्रिटिकल केयर बिल्डिंग का शिलान्यास किया। वहीं गिरिडीह जिला अस्पताल में 100 बेड के क्रिटिकल केयर बिल्डिंग की नींव रखी। मोदी ने फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज दुमका और कोडरमा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध बीएससी नर्सिंग कॉलेज का भी शिलान्यास किया। वहीं देवघर जिले में सारठ, सोनाराय तरही और मार्गो मुंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की भी आधारशिला रखी।

## सीएम ने आवास योजना के लाभुकों को बांटे स्वीकृति पत्र

# झारखंड के नव निर्माण में बढ़ेगा हर व्यक्ति : चंपाई

- मुख्यमंत्री ने बरहेट में साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ के 24,532 लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र
- डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त की राशि भी हस्तांतरित की



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि वीरों और उलगुलान की इस धरती से आपको विश्वास दिलाता हूं कि हम अपने शहीदों और आंदोलनकारियों के सपनों का झारखंड बनायेंगे। इस प्रदेश को इस तरह संवारेंगे कि यहां किसी के साथ कोई भेदभाव और अन्याय नहीं होगा। सभी को पूरे मान-सम्मान के साथ हक-अधिकार प्राप्त होगा। झारखंड का नव निर्माण इस तरह करेंगे, जहां हर व्यक्ति को आगे बढ़ने का मौका होगा। मुख्यमंत्री रविवार को साहिबगंज जिले के बरहेट स्थित भोगनाडीह में आयोजित अबुआ आवास योजना के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**मुख्यमंत्री ने केंद्र पर साधा निशाना:** मुख्यमंत्री ने कहा कि एक अलग राज्य बनने के बाद 19 वर्षों तक झारखंड को जो अधिकार और सुविधाएं मिलनी चाहिए, वह नहीं मिलीं। इस राज्य के साथ केंद्र हमेशा भेदभाव करता रहा। 2019 में जब हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी, तो हम अपने अधिकार के लिए केंद्र से लगातार मांग करते रहे और आवाज उठाते रहे। लेकिन इसका सार्थक नतीजा नहीं निकला। मुख्यमंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन ने राज्य को नयी दिशा देने की कोशिश की। समाज में बदलाव के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की गयीं। आज हम अपने इस पूर्व मुख्यमंत्री की राह पर चल कर उन्हीं की सोच के अनुरूप झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम कर रहे हैं।

**वर्ष 2027 तक 20 लाख परिवार का होगा पक्का मकान:** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने बलबूते 20 लाख गरीब और जरूरतमंद लोगों को अबुआ आवास योजना के तहत 2027 तक सभी को पक्का मकान उपलब्ध करा दिया जायेगा। पहले चरण में दो लाख लाभार्थियों को आवास का स्वीकृति पत्र और पहली किस्त की राशि दी जा चुकी है।

**हमारी योजनाओं से हो रहा सकारात्मक बदलाव:** मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस घर में शिक्षा का दीया जलेगा, वह कभी अंधेरे में नहीं रहेगा। हमारी सरकार ने राज्य के बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए कई कदम उठाये हैं। योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार की जो भी योजनाएं और नीतियां है, उसका सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। हमारी सरकार अब 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने जा रही है।

**24,532 लाभुकों को मिला स्वीकृति पत्र:** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर साहिबगंज, पाकुड़ और गोड्डा जिला के 24,532 परिवार को आवास का स्वीकृति पत्र दिया और इनके खाते में डीबीटी के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 73 करोड़ 59 लाख 60 हजार रुपये की राशि हस्तांतरित किया। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सांसद विजय हांसदा, विधायक स्टीफन मरांडी, प्रदीप यादव एवं दीपिका पांडेय, पूर्व मंत्री हेमलाल मुर्मू, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे समेत अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद थे।

### समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रही सरकार

मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत समाज और सशक्त राज्य तभी बनेगा, जब हर वर्ग और तबके के व्यक्ति को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इसी सोच के साथ हमारी सरकार काम कर रही है। आज समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सरकार पहुंच रही है। डीसी-एसपी से लेकर बीडीओ-सीओ आपके दरवाजे पर पहुंचकर समस्याओं को सुन कर उसका समाधान कर रहे हैं। यह सिलसिला निरंतर जारी रहेगा जब तक कि समाज का हर व्यक्ति सशक्त नहीं जाता है।

### हम अपनी बुनियाद को कर रहे मजबूत

चंपाई ने कहा कि झारखंड का जो आर्थिक-सामाजिक-भौगोलिक परिवेश है, उसी के अनुरूप योजनाओं को बना कर धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। हम अपनी आर्थिक-सामाजिक शैक्षणिक और स्वास्थ्य जैसी उन सभी व्यवस्थाओं को मजबूत कर रहे हैं, जिसकी बदौलत यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़े, गरीब और जरूरतमंद आगे बढ़ सकें।

## न्यूज रील्स

### इडी ने हीरानंदानी ग्रुप के प्रमोटर्स को भेजा समन

मुंबई। इडी ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन मामले में पूछताछ के लिए हीरानंदानी समूह के प्रमोटर्स निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को 26 फरवरी को तलब किया है। हालांकि, वह अपने किसी प्रतिनिधि के जरिए भी अपना जवाब देने का विकल्प चुन सकते हैं। दर्शन हीरानंदानील पिछले कई वर्षों से दुबई में रह रहे हैं। एजेंसी ने पिछले हफ्ते विदेशी विनिमय प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत हीरानंदानी समूह के मुंबई और आसपास के चार परिसरों की तलाशी ली थी।

### 2017 से 2022 तक हिरासत में 270 से ज्यादा रेप

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने एक डाटा जारी किया है। इसके मुताबिक साल 2017 से 2022 के दौरान हिरासत में रेप के 270 से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं। महिला अधिकार कार्यकर्ताओं ने इन केस के लिए लॉ एनफोर्समेंट सिस्टम में संवेदनशीलता और जवाबदेही की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। रेप के आरोपियों में पुलिसकर्मी, पब्लिक सर्वेंट, आर्मड फोर्स के मेंबर जेल का स्टाफ, रिमांड होम स्टाफ , जिन जगहों पर हिरासत में लिया गया वहां के लोग और अस्पतालों का स्टाफ शामिल है।

### 22 साल से फरार सिमी आतंकी हनीफ शेख गिरफ्तार

नयी दिल्ली। स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) का आतंकी हनीफ शेख को 22 साल बाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 47 साल का हनीफ कई युवाओं को आतंकी ट्रेनिंग देता था और प्रतिबंधित संगठन की मैगजीन का एडिटर भी था। उसको 2002 में भगोड़ा घोषित किया गया था। तब से वह फरार था। उसे महाराष्ट्र के भुसावल से पकड़ा गया है। वहां हनीफ पहचान छिपाकर एक उर्दू स्कूल में टीचर बन गया था।

## थाना में युवक की मौत मामले में एसपी ने की कार्रवाई

# एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट पर दो जमादार और मुंशी सस्पेंड

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना हाजत में युवक अनिकेत की मौत पर एसपी ने पूरे मामले की निष्पक्षता से जांच करायी। एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट के बाद एसपी ने दो जमादार और एक मुंशी को निलंबित कर दिया। रविवार को एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद ने इस मामले की जांच रिपोर्ट सौंपी है। उस रिपोर्ट में घटना के समय मौजूद पदाधिकारियों की लापरवाही सामने आयी है। एसडीपीओ की जांच रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है कि एएसआइ संजय कुमार सिंह, ऑन ड्यूटी ऑफिसर एएसआइ उदय यादव और मुंशी प्रताप कुमार ड्यूटी के प्रति लापरवाह थे।

### सीआइडी ने मामले को किया टेकओवर

एसपी पीयूष पांडेय ने बताया कि इस प्रकरण की न्यायिक जांच सीजेएम अपने स्तर से करायेंगे। इसे लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अधिकृत किया है। पुलिस इस मामले में किसी भी स्तर पर कोताही बरतना नहीं चाह रही है। सारे प्रोटोकॉल के अलावा इस मामले की निष्पक्षता से जांच करने के लिए सीआइडी ने मामले को टेकओवर कर लिया है। मृतक के परिजनों के प्रति पुलिस प्रशासन की पूरी सहानुभूति है। संलिप्तत लोगों पर कार्रवाई की जायेगी।

# संदेशखाली: डर से महिलाएं हो गयीं चुप

## फैक्ट फाइंडिंग टीम को घटनास्थल जाने से पुलिस ने रोका

- छह सदस्यों को ढाई घंटे हिरासत में रखा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** संदेशखाली में अपने ऊपर किये जा रहे अत्याचार की आवाज उठानेवाली महिलाएं अब बात करने से भी डर रहीं। वहीं, अन्य महिला और पुरुष ने भी चुप्पी साध रखी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आवाज उठाने या कुछ बोलने वालों पर हमले हो रहे हैं। महिलाओं को चुप रहने की धमकी मिल रही है। उधर, बंगाल के हिंसा प्रभावित संदेशखाली जा रही सिविल सोसायटी फैक्ट फाइंडिंग टीम को रविवार सुबह साउथ 24 परगना में आगे जाने के पुलिस ने रोक दिया। टीम के छह सदस्यों को ढाई घंटे हिरासत में रखा गया। दोपहर बाद उन्हें छोड़ा गया। पुलिस का कहना था कि टीम के लोग बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे। फैक्ट फाइंडिंग टीम में पटना हाइकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल नरसिम्हा रेड्डी, ओपी व्यास, चारु वली खन्ना, भावना बजाज, राजपाल सिंह और संजीव नायक शामिल हैं। टीम को जब संदेशखाली जाने से रोका गया, तो सदस्य वहीं धरना देने लगे। इसके बाद पुलिस उन्हें मुख्यालय लेकर गयी। टीम ने कहा कि राज्यपाल और केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामले को लेकर बात करेंगे।

## भारत-इंग्लैड टेस्ट का तीसरा दिन

# सीरीज जीतने से 152 रन दूर भारत

- इंग्लैड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर सिमटी
- भारत ने पहली पारी में 307 रन बनाये




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में खेला जा रहा है। टीम इंडिया ने तीसरे दिन रविवार को स्टंप्स तक बगैर किसी नुकसान के 40 रन बना लिये हैं। इंग्लैंड की टीम तीसरे दिन की दूसरी पारी में 145 रन पर ऑल आउट हो गयी। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला। तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 24 और यशस्वी जायसवाल 16 रन बना कर नॉटआउट हैं। अब भारतीय टीम मैच जीतने से 152 रन दूर है। भारत पांच टेस्ट मैचों में 2-1 से आगे है। इस मैच के जीतने से भारत का सीरीज पर कब्जा हो जायेगा।

टीम इंडिया ने शनिवार को खेल समाप्त होने तक पहली पारी में 7 विकेट पर 219 रन बनाये थे। ध्रुव जुरेल 30 और कुलदीप यादव 17 रन पर खेल रहे थे। दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने तीसरे दिन सुबह खेल को आगे बढ़ाया। भारतीय टीम 307 रन पर ऑल आउट हुई। इसके बाद इंग्लैड के बल्लेबाज दूसरी पारी खेलने के लिए मैदान में उतरे। भारतीय गेंदबाज अश्विन और कुलदीप यादव ने किसी भी बल्लेबाज को ज्यादा देर पिच पर टिकने नहीं दिया। इंग्लैड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर ऑल आउट हो गयी। अश्विन ने पांच विकेट और कुलदीप यादव ने चार विकेट लिये। वहीं, जडेजा ने एक विकेट लिया। अब चौथे दिन भारतीय टीम जीत की ओर कदम बढ़ायेगी। इस मैच की खास बात यह रही कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट में 4000 रन पूरे हो गये हैं। वहीं, अश्विन ने अनिल कुंबले का रिकार्ड तोड़ते हुए टेस्ट मैच में भारत की ओर से सबसे अधिक 354 विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गये। कुंबले के नाम 350 विकेट दर्ज है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.4 °c | 14.3 °c |
| सूर्यास्त (आज) | : | 17.49 बजे |
| सूर्योदय (कल) | : | 06.14 बजे |

### विभिन्न दलों के कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

# केंद्र सरकार के खिलाफ जन आंदोलन का आगाज : चंपाई

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। विभिन्न सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के युवा-महिलाओं ने झामुमो का दामन रविवार को थामा। मुख्यमंत्री आवास में आयोजित मिलन समारोह में दिशोम गुरु शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन के नेतृत्व के प्रति आस्था व्यक्त की गयी। साथ ही मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के समक्ष झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुश्ताक आलम के नेतृत्व में सभी ने झामुमो की सदस्यता ली।

सीएम चंपाई सोरेन ने सभी को पार्टी का पट्टा पहना कर स्वागत किया। कहा कि आंदोलनकारियों के कारण हमें झारखंड राज्य मिला है और जिस तरीके से युवा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्य कर रहे थे, सुदूर गांव में भी हर एक घर तक योजना पहुंचाने का काम कर रहे थे। इसी को देखते हुए केंद्र की भाजपा सरकार ने साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। मिलन समारोह एक जन आंदोलन की शुरुआत है। आनेवाले दिनों में यह बड़ा रूप लेगा।

**ये रहे उपस्थित :** राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, केंद्रीय सदस्य सुशीला एक्का, जिला उपाध्यक्ष अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, रामानंद बेदिया, रामशरण तिर्की, डॉ तालकेश्वर महतो, जिला प्रवक्ता अरविंद सिंह देवल, बबलू राम और अन्य उपस्थित थे।



#### आनेवाले दिनों में बड़ा आंदोलन: विनोद पांडेय

केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि आनेवाले दिनों में नये सदस्यों के साथ भी पार्टी हर स्तर पर केंद्र सरकार की तानाशाही के विरोध में लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। कार्यकर्ताओं का साथ लेकर झारखंड को विकास की उन्नति तक पहुंचाने में झामुमो पीछे नहीं हटेगा।

#### जनहित में आवाज बुलंद करेंगे: मुश्ताक

जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने जिस तरीके से हेमंत सोरेन को प्रताड़ित कर जेल भेजने का काम किया है। आज इसी क्रम में भारी तादाद में युवा और महिलाएं पार्टी में शामिल हुए। आनेवाले दिनों में यह सिलसिला जारी रहेगा। निरंतर लोगों को पार्टी से जोड़ कर झारखंड की जनता के हित में आवाज को बुलंद करेंगे।

# लैंपस-पैक्स कर्मियों के समक्ष भुखमरी का संकट

### कर्मचारी संघ ने सीएम से लगायी फरियाद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्य के लैंपस-पैक्स कर्मियों के सामने लगातार चुनौती खड़ी हो रही है। लैंपस-पैक्स कर्मचारी संघ के मुताबिक कर्मियों को सरकार द्वारा निर्धारित दर पर न्यूनतम मजदूरी का भुगतान भी नहीं हो रहा है। स्थायीकरण नहीं किया गया है। यह सब तब है, जब झारखंड हाइकोर्ट से भी इस संबंध में कहा जा चुका है। मार्च 2018 में कोर्ट ने आदेश देते हुए लैंपस-पैक्स में नियमित रूप से कार्यरत कर्मियों को न्यूनतम दर पर मजदूरी भुगतान को निबंधक सहयोग समितियां को कहा था। समान कार्य के लिए समान वेतन दिये जाने को भी कहा था। इस पर अब तक अंतिम रूप से काम नहीं होने से कर्मियों और उनके परिजनों के सामने भुखमरी तक का संकट आ गया है। अब सीएम से फरियाद लगायी गयी है। झारखंड राज्य लैंपस-पैक्स कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार दत्ता के मुताबिक लैंपस-पैक्स के कई कर्मी वर्षों से किसानों के हित में सरकार या विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का कार्य करते आ रहे हैं। किसानों को लोन दिलाना, लोन की वसूली, खाद-बीज मुहैया कराना, किसानों का पंजीयन कराना, धान अधिप्राप्ति करना, जमावृद्धि व्यवसाय करना, फसल बीमा कराना सहित कई काम किये जाते हैं। बावजूद इसके किसान हित में कई कार्यों को कर रहे कर्मियों को अब तक सरकार के द्वारा न्यूनतम मजदूरी का भुगतान नहीं हुआ है। सरकार को चाहिए कि वह लैंपस-पैक्स की उप विधि में संशोधन करे, कर्मियों के लिए नियमावली बना कर उन्हें स्थायी करने की दिशा में पहल करे। कोर्ट के द्वारा पारित आदेश के आधार पर बजटीय प्रावधान के तहत न्यूनतम मजदूरी मिले। पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल में कर्मियों को विभाग के द्वारा वेतनमान दिया जाता है। यहां आंगनबाड़ी वर्कर, सहिया, जल सहिया को मानदेय है, पर लैंपस-पैक्स के कर्मियों को नहीं। राज्य सरकार इस पर आगे बढ़े, वरना संघ धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होगा।



### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** नौकरी में उच्चाधिकारियों से अनावश्यक वाद-विवाद,उलझन होने की संभावना।

**वृष** बनते कार्य में रुकावटे खड़ी होगी। जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेंचीदा मामलों में हाथ न डालें।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा। कामकाज अच्छा चलेगा.आमदनी बढ़ेगी, कर्ज की स्थिति में सुधार होगा।

**कर्क** परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी। मानसिक चिंता रहेगी।

**सिंह** अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे। किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

**कन्या** आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा और आपकी प्रगति होगी।

**तुला** आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी, नया काम शुरू होने में अब कोई देर नहीं।

**वृश्चिक** संतान पक्ष के लिये खर्च होगा। यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा, लेखन-पठन-पाठन में रूचि।

**धनु** अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो, ऐसी इच्छा की पूर्ति होने का सिलसिला प्रारंभ होगा।

**मकर** अपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों से आप संबन्ध बनाने की चेष्टा करें उनसे चल रहे समस्या का समाधान मिलेगा।

**कुंभ** आवश्यक कार्यों के सम्पादन में आपकी अपनी सूझबूझ प्रशंसनीय होगी। मित्रों से प्रेम और सहानुभूति मिलेगी।

**मीन** आपने जिस पर भी भरोसा किया होगा ऐसा व्यक्ति आपके विरोध में कार्य करेगा, लेकिन आपको किसी तरह का नुकसान नहीं होगा।

# साजिश के तहत हेमंत को भेजा गया जेल: बैद्यनाथ

### लातेहार के झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया उपवास

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को लातेहार जिला झामुमो इकाई का एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम मोहराबादी मैदान के बापू वाटिका में हुआ। इसकी अध्यक्षता लातेहार जिलाध्यक्ष लालमोती नाथ शाहदेव ने की। कार्यक्रम में हेमंत है तो हिम्मत है और जेल का फाटक टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा के नारे लगाये गये।

मौके पर लातेहार विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजा गया है। केंद्र सरकार स्वतंत्र जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर रही है। झारखंड में चुनी हुई एक लोकप्रिय सरकार को अस्थिर करने का कुत्सित प्रयास किया गया। आगामी चुनावों में झारखंड की जनता इसका माकूल जवाब देगी।

**हेमंत की लोकप्रियता से घबरा गयी मोदी सरकार: शाहदेव :** जिलाध्यक्ष लालमोती नाथ शाहदेव ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार बेहतर कार्य कर रही थी। जनता के बीच जन कल्याणकारी योजनाओं को लेकर जा रही थी। सरकार की लोकप्रियता दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही थी। इससे भाजपा घबरा गयी और केंद्र में बैठी मोदी सरकार ने एक साजिश के तहत हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया, लेकिन प्रदेश की जनता सब जान गयी है। जिस प्रकार झूठे आरोपों में एक आदिवासी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया, उसे प्रदेश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। उपवास कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य अरुण दुबे, दीपू कुमार सिन्हा, समसुल होदा, शीतमोहन मुंडा, जिला परिषद सदस्य बुद्धेश्वर उरांव, जीरा देवी, चंचला देवी समेत अन्य शामिल थे।




### राजधानी के 144 ट्रैफिक पुलिसकर्मी इधर से उधर

**रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के विभिन्न ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात 144 पुलिसकर्मियों को इधर से उधर किया गया है। इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया गया है। चुटिया, कोतवाली, यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 37 पुलिसकर्मी, जगरनाथपुर यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 51, गोंदा यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 31 और लालपुर यातायात थाना के विभिन्न पोस्ट पर 25 पुलिसकर्मी को प्रतिनियुक्त किया गया है। बता दें कि बीते साल दिसंबर में यातायात में प्रतिनियुक्त सभी पुलिस पदाधिकारी, कर्मियों को एक पोस्ट से दूसरे पोस्ट पर स्थानांतरण का पुलिस मेंस एसोसिएशन की रांची शाखा ने आग्रह किया था।**

# पीएम के मन की बात राष्ट्रीयता की भावना से ओत-प्रोत: दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने रविवार को खिजरी विधानसभा अंतर्गत वार्ड संख्या 40 के बूथ संख्या 358 में पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के साथ प्रधानमंत्री मन की बात को सुना। मौके पर श्री प्रकाश ने कहा कि हम सब के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि देश को एक ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जो न सिर्फ राजनीति बल्कि महत्वपूर्ण पहलुओं पर देश की जनता से सीधे संवाद स्थापित करते हैं। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के विभिन्न क्षेत्रों में कई सामाजिक सुधार हुए हैं। श्री मोदी ने पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से मतदान करने का आग्रह किया है। दीपक प्रकाश ने कहा कि भारत को जोश और ऊर्जा से भरी युवा शक्ति पर गर्व है। युवा चुनावी प्रक्रिया में जितनी अधिक भागीदारी करेंगे, इसके नतीजे देश के लिए उतने ही लाभकारी होंगे। प्रधानमंत्री ने देश की भाषा-संस्कृति को संरक्षण करनेवाले लोगों की चर्चा करके लोगों में इस दिशा में और कार्य करने की ऊर्जा सृजित की। श्री प्रकाश ने कहा कि प्रधानमंत्री ने माणिकास्तु एग्रो योजना के माध्यम से बकरी पालन और रोजगार सृजन के साथ वन्य जीवों की भलाई के लिए हो रहे इनोवेशन पर चर्चा की, जो ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार उत्पन्न करने में एक मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर केके गुप्ता, पंकज शाहदेव, उमेश यादव, सामाजिक कार्यकर्ता मेघा उरांव सहित अन्य उपस्थित थे।



### रांची में कुड़मी हुंकार महारैली, शीतल ओहदार ने कहा

# कुड़मी को आदिवासी जैसा ही हक मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। कुड़मी जाति को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने को लेकर रविवार को मोरहाबादी मैदान में हुंकार महारैली का आयोजन किया गया। महारैली की शुरुआत भूमि पूजा और झंडा गड़ी करके किया गया। महारैली में झारखंड के विभिन्न जिलों से कुड़मी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा, पारंपरिक नाच-गान, छऊ नृत्य, झूमर, नटुआ-घोड़ा नाच और गाजे-बाजे के साथ मोरहाबादी पहुंचे।

इस दौरान टोटेमिक कुड़मी समाज के मुख्य संयोजक शीतल ओहदार ने कहा कि यह महारैली टेलर मात्र है। कुड़मी समाज को आदिवासी समाज जैसा ही हक-अधिकार देना होगा। अपने हक के लिए कुड़मी समाज काफी दिनों से लड़ाई लड़ रहा है। केंद्र सरकार अविलंब टोटेमिक कुड़मी को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करे, अन्यथा आगामी चुनाव में परिणाम देखने को मिल जायेंगे। इस मांग को लेकर झारखंड का पूरा कुड़मी समाज गोलबंद है।

ओहदार ने कहा कि कुड़मी समाज न सिर्फ गोलबंद है, बल्कि इस महारैली में अपनी शक्ति का प्रदर्शन किये। राज्य में 30 विधानसभा और सात लोकसभा में कुड़मी बहुल क्षेत्र है। महतो समाज के वोट पर ही यहां की जीत निर्भर है। इसके बावजूद कुड़मियों को सिर्फ वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, लेकिन अब कुड़मी समाज जग चुका है। अब कुड़मी को राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षणिक हिस्सेदारी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब कुड़मी समाज संवैधानिक अधिकार के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ेगा। इसके लिए कुड़मी समाज के लोगों को एकजुट होना होगा। महारैली में रामपोदो महतो, लालटु महतो, ओम प्रकाश महतो, राजेंद्र महतो, सखीचंद महतो, दनी सिंह महतो, कपिलदेव महतो, गिरिधारी महतो, हेमलाल महतो, रचिया महतो, थानेश्वर महतो सहित अन्य मौजूद थे।



# कोरियाइ कंपनी सैमसंग के 13 इंजीनियर पढ़ेंगे हिंदी



#### झारखंड की कला-संस्कृति से भी होंगे रू-ब-रू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में दक्षिण कोरिया की कंपनी सैमसंग के 13 सॉफ्टवेयर इंजीनियर हिंदी भाषा की पढ़ाई करेंगे। कोरिया की हंगकू स्टडी यूनिवर्सिटी और सीयूजे के बीच हुए एमओयू के आधार पर इन इंजीनियरों को इसका लाभ मिलेगा। केंद्रीय यूनिवर्सिटी के फार इस्ट लैंग्वेज विभाग में ये चयनित इंजीनियर पढ़ेंगे। इस संबंध में हंगकू यूनिवर्सिटी ने कंपनी से आने वाले इंजीनियर्स की सूची केंद्रीय यूनिवर्सिटी को सौंप दी है। ये इंजीनियर्स हिंदी के अलावा भारतीय संस्कृति, खासकर झारखंड की संस्कृति के बारे में भी समझने का प्रयास करेंगे। फार इस्ट लैंग्वेज डिपार्टमेंट के प्रोफेसर और प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर शशि कुमार मिश्रा के मुताबिक केंद्रीय यूनिवर्सिटी के वीसी के आदेश पर इस प्रोग्राम के तहत झारखंड की आदिवासी कला-संस्कृति से संबंधित कक्षाएं भी इंजीनियरों के लिए आयोजित की जायेंगी। वीसी प्रो केबी दास ने कहा कि आने वाले दिनों में और भी बहुत कुछ दिखेगा।

# पांच बोरिंग, आठ टंकी समेत चबूतरा का उद्घाटन

### सांसद महुआ माजी के कोष से हुआ है निर्माण कार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची शहरी क्षेत्र वार्ड 18 के अंतर्गत थड़पखना के 18, राधागोविंद स्ट्रीट, कान्वेंट स्ट्रीट, साउथ समाज स्ट्रीट और चुटिया के कृष्णपुरी रोड नंबर एक और दो में बने पांच बोरिंग आठ टंकी सहित चबूतरा का उद्घाटन सांसद डॉ महुआ माजी ने रविवार को किया। इसका निर्माण राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी के निधि कोष से कराया गया है। महुआ माजी ने कहा कि समस्याओं में आपके साथ खड़ी हूं। समस्या के निराकरण का प्रयास करूंगी। मौके पर सोमवित माजी, मंटू पांडेय, रामशरण विश्वकर्मा, संध्या गुड़िया, रोमा सरकार, लीना वर्मा, रवि जयसवाल, नितेश गुप्ता, रणधीर वर्मा, विशाल गुप्ता, नरेश प्रसाद गुप्ता, ललिता, प्रियंका गुप्ता, पुष्पा देवी, शीला वर्मा, विमला देवी, मंजू देवी, उषा देवी समेत अन्य मौजूद थे।



# नेहरू युवा केंद्र ने किया सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नेहरु युवा केंद्र, खेल मंत्रालय, एनएसएस रांची विश्वविद्यालय के तत्वावधान में पत्रकारिता विभाग में सड़क सुरक्षा सप्ताह का समापन हुआ। इसमें सबसे पहले प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। इसके बाद सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान हुई प्रतियोगिता में चयनित को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया गया। इसमें विधायक सीपी सिंह, कुलपति डॉ अजीत सिन्हा, संजीव विजयवर्गीय, किशोर मंत्री, डॉ ब्रजेश कुमार, पत्रकारिता विभाग के निदेशक बीपी सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन केंद्र के उपनिदेशक सर्वेंद्र प्रताप सिंह और विवेकानंद यूथक्वेक फाउंडेशन के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल ने धन्यवाद यापन किया। मौके पर गौरव चुघ, श्रवण कुमार, डॉ ओमप्रकाश, रजनीश, प्रणय समेत अन्य उपस्थित थे।



# 28 को राष्ट्रपति के आगमन को लेकर सुरक्षा चाक-चौबंद

#### सीयूजे के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति देंगी चांसलर मेडल

#### 64 गोल्ड और 35 को मिलेगी पीएचडी की उपाधि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में 28 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शिरकत करेंगी। वह एक घंटे तक यूनिवर्सिटी के सभागार में रहेंगी। इस दौरान चांसलर मेडल समेत 64 गोल्ड मेडल और 35 पीएचडी डिग्री भी दी जायेगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची की सुरक्षा चाक-चौबंद कर दी गयी है। डीसी राहुल सिन्हा और एसएसपी खुद सुरक्षा की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में यूनिवर्सिटी के वीसी केबी दास ने बताया कि स्टूडेंस के लिहाज से दीक्षांत समारोह का अपना महत्व होता है। ऐसे में यूनिवर्सिटी के इस समारोह को लेकर भी उनमें खुशी का भाव है। इस दौरान 2021 और वर्ष 2022 में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट मिलेंगे। कुल उत्तीर्ण 1539 स्टूडेंट्स में से लगभग 917 ने समारोह के लिए पंजीकरण कराया है। झारखंड के राज्यपाल, सीएम, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और अन्य विशिष्ट अतिथि भी इस दौरान उपस्थित रहेंगे। इस दौरान राष्ट्रपति के हाथों तीन चांसलर



#### उपलब्धि: यूनिवर्सिटी की यह पहचान

प्रो केबी दास के मुताबिक यूनिवर्सिटी में नौ विद्यापीठ और 24 विभाग हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमुख शैक्षणिक कार्यक्रम स्नातक और पीजी कार्यक्रमों के अलावा 20 विषयों में पांच वर्षीय एकीकृत यूजी-पीजी है। यूनिवर्सिटी के प्रोग्राम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पाठ्यक्रम और क्रेडिट फ्रेमवर्क में परिकल्पित निर्देशों के अनुरूप विकसित किया गया है।

#### तैयारी: दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

राष्ट्रपति के कार्यक्रम को देखते हुए रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने न्यायिक दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। यह आदेश 28 फरवरी की सुबह आठ बजे से राष्ट्रपति के प्रस्थान के दो घंटे बाद तक प्रभावी रहेगा। इससे पहले 27 फरवरी को केंद्रीय विवि में राष्ट्रपति के कार्यक्रम को लेकर जानकारी दी जायेगी।

# वुशु लीग: 12 लाख कैश और पदकों पर नजर

#### महिला खिलाड़ी खूब दिखा रही दम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। खेलगांव स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इनडोर स्टेडियम में खेलो इंडिया सीनियर नेशनल वीमेन वुशु लीग में रविवार को पदकों की जोर-आजमाइश दिख रही है। इस प्रतियोगिता का आगाज शनिवार को किया गया था। प्रतियोगिता 27 फरवरी तक चलेगी, जिसमें महिला खिलाड़ी 12 लाख कैश अवार्ड और पदकों के लिए जोर आजमाइश करती दिखायी पड़ रही हैं। समापन के मौके पर खिलाड़ियों को पद और कैश अवार्ड दिया जायेगा। देश के विभिन्न जोन में आयोजित प्रतियोगिता में 256 खिलाड़ी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। लीग के सफलता पूर्वक संचालन के लिए 40 सदस्यों वाली तकनीकी समिति नियुक्त की गयी है।






# भाजपा प्रदेश चुनाव समिति ने चार नाम केंद्र को भेजा

**समीर उरांव, आशा लकड़ा, अरुण उरांव और जेबी तुबिद का भेजा गया है नाम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में राज्यसभा की दो सीटों के लिए 21 मार्च को मतदान होगा। बता दें, भाजपा से समीर उरांव और कांग्रेस से धीरज प्रसाद साहू का कार्यकाल पूरा हो रहा है। राज्यसभा चुनाव में भाजपा की ओर से कौन प्रत्याशी हो सकते हैं इस पर रविवार को प्रदेश चुनाव समिति की बैठक में चर्चा हुई। प्रदेश चुनाव समिति की यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी, दीपक प्रकाश, नीलकंठ सिंह मुंडा, केदार हाजरा, बालमुकुंद सहाय, आदित्य साहू, संजय सेठ, रविंद्र राय, विद्युत वरण महतो, आरती सिंह शामिल हुए। वैसे तो प्रदेश चुनाव समिति में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा और केंद्रीय राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी का नाम शामिल है, लेकिन वे इस बैठक में शामिल नहीं हो सके। वहीं इस बैठक में जानकारी के अनुसार, प्रदेश चुनाव समिति के समक्ष 4 नाम सामने आये हैं जिसमें सबसे पहला नाम समीर उरांव का है जबकि दूसरा नाम आशा लकड़ा, तीसरा नाम अरुण उरांव का और चौथा नाम जेबी तुबिद का सामने आया है। इन चार नामों को प्रदेश चुनाव समिति ने केंद्रीय चुनाव समिति को भेज दिया है।

# चुप नहीं बैठेंगे, अधिकार के लिए लड़ेंगे: राजेंद्र प्रसाद



**सदान मोर्चा का अधिकार मार्च कल, तैयारियां तेज**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के तत्वाधान में 27 फरवरी को मोरहाबादी मैदान में अधिकार मार्च होगा। इसे लेकर तैयारी तेज हो गयी है। इसी संदर्भ में रविवार को हुंडरू में बैठक की गयी। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि राज्य में बनने वाली सभी सरकार ने मूलवासी सदानों को दोयम दर्जा का नागरिक बना दिया है। अब हमलोग बर्दाश्त नहीं करेंगे। सरकारों ने मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने का काम किया। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि सदानों को अधिकार लेना है, तो संगठित होकर अधिकारों के लिए सड़क पर उतरना होगा, तभी मूलवासी सदानों को अधिकार मिलेगा। लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम राजनीतिक दल कर रहे हैं। सदानों की आबादी 65 प्रतिशत है, लेकिन हम अपने वोट का महत्व को नहीं समझ पाये, जिसका लाभ राजनीतिक दल उठा रहे हैं। आरती कुमारी ने कहा कि जेएसएससी सीजीएल प्रश्न पत्र लीक होने से झारखंडी और सदानों का अधिकार मारा गया। बैठक में लक्ष्मण साहू, आरती देवी, आरती कुमारी, शांति कुमारी, संजू देवी, रेखा कुमारी, शेफाली देवी, सोनी देवी, बुधनी देवी, सुनीता देवी, मंजू देवी, वीणा देवी, सीता देवी, दुर्गा देवी, सुलेखा, तिलेश्वरी देवी, कुर्मी देवी, कमला देवी समेत अन्य मौजूद थे।

**सदान एकता रैली को लेकर झांकी निकाली गयी**

**रांची।** सदान विकास पार्टी की सदान एकता रैली को लेकर जुलूस रविवार को निकाला गया। राजेंद्र प्रसाद साहू के नेतृत्व में रैली जयपाल सिंह स्टेडियम से लेकर अल्बर्ट एक्का चौक तक निकला। मौके पर धनंजय वर्मा, मंजूर अंसारी, मो एजाज आलम, डॉ प्रदीप कुमार साहू, आरती यादव, मो फैजल अंसारी, मो जुबेर, रामेश्वर महतो समेत अन्य उपस्थित थे।

# भूल के कारण भुइयां समाज को सरकारी लाभ नहीं: बंधु

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने रविवार को आवास पर अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात की। श्री तिर्की को जानकारी दी कि लिपिकीय भूल और प्रशासनिक लापरवाही के कारण भुइयां समाज के अधिकांश लोगों विशेषकर पाइक खंडित और खंडित पाइक आदि को खतियान में गलत स्वरूप में अंकित करने के कारण लोगों को सरकार द्वारा सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्री तिर्की ने आश्वासन दिया कि इस संदर्भ में वे अपने स्तर से प्रयास करेंगे। इधर, बंधु तिर्की ने चामा में ग्रामीणों के साथ बैठक की। श्री तिर्की को जानकारी दी गयी कि बंदर, नीलगाय, जंगली सूअर आदि का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इसके कारण फसलों को नुकसान हो रहा है।

**चुनाव पर मंथन : भाजपा कार्यालय में प्रदेश स्तरीय बैठक**

# हर बूथ पर 370 वोट जोड़ें : कर्मवीर सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी के विभिन्न विभागों एवं प्रकोष्ठों की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रकोष्ठ एवं विभागों के प्रदेश संयोजक एवं सह संयोजक गण उपस्थित थे। संचालन प्रदेश महामंत्री डॉ प्रदीप वर्मा ने और धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री एवं प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख मनोज सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने सभी विभाग एवं प्रकोष्ठ के दायित्वों, कार्यक्रमों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। श्री सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। अपने विभाग के कार्यकर्ताओं के साथ बूथों पर सक्रियता को बढ़ाते हुए हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाकर भाजपा के पक्ष में 370 लोकसभा की सीट और एनडीए के खाते में 400 पार के संकल्प को पूरा करें। उन्होंने कहा कि बूथ पर अतिरिक्त 370 वोट और देश में 370 लोकसभा सीट जीताना डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

उन्होंने कहा कि फिर एकबार मोदी सरकार के लिए देश की जनता मन बना चुकी है। हमें उनके दरवाजे पर मोदी सरकार की उपलब्धियों को लेकर जाना है। बैठक में शिवपूजन पाठक, सुबोध सिंह गुड्डू, योगेंद्र प्रताप सिंह, अशोक बड़ाइक, अजय मारू, राहुल अवस्थी, विवेक विकास, पंकज श्रीवास्तव, सूरज चौरसिया, राजेश शुक्ला, संजीव विजयवर्गीय, रविनाथ किशोर, उमाशंकर केडिया, मृत्युंजय शर्मा, लक्ष्मी चंद्र दीक्षीत, नीरज सिंह, अमित नाथ चरण, राजश्री जयंती, जयश्री इंदवार , डॉ रामाधीन, डॉ तान्या, लक्ष्मी कुमारी, सुधीर श्रीवास्तव, दीपक सिन्हा, सतीश सिन्हा अनील महतो, चंद्र प्रकाश, स्वामी देवेंद्र प्रकाश, जेपी शर्मा, चंदन कुमार, राजू चौधरी सहित कई उपस्थित थे।

# शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक क्षेत्र में उत्थान के लिए समाज एक हो : राधाकृष्ण किशोर

**रांची में पासवान महासम्मेलन का आयोजन हुआ**

**जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित हो : बैद्यनाथ राम**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची के हरमू मैदान में रविवार को पासवान महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें राज्य के विभिन्न हिस्सों से पासवान समाज के लोगों का महाजुटान हुआ। महासम्मेलन से पहले एक भव्य शोभायात्रा हरमू मैदान से अरगोड़ा चौक होते हुए वापस हरमू मैदान पहुंची। पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अबतक अनुसूचित जाति समाज के लोगों जो सम्मान मिलना चाहिए वह नहीं मिला है। सभी लोगों का प्रयास है कि शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, और राजनीतिक क्षेत्र में समाज के उत्थान के लिए समाज एक हो। सरकार संविधान में प्रदत्त अधिकार के तहत बजट में विशेष प्रावधान करें। उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्र में छात्राओं के लिए आवासीय विश्वविद्यालय की व्यवस्था करें। विधायक बैद्यनाथ राम ने कहा कि जातीय जनगणना होनी चाहिए और जनसंख्या के अनुपात में भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए। पासवान समाज के बबलू पासवान ने बताया कि इसमें समाज के अनुभवी एवं पूर्व मंत्री और विधायक संग समाज के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक आदि विषयों पर चर्चा की गयी।

# राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के युवाओं को देश की आवाज बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय युवा संसद उत्सव 2024 का आयोजन देश में जिले, राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर किया जाना निर्धारित किया गया था। इस उत्सव का उद्देश्य देश के 18-25 वर्ष की आयु वर्ग के युवाओं की आवाज को सुनना, उनमें फैसले लेने की क्षमता को बढ़ावा देना, नये भारत के निर्माण में उनकी भूमिका से युवाओं को जागरूक करना इत्यादि है।

झारखंड राज्य के समस्त 24 जिलों में आभासी माध्यम में जिला स्तरीय युवा संसद उत्सव के आयोजन होने के उपरांत, राज्य स्तरीय युवा संसद का आयोजन को नेहरु युवा केंद्र संगठन, राज्य कार्यालय, झारखंड, राँची के मोराबादी स्थित कार्यालय में आभासी माध्यम में किया गया। युवा संसद उत्सव में प्रत्येक जिले से प्रथम तथा द्वितीय स्थान प्राप्त दो प्रतिभागियों (कुल 48 प्रतिभागियों) का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव हेतु किया गया। राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव में डॉ बीपी सिन्हा (निदेशक, मास कम्युनिकेशन, रांची विश्वविद्यालय), डॉ कमल बोस (पूर्व विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग, संत जेवियर कॉलेज, रांची), डॉ अनिता कुमारी (निदेशक, शैक्षणिक, आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी, रांची), डॉ बिरेश कुमार (कार्यक्रम लीडर, एमिटी यूनिवर्सिटी रांची) तथा डॉ रंधीर कुमार (अध्यक्ष, राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो) निर्णायक की भूमिका में रहें। नेहरू युवा केंद्र संगठन की राज्य निदेशक, हनी सिन्हा ने कार्यक्रम में आये निर्णायक दल के सदस्यों तथा समस्त प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों को भाषण देने हेतु एक निर्धारित समय प्रदान किया गया। सभी प्रतिभागियों ने सहजता के साथ अपने विचारों को सबके सामने रखा। इसके बाद राज्य स्तरीय युवा संसद उत्सव में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों की घोषणा की गयी। कार्यक्रम में प्रथम स्थान, नुपुर माला (हजारीबाग), द्वितीय स्थान, आकाश कुमार (रांची) तथा तृतीय स्थान, आयशा फातिमा (रांची) ने प्राप्त किया। ये तीनों प्रतिभागी भविष्य में आयोजित होने वाले राष्ट्र स्तरीय युवा संसद उत्सव में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश कुशवाहा, लेखा एवं कार्यक्रम पर्यवेक्षक द्वारा किया गया।

# दिव्या भारती की 50वीं सालगिरह मनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** 25 फरवरी 1974 को जन्म लेने वाली हिंदी सिनेमा की रहस्यमय और कम उम्र में शोहरत की बुलंदियों को छूने वाली खूबसूरत, चंचल, बहुमुखी प्रतिभा के लिए विख्यात अदाकारा जिन्होंने अपने अभिनय की बदौलत तीन सालों तक तेलुगु और हिंदी फिल्मों में बेहतरीन अभिनय की बदौलत दर्शकों के दिलों में राज करती रही, एक ऐसी दिलकश अदाकारा व सुपर स्टार जिन्हें दिव्य भारती उर्फ. सना के नाम से दुनिया हमेशा याद रखेगी। इसी दिव्या भारती का 50वीं सालगिरह ओवरब्रिज के नजदीक निवारणपुर के स्थित क्षितिज मूक बधिर विद्यालय में धूमधाम के साथ पत्रकार व कलाकार परवेज कुरैशी ने मनाया। परवेज कुरैशी 1993 से अब तक दिव्या भारती का जन्मदिन मनाते चले आ रहे हैं। परवेज ने बताया कि दिव्या भारती एक बेहतरीन अभिनेत्री थीं। साथ ही इसी बहाने हम जरूरत मंद बच्चों के बीच कुछ खुशियां भी बांटने का सौभाग्य मिल जाता है। दिव्य भारती का जन्म 25 फरवरी 1974 और मृत्यु 5 अप्रैल 1993) को हुई थी। साथ क्षितिज मूक बधिर विद्यालय के प्रिंसिपल अनिल कुमार लाल का भी शुक्रिया अदा करेंगे कि वे हमें अपने विद्यालय के बच्चों के साथ कुछ समय खुशियां मनाने में सहयोग प्रदान करते हैं। इस मौके पर क्षितिज मूक बधिर विद्यालय के छात्र, स्कूल के स्टाफ एवं वरिष्ठ पत्रकार आकाश सिंह,सुरीन सहित कई साथीगण शामिल थे।

## मधुर स्मृतियों के साथ टीआरएल का पूर्ववर्ती छात्रों का सम्मेलन

# टीआरएल संकाय में बनेगा संग्रहालय: कुलपति

**प्राचीन कला, संस्कृति और भाषा को किया जायेगा संरक्षित**

**आजाद सिपाही संवाददाता**







**रांची।** वर्षों बाद एक-दूसरे को देखकर खुशी के आंसू झलक उठे। किसी ने हाथ मिलाया, तो किसी ने झपकी पा ली। टीआरएल के पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मेलन में मधुर स्मृतियों की चर्चा रविवार को हुई। कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस विभाग के पूर्ववर्ती छात्र-छात्राओं का अहम योगदान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी अध्ययन जारी रखा और विभाग को मुकाम हासिल करने में सहयोग प्रदान किया। कहा कि झारखंड की बहुत सी प्रचानी भाषाएं अब विलुप्ति के कगार पर हैं। पूर्ववर्ती विद्यार्थियों का यह कर्तव्य है कि हम प्राचीन कला, संस्कृति और भाषा अक्षुण्ण कैसे रखें, इस पर सहयोग करें। डॉ श्यामा प्रसाद विवि के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भाषा और संस्कृति को संरक्षित करने में यहां के विद्वानों का अभूतपूर्व योगदान है। झारखंड आंदोलन के बौद्धिक जागरण में भी इस विभाग के शिक्षक-विद्यार्थियों के योगदान के हमेशा याद किया जायेगा। झारखंड ओपेन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ त्रिवेणी नाथ साहू ने कहा कि जनजातीय-क्षेत्रीय भाषा विभाग झारखंड की संस्कृति का प्रतिबिंब है। यहां पढ़ाई जाने वाली नौ भाषाएं नवरत्न है। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय के समन्वयक सह आयोजन के अध्यक्ष डॉ हरि उरांव ने कहा कि जनजातीय-क्षेत्रीय भाषा संकाय से पढ़कर दूर-दूर तक विद्यार्थी अपनी और विभाग की पहचान स्थापित करा रहे हैं। रांची विवि के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ खालिक अहमद, आइपीएस अधिकारी विजय आशीष कुजूर, विधायक डॉ लंबोदर महतो ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

**इनकी रही मौजूदगी**

डॉ उमेश नंद तिवारी, डॉ वृंदावन महतो, पुष्कर महतो, डॉ सबिता केसरी, डॉ खालिक अहमद, डॉ गीता कुमारी सिंह, डॉ मनय मुंडा, कुमारी शशि, बंधु भगत, डॉ मेरी एस सोरेंग, तारकेश्वर सिंह मुंडा, डॉ किशोर सुरीन, युवराज कुमार, बबलू कुमार, संदीप कुमार महतो, मानिक कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### पंडरा में पीसीसी पथ का सांसद ने किया शिलान्यास

रांची (आजाद सिपाही)। पंडरा स्टील चौक डिफेंस कॉलोनी में पीसीसी पथ का शिलान्यास रविवार को सांसद संजय सेठ ने किया। अजय जयसवाल के घर से सुधीर सिंह के घर तक सड़क का शिलान्यास किया गया। मौके पर लोगों ने सांसद को समस्याओं से अवगत कराया। इस पर सांसद ने यथाशीघ्र समस्याओं के निराकरण की बात कही। संजय सेठ ने पीएम परेंद्र मोदी का नारा अबकी बार 400 पार की बात दोहरायी। उन्होंने आगामी चुनाव में जनता के बीच जाकर नरेंद्र मोदी की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताने का आग्रह किया।

### लाल अस्पताल में घुटनों के इलाज पर सम्मेलन



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ लाल अस्पताल कडरु में दूरबीन से घुटनों के इलाज को लेकर रविवार को सम्मलेन बीएनआर चाणक्य में हुआ। इसमें देश के जाने-माने स्पेशलिस्ट डॉक्टर एसआर सुंदरराजन कोयंबटूर, डॉ संदीप बिरारीस मुंबई, डॉ राजीव रमन कोलकाता और डॉ गुरुदेव कुमार पटना शामिल हुए। डॉक्टरों ने सम्मेलन में अनुभव साझा किया और घुटनों की लिगामेंट इंजरी को लेकर होने वाले इलाज पर चर्चा की। कहा कि यह इंजरी स्पोर्ट्स पर्सन में ज्यादा होती है। खेलने के वक्त चोट लगने या फिर घुटनों का मूवमेंट बिगड़ने की वजह से खिलाड़ियों में यह इंजरी हो जाती है। डॉ एसएन यादव ने कहा कि झारखंड खिलाड़ियों का प्रदेश है। झारखंड के लोकल खिलाड़ियों को इसका फायदा मिलेगा। डॉ रोहित लाल ने कहा कि समय पर घुटनों की इंजरी का सफल इलाज नहीं हुआ, तो खिलाड़ी आगे के खेल से वंचित हो सकते हैं। डॉ लाल अस्पताल कडरु में डॉ रोहित लाल के द्वारा सम्मलेन आयोजन किया गया। हॉस्पिटल में पांच लाइव सर्जरी की गयी। इसका सीधा प्रसारण डॉक्टरों ने देखा। मौके पर डॉ सुधीर कुमार, डॉ गोविंद गुप्ता उपस्थित थे।

### मारवाड़ी कॉलेज: कैंपस प्लेसमेंट में 119 का चयन



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड बोर्ड एग्जाम को देखते हुए कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन मारवाड़ी कॉलेज के विवेकानंद ऑडिटोरियम में रविवार को किया गया, जिसमें 350 से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। सलेक्शन की शुरुआत ऑफलाइन ओएमआर आधारित टेस्ट प्रोसेस के साथ हुआ। इसमें 179 विद्यार्थियों ने टेस्ट प्रोसेस को पास किया। इसके बाद चार अलग-अलग इंटरव्यू प्रोसेस में शामिल हुए। कॉलेज के प्रो इंचार्ज डॉ आरआर शर्मा, परीक्षा नियंत्रक डॉ उमेश कुमार ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने कहा कि मारवाड़ी कॉलेज हमेशा छात्रों के उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित करने का प्रयास करता है।

### कोकोमेलन किड्स स्कूल के बच्चों ने मन मोहा



रांची (आजाद सिपाही)। अशोक नगर स्थित कोकोमेलन किड्स प्ले स्कूल के बच्चों ने सभी लोगों का मन मोहा। मौका था स्कूल का पहले साल के एनुअल फंक्शन का। मौके पर पूर्व सांसद रवींद्र राय, विधायक नवीन जयसवाल, सिटी एसपी राजकुमार मेहता, ग्रामीण एसपी मनीष टोप्पो, हाउसिंग बोर्ड के सदस्य अभिलाष साहू, लोयोला स्कूल की प्रिंसिपल स्मिता घोष उपस्थित थीं। स्कूल की डायरेक्टर देवांगन दत्ता ने बताया कि इस स्कूल में बच्चों को घर जैसा माहौल उपलब्ध कराया जाता है, जहां बच्चों को पढ़ने-लिखने के साथ ही अच्छे संस्कार सिखाये जाते हैं।

### यूजीसी नेट योग्यताधारी बीएड-एमएड संविदा प्राध्यापकों को सृजित पद पर समायोजन किया जाये

रांची (आजाद सिपाही)। सरकारी विश्वविद्यालय और अंगीभूत महाविद्यालय में सत्र 2005-06 से संचालित बीएड और सत्र 2009-10 से संचालित एमएड कोर्स में संविदा पर कार्यरत यूजीसी नेट योग्यताधारी बीएड-एमएड प्राध्यापकों की बैठक ऑक्सीजन पार्क मोरहाबादी में हुई। बैठक में सरकार द्वारा जारी झारखंड पात्रता परीक्षा 2024 के आयोजन के लिए जारी अधिसूचना का विरोध करते हुए कहा कि बीएड-एमएड विभाग में संविदा पर वर्षों से कार्यरत यूजीसी नेट योग्यताधारी प्राध्यापकों के कार्य अनुभव को वरीयता देते हुए सृजित पद पर समायोजित किया जाये। इसके लिए ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गय। तदर्थ कमेटी भी बनायी गयी। इसमें मुक्ति सुचिता बाड़ा, महबूब आलम, डॉ सचिन कुमार, मनोज पाठक, मनोज कुमार को मनोनीत किया गया।

### अजय राय सर्वसमिति से अध्यक्ष चुने गये



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ की ओर से रविवार को रांची प्रेस क्लब में राज्यस्तरीय सम्मेलन का आयोजन संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें आइसीएल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेश रंजन, महासचिव के.के पंडा, माधो सिंह, पूर्व विधायक हरिराम शामिल हुए। कार्यक्रम में पिछली कमेटी को भंग कर सत्र 2024-2026(दो साल )के लिए वरिष्ट अधिवक्ता अशोक कुमार शुक्ला, राजेश रंजन, केके पंडा के देख रेख में अध्यक्ष का चुनाव हुआ जिसमें सर्वसम्मति अजय राय को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही उन्हें पूरी कमेटी बनाने के लिए अधिकृत किया गया। निर्वाचित होने के उपरांत अजय राय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले चुनाव के दौरान आउटसोर्स खत्म करने का वादा किया था अब चंपई सोरेन सरकार को उस वादा को पूरा करना चाहिए। अजय राय ने कहा कि संघ की ओर से आज जितने एजेंडों पर चर्चा हुई है उन पर जल्द ही राज्य स्तर पर आंदोलन की घोषणा की जायेगी। सम्मेलन के पूर्व अजय राय के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला गया जिसमें अपनी मांगों के समर्थन में नारे लगाते हुए विद्युतकर्मी प्रेस क्लब से करम टोली चौक होते हुए वापस प्रेस क्लब आकर सभा में तब्दील हो गयी। इस कार्यक्रम मे अमित कश्यप, फलेश्वर महली, दिवाकर मिश्रा, विकास कुमार सिंह, युसूफ खान, निरंजन मुन्ना, मनुभगवान मिश्रा, प्रमोद कुमार, धीरेंद्र पांडेय, आनंद प्रामाणिक, विजय सिंह, मुकेश साहू, जलील अंसारी, इस्माइल अंसारी, मृत्युंजय गिरी, बालगोविंद महतो सहित अन्य शामिल थे।

# जल्दबाजी तो नहीं कर रहे किसान!

केंद्र सरकार की ओर से की गयी तीन फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य की पेशकश को किसानों द्वारा ठुकरा दिये जाने से समझौते का एक अच्छा मौका हाथ से निकलता दिख रहा है। इस मामले में किसान नेताओं का रुख जल्दबाजी से प्रेरित लग रहा है। उसमें सुधार की गुंजाइश ही नहीं, जरूरत भी है। इसकी कई ठोस वजहें गिनायी जा सकती हैं।

**खेती का मूल संकट:** पंजाब ही नहीं, कई अन्य राज्यों में भी खेती से जुड़ा एक बड़ा संकट यह बताया जाता है कि गिरते भूजल स्तर की वजह से सिंचाई करना मुश्किल होता जा रहा है। ऐसे में धान, गेहूं और गन्ना जैसी फसलें, जिन्हें ज्यादा पानी की जरूरत होती है, समस्या को और गंभीर बनाती हैं। चूंकि न्यूनतम समर्थन मूल्य की नीति का फायदा असल में इन्हीं फसलों पर मिलता है, इसलिए किसानों के इन फसलों से हटने की स्थिति नहीं बन रही। लेकिन यह समझना भी जरूरी है कि इस समस्या के निदान के लिए वैकल्पिक उपायों पर भी विचार किया जाना चाहिए।

**खेती के हालात:** केंद्र सरकार ने भले ही किसान आंदोलन के दबाव में यह पेशकश की हो, लेकिन दाल, मक्का और कपास पर न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का प्रस्ताव इस मायने में भी गौर करने लायक है कि इनकी खेती में कम पानी की जरूरत होती है। लिहाजा यह नीति किसानों को फायदा पहुंचाने के साथ ही आने वाले समय में पर्यावरण और खेती के हालात सुधारने के लिहाज से भी उपयोगी हो सकती है। आंदोलन कर रहे किसानों को इस पहलू पर भी विचार करना चाहिए।

**बजट से जुड़ी सीमाओं को फिलहाल छोड़ दें, तब भी सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी की मांग पूरी तरह अव्यावहारिक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों की गारंटी का तभी कोई अर्थ है, जब सरकार खुद वे फसलें खरीदे, वरना वह एक कागजी औपचारिकता बन कर रह जायेगी।**

**फसलों का पैटर्न बदले:** दिलचस्प है कि किसान नेताओं ने इस पेशकश को ठुकराने का जो आधार बताया है, वही इसे ज्यादा सार्थक बनाता है। सरकार का कहना है कि इस प्रस्ताव का फायदा उन किसानों को मिलेगा, जो फसलों का पैटर्न बदलते हैं। ध्यान रहे, आज की तारीख में किसानों के सामने मक्के, दाल और कपास जैसी फसलों को अपनाने की ठोस वजह नहीं है। ऐसे में यह नीति इस कमी को दूर सकती है। इसके अलावा खेती का पैटर्न बदलने के दूसरे लाभदायक परिणाम भी सामने आ सकते हैं।

**अव्यावहारिक मांग:** बजट से जुड़ी सीमाओं को फिलहाल छोड़ दें, तब भी सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी की मांग पूरी तरह अव्यावहारिक है। न्यूनतम समर्थन मूल्यों की गारंटी का तभी कोई अर्थ है, जब सरकार खुद वे फसलें खरीदे, वरना वह एक कागजी औपचारिकता बन कर रह जायेगी। धान और गेहूं की सरकारी खरीद को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खपाने की व्यवस्था है। अन्य फसलों के मामले में ऐसा नहीं है। जब तक ऐसी कोई व्यवस्था ठोस आकार ग्रहण नहीं कर लेती है, तब तक एमएसपी कानून की मांग की व्यावहारिकता पर सवाल तो उठते ही रहेंगे।

**मौजूदा सरकार का कार्यकाल:** किसानों ने अपना यह आंदोलन ऐसे समय शुरू किया है, जब आम चुनाव को बमुश्किल दो-तीन महीने रह गये हैं। जाहिर है, मौजूदा सरकार कोई आश्वासन दे भी देती है, तो उस पर अमल चुनाव के बाद गठित नयी सरकार ही करेगी। यानी सरकार बदलने की स्थिति में इन वादों के भविष्य को लेकर पूरी तरह आश्वस्त नहीं रहा जा सकता। बेहतर होगा किसान नेतृत्व अपने रुख पर दोबारा विचार की संभावनाओं को खुला रखे। वैसे भी ऐन चुनाव से पहले इस तरह के आंदोलन को अक्सर राजनीतिक नजरिये से देखा जाता है, जो स्वाभाविक भी है। आंदोलन करनेवाले किसानों को राजनीतिक हथियार बनने से बचने के लिए इन तमाम पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**हमने देश के रणनीतिक दृष्टिकोण में एक नयी स्थिति देखी है, जिसके प्रतीक हैं- बालाकोट और कैलाश रेंज ऑपरेशन। एक त्वरित हमले के जरिये हमने अपने विरोधियों को संकेत दे दिया, जिसे व्यक्त करने में कठिन कूटनीति को महीनों लग जातेः किसी भी प्रकार के दुस्साहस के लिए कीमत चुकानी होगी।**

# बदलाव के दौर में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा नीति

**राज शुक्ला**





**पिछले** दस वर्षों में मोदी सरकार ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में बदलाव के लिए एक मजबूत आधारशिला रखी है। हम आजादी के बाद से रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा के सबसे दूरगामी सुधारों को देख रहे हैं। हालांकि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौती की विशालता (चीन) और जटिलता (तकनीकी नवाचार, जो अब तक के इतिहास में दर्ज युद्ध के चरित्र में मूलभूत परिवर्तन ला रहा है) को देखते हुए बहुत कुछ हासिल किया गया है, फिर भी कई बदलाव किये जाने बाकी हैं। इसलिए वस्तुस्थिति की सही जानकारी उपयोगी साबित हो सकती है। प्रधानमंत्री ने दिसंबर 2015 में संयुक्त कमांडरों के अपने संबोधन में स्वयं वृहत रणनीतिक रूपरेखा की आधारशिला रखी थी। यह संबोधन अपने विजन की व्यापकता और उद्देश्य की स्पष्टता की दृष्टि से उल्लेखनीय था- इसने हमारे विकासवादी रणनीतिक दृष्टिकोण, संरचनात्मक सुधार, तकनीकी सुधार, प्रणालीगत परिवर्तन तथा शक्ति प्रक्षेपण को शामिल करने के लिए संस्थागत और क्षमता उन्नयन से संबंधित रोडमैप प्रस्तुत किया। उन्होंने सिद्धांतों और रणनीतियों में व्यापक सुधार का आग्रह किया, हालांकि यह हमारी अपनी प्रतिभा में निहित है और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणाली के माध्यम से परिवर्तन लाने के लिए विचार नेतृत्व की आवश्यकता भी है। रूपरेखा इतनी महत्वाकांक्षी थी कि कार्यान्वयन के बारे में गहरी शंकाएं थीं, क्योंकि अतीत में ऐसी विभिन्न पहलें बेकार साबित हुई थीं। हालांकि इस बार सुधार, पूरी नियमितता और दृढ़ संकल्प के साथ सटीक किस्तों में सामने आये हैं।

**हमें अपनी रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता में इन कमियों को दूर करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है।**

यह सब एक अग्रणी कदम के रूप में सीडीएस/डीएमए के गठन के साथ शुरू हुआ, जो अमेरिकी बैरी गोल्डवाटर निकोल्स की तुलना में अवधारणा व व्यापकता में और भी अधिक शक्तिशाली था। इस कदम का महत्व उन संरचनात्मक सुधारों से कहीं आगे था, जो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे थेः इसने भारत के नागरिक-सैन्य संबंध (सीएमआर) की व्यवस्था की एक बड़ी विसंगति को ठीक किया, जिससे रक्षा सेवाओं को रणनीतिक सैन्य मामलों में उनकी वैध भूमिका वापस मिल गयी। यह उन्हें अपने बारे में सोचने, संकल्पना करने, संचालन करने और क्रियान्वित करने की अनुमति देता है, यहां तक कि उन्हें प्रोत्साहित भी करता है, ताकि वे, निश्चित रूप से मजबूत राजनीतिक निगरानी के तहत, राष्ट्रीय सुरक्षा व्यवस्था में अति-आवश्यक बदलाव ला सकें। एकदम अभूतपूर्व।

हमने देश के रणनीतिक दृष्टिकोण में एक नयी स्थिति देखी है, जिसके प्रतीक हैं- बालाकोट और कैलाश रेंज ऑपरेशन। एक त्वरित हमले के जरिये हमने अपने विरोधियों को संकेत दे दिया, जिसे व्यक्त करने में कठिन कूटनीति को महीनों लग जातेः किसी भी प्रकार के दुस्साहस के लिए कीमत चुकानी होगी।

मोदी युग में रक्षा भी विदेश नीति की छाया से उबर चुकी है- बदलते रणनीतिक दृष्टिकोण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण। यह इस तथ्य को स्वीकार करता है कि बल और कूटनीति, विदेश नीति रूपी सिक्के के दो समान रूप से प्रमुख पहलू हैं- उनकी विशेषताओं को भारत की रणनीतिक स्थिति को मजबूत करने के लिए एक साथ लागू किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इसे स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, 'शांति की चाह और शक्ति की राह, भिन्न नहीं हैं।' शांति का मार्ग और शक्ति का मार्ग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

उत्तरी भाग में (चीन के साथ एलएसी) एक बड़े सैन्य पुनर्संतुलन के परिणामस्वरूप अब हमारी रक्षा व्यवस्था खतरे का अधिक सटीक प्रतिबिंब है। आइएसआर, बल स्तर, मशीनीकृत बल, तोपखाने, बल गुणक, रिजर्व, प्रौद्योगिकी उन्नयन और प्रतिक्रिया विकल्पों के संदर्भ में हमारी प्रतिरोधक क्षमता को काफी मजबूत किया गया है।

रक्षा पहल में आत्मनिर्भरता के परिचालक, आत्मनिर्भरता के महत्वपूर्ण उद्देश्य से कहीं आगे जाते हैं। यह नवाचार, ऊर्जा और उद्यम की एक नयी संस्कृति की शुरुआत करने के लिए एक महत्वाकांक्षी उपक्रम है, जो भविष्य के लिए रक्षा क्षमता और सुदृढ़ आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण के लिए; विज्ञान और प्रौद्योगिकी एवं व्यापार और उद्यम की दुनिया से प्रतिभाओं को भारत आने के लिए आमंत्रित करता है। आइडेक्स द्वारा सक्षम किये गये 114 एआइ, तीसरा आइटेक और न्यू स्पेस जैसे भारतीय स्टार्ट-अप ने भविष्य के 'राष्ट्रीय चैंपियन' बनने की क्षमता का प्रदर्शन किया है। एलन मस्क ने दिखाया है कि अंतरिक्ष जैसे उच्च स्तरीय राष्ट्रीय सुरक्षा उपक्रमों में भी, जो कभी देश के विषय हुआ करते थे, वे अब तेजी से कंपनी के कार्य होते जा रहे हैं। यूक्रेन में सरकार द्वारा वित्त पोषित प्रयोगशालाओं द्वारा प्रदान की जाने वाली प्रौद्योगिकियों के बजाय, वाणिज्यिक स्तर पर खरीद के साथ, उपयोग के लिए तैयार प्रौद्योगिकियों द्वारा युद्ध को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। इसलिए जिस सोच और गति के साथ निजी क्षेत्र की दक्षताओं/स्टार्ट-अप ऊर्जा को क्षमता निर्माण और युद्ध में एकीकृत किया जायेगा, वही भविष्य की भारतीय सेना की शक्ति का निर्धारण करेगी। इसी संदर्भ में यह देखा जाना चाहिए कि ओएफबी का निगमीकरण लंबे समय से लंबित था तथा डीआरडीओ में तेजी से सुधार हुए हैं। कुल मिलाकर निरंतर पहल एक वैश्विक नवाचार केंद्र के साथ-साथ एक रक्षा महाशक्ति बनने से जुड़े भारत के संकल्प की अभिव्यक्ति है- यदि दुनिया के शीर्ष बीस रक्षा कॉर्पोरेट कंपनियों में से सात चीनी हैं, तो भारत की भी इसी तरह की आकांक्षाएं क्यों नहीं होनी चाहिए?

रक्षा सेवाओं ने थिएटर कमांड के विवादास्पद मुद्दे पर एक व्यापक सहमति विकसित की है और अब कार्यान्वयन की बारीकियों का समाधान कर रहे हैं- इसलिए थिएटर कमांड जल्द ही होंगे। एक संयुक्त संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि बहु-कार्यक्षेत्रीय क्षमताओं के साथ एआइ सक्षम सेना की नींव रखने के लिए डेटा का उपयोग करने, डिजिटल पाइपलाइनों की संरचना करने और प्रौद्योगिकियों को अपनाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। यह एक बड़ी चुनौती है- युद्ध के सभी ग्रिडों में व्यापक भाषा मॉडल (एलएलएम), गणना क्षमता, क्लाउड, चेहरे की पहचान सॉफ्टवेयर, कोडर और एल्गोरिदम के विकास के लिए अत्यधिक रचनात्मकता की आवश्यकता होगी- हालांकि, यह चीन के समाधान के लिए हमारा गुप्त उपाय होगा।

चीनी सैन्य शक्ति से मुकाबले से जुड़ा समाधान केवल बढ़े हुए खर्च से संबंधित नहीं है। चीन का असममित निवारण एक विशिष्ट संभावना है। चीन और अमेरिका के बीच रक्षा खर्च में अंतर वही है, जो भारत और चीन के बीच है। हालांकि, निवारक प्रभाव के संदर्भ में, चीन बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और संभवतः इसका कारण है- पेंटागन में पैदा हो रही 'अन्यत्र में क्षेत्रों में चिंता बढ़ने के जरिये'। गहन सुधारों, संगठनात्मक पुनर्गठन, तकनीकी नवाचार तथा बिना लागत बढ़ाये कल्पनाशील रणनीति और परिणामों के मूल्यांकन के माध्यम से हम बहुत कुछ कर सकते हैं। यदि नवप्रवर्तन की भावना को वास्तव में प्रदर्शित करना है, तो हमें नौकरशाही पर अधिक विश्वास करने की आवश्यकता होगी (न केवल राजनीतिक नेतृत्व, बल्कि नागरिक और सैन्य नौकरशाही के नेतृत्व द्वारा)- नियमों और प्रक्रियाओं को तेजी से कम करना होगा, रक्षा उद्यम की हर शाखा में नवाचार केंद्र बनाने होंगे, जोखिम लेने की संस्कृति को प्रोत्साहित करना होगा, विफलताओं को वित्त पोषित करना होगा और उद्यमशीलता के आपसी संबंध को उनके प्राकृतिक प्रवाह के लिए अनुमति देनी होगी।

लोगों द्वारा विचार करने और राष्ट्रीय सुरक्षा गाथा को आकार देने के संदर्भ में, आज रक्षा सेवाओं के लिए कहीं अधिक अवसर हैं। ओआरएफ संचालित, वार्षिक रायसीना संवाद, विदेश नीति, भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र में गहन बातचीत के स्रोत के रूप में विकसित हुआ है। हाल ही में भारतीय सेना ने पहले भारत-प्रशांत सेना प्रमुखों के सम्मेलन का आयोजन किया, जो ब्राजील, टोंगा, यूके, सऊदी अरब, थाईलैंड, इंडोनेशिया और यूएसए जैसे भौगोलिक रूप से विविध देशों के सत्रह सेनाओं के प्रमुखों और बारह प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुखों की एक वैश्विक सभा थी। इसके तुरंत बाद चाणक्य रक्षा संवाद और वैश्विक प्रौद्योगिकी शिखर सम्मेलन ने इस विचार चक्र को पूरा किया। नयी दिल्ली अब राष्ट्रीय सुरक्षा में गहन, विचारशील, सर्वांगीण, व्यापक विचार के वैश्विक केंद्र के रूप में सामने आ रही है।

नागरिक-सैन्य तालमेल के मंत्र को अपनाना, वर्तमान बदलाव की एक और साहसिक पहल है। राष्ट्रीय सुरक्षा के विशिष्ट क्षेत्र इतने जटिल होते जा रहे हैं कि भविष्य की सैन्य क्षमता निर्माण को केवल उपकरण अधिग्रहण नहीं, बल्कि प्रतिभा अधिग्रहण की ओर ले जाने की आवश्यकता होगी। भारत में एक ऐतिहासिक शुरूआत हुई है। हमें इन परिवर्तनों को तेज करने की आवश्यकता है। हालांकि बदलाव की इमारत के पुनर्निर्माण के क्रम में कई अवरोधों को हटा दिया गया है, फिर भी महत्वपूर्ण कार्य किये जाने शेष हैं।

चीन उन शेष कार्यों में पहला है। चीन की चुनौती को चिंताजनक बनाने वाली बात यह है कि यह जटिल, परिष्कृत और रणनीतिक चालाकी से भरपूर है- यह युद्ध संबंधी पुनर्संतुलन अधिक विस्तृत हैः न केवल डब्ल्यूटीसी में क्षमता प्रदर्शन, बल्कि व्यापक प्रौद्योगिकी उन्नयन, डिजिटल युद्ध के प्रति इसका दृढ़ संकल्प तथा रॉकेट और रणनीतिक सहायता बलों जैसी इसकी प्रमुख परियोजनाएं। हमें अपनी रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता में इन कमियों को दूर करने के लिए तेजी से आगे बढ़ने की जरूरत है।

अन्य चुनौतियां भी मौजूद हैं, जैसे दुनिया भर में हाल के संघर्षों के सबकों को समझना और इनका समाधान करना, उदाहरण के रूप में विषमता की शक्ति और सटीकता का जादू। पांच मिलियन डॉलर की लागत वाली हौथी मिसाइलें, 250 मिलियन डॉलर की अमेरिकी हवाई सुरक्षा पर भारी पड़ रही हैं। तातारस्तान की कम लागत वाली शहजाद की हथियार सामग्री सटीकता के साथ यूक्रेन में कहर बरपा रही है। नवाचार चक्र अब छह महीने में वैसे परिणाम दे रहे हैं, जिनके लिए पारंपरिक खरीद चक्र में छह साल लगेंगे।

हमें अभी भी एक लंबा रास्ता तय करना है; यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। इसलिए जिस राष्ट्रीय सुरक्षा बदलाव को गति दी गई है, उसे उसके तार्किक निष्कर्ष तक ले जाने की जरूरत है। हालांकि, 'वसुधैव कुटुंबकम' को दुनिया के साथ हमारे जुड़ाव का मार्गदर्शक मंत्र बना रहना चाहिए, लेकिन हमें स्वामी विवेकानंद के बुद्धिमान शब्दों पर समान ध्यान देकर जोखिमों को कम करना चाहिए- 'दुनिया एक व्यायामशाला है, जहां राष्ट्र खुद को मजबूत बनाने आते हैं।' 'शक्ति के माध्यम से शांति' हमारा मूलमंत्र होना चाहिए।

**(लेखक रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल हैं। व्यक्त विचार निजी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# पोटका विधायक ने चार विकास योजनाओं का किया शिलान्यास

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधानसभा क्षेत्र में विकास का सिलसिला तेजी से आगे बढ़ रहा है। रविवार को जनता की वर्षों पुरानी मांग पर आजादी के बाद पहली बार झामुमो विधायक संजीव सरदार के कार्यकाल में उच्च स्तरीय पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम रखा गया। विधायक ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत डुमरिया प्रखंड के धोलाबेडा पंचायत स्थित चटानीपानी के जय नदी पर देश आजादी के बाद पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। ग्रामीणों के अनुसार विधानसभा में जो कभी सोचा नही था, वह विधायक संजीव सरदार कर दिखाया है। पुल का विधिवत शिलान्यास के बाद विधायक संजीव सरदार ने कहा कि आजादी के बाद से ग्रामीण जान जोखिम में डाल लकड़ी के पुल से आवागमन करते थे। जनता से चुनाव में वादा किए कार्य को पूरा किया जा रहा है। वही ग्रामीणों में खुर्शी की लहर दौरने लगी। मौके पर सैकड़ो ग्रामीणों ने शिबू सोरेन जिन्दावाद, हेमंत सोरेन जिंदावाद, चंपाई सोरेन जिंदावाद का जोरदार नारेवाजी करते हुए ढोल नगाड़ा के साथ विधायक संजीव सरदार को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। उधर विधायक ने विकास योजनाओं को गति प्रदान करते हुए विधायक निधि से कीताडीह पंचायत में हनुमान मंदिर के पास शेड निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। साथ ही जमशेदपुर सदर प्रखंड में बीडीओ, सीओ, पर्यवेक्षक आवास, तृतीय और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी आवास सहित प्रखंड परिसर का विकास एवं विविध निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। मौके पर विधायक ने पोटका के डुमरिया प्रखंड में झारखंड सरकार के जल संशाधन विभागीय मद से स्वीकृत रंगामाटिया के पास जुरिया नाला पर चेकडैम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। वही डुमरिया में झारखंड सरकार के जिला अनाबाद निधी योजना से कुंडालूका व रोहनडीह के बीच दिशुआ बुलान पर पुल निर्माण व विधायक निधि से कुलही मुचान से नारायण के जमीन तक पक्की सिंचाई नाली निर्माण का शिलान्यास किया। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि,झामुमो नेतागण और क्षेत्र की सैकड़ो ग्रामीण शामिल रहे।

# सोनारी के मेट्रोना ब्यूटी पार्लर की संचालिका के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोनारी कागलनगर बाजार स्थित मेट्रोना ब्यूटी पार्लर (महिला) में कैमरा लगाने की शिकायत पर प्रथम न्यायिक दंडाधिकारी ने संचालिका गुरजिंदर कौर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। इसकी जानकारी शिकायतकर्ता के पक्षकार अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि स्थानीय शिकायतकर्ता ने अपनी नवविवाहित पत्नी को शादी की रिसेप्शन पार्टी के साज सज्जा के लिए मेट्रॉना ब्यूटी पार्लर लाया था। जहां चेंजिंग रूम में कपड़े बदलते वक्त कैमरे लगे रहने पर रोते रोते अपने पति को जानकारी दी थी। जानकारी मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिकायत पर कोई कारवाई नही करने पर न्यायालय का शरण लिया। अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय ने बताया भारतीय दंड विधान की धारा 156(3) के अंतर्गत न्यायालय ने आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश दी। उन्होंने कहा असामाजिक और आपराधिक तत्वों से इसी प्रकार कठोरता से निपटने की आवश्यकता है। ताकि समाज में महिलाओं के सुरक्षा व स्वाभिमान की भावना को बल देकर एक स्वस्थ और कल्याणकारी समाज और राष्ट्र की कल्पना कर सके।

# बाराद्वारी के उषा इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में आगजनी, लाखों का नुकसान

**जमशेदपुर। गर्मी के मौसम आने के पूर्व ही आगजनी की समस्या देखने को मिलने लगी है। रविवार को शहर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बाराद्वारी शनि मंदिर के पास उषा इंटरप्राइजेज इलेक्ट्रॉनिक गोदाम में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी मिलते ही अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुची अग्निशमन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग में काबू पाया। वही गोदाम के मालिक सुनिल कुमार के अनुसार रविवार की सुबह गोदाम में एसी, कूलर और पंखा रखवाने के बाद बाजार गया था। स्थानीय लोगो ने गुदाम से धुंआ निकलने की सूचना दी।मौक पर पहुंच कर अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी गई। फिलहाल आग के काबू पाया गया। आगजनी में लाखों की नुकसान होने का अनुमान है।**

# मोदी सरकार इसी प्रकार महंगाई बढ़ाती रहेगी तो लोग कैसे जिंदा रहेंगेः आनंद बिहारी दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड में कांग्रेस पार्टी के दिशानिर्देश पर जिले के चौक चौराहे हाट बाजार में कांग्रेस पार्टी नुक्कड़ सभा के माध्यम से केंद्र में मोदी सरकार के महंगाई और बेरोजगारी पर हमला बोला। रविवार को टाटानगर स्टेशन चौक में मंडल अध्यक्ष मुन्ना मिश्र के अध्यक्षता में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। नुक्कड सभा में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि मोदी सरकार इसी प्रकार महंगाई और बेरोजगारी बढ़ाती रहेगी तो लोग कैसे जिंदा रहेंगे। जब से देश मे मोदी जी की सरकार आई है तब से महंगाई का बोझ आम जनता पर डाल रही है। दैनिक उपभोग की आनाज, तेल,मशाल, दुध,आलू,प्याज तक गांव के आम नागरिक के रसोई पर भारी पड रही है।मोदी सरकार में क्रय शक्ति कमजोर हो गयी है। सेना के बहाली चार साल कर नौजवानों की भविष्य को अंधकार कर दिया। व्यापारी वर्ग में लघु और माध्यम वर्ग का व्यवसाय त्राहिमाम होरहा है। गैस 450 से बढ़कर 942 रू हो गया, खाद्य पदार्थ पर भी जीएसटी लगा दिया गया। सरकारी उपक्रमों को औने पौने दामों में अपने मित्रों को बेच दिया। रेलवे की वैकेंसी पर रोक लग गया।बैंक को आपस में मर्ज कर रोजगार को खत्म कर दिया गया। वही जिलाध्यक्ष ने कहा रेलवे टाटानगर स्टेशन को आधुनिकीकरण करें लेकिन वर्षो से अपने आजीविका चला रही या घर बनाकर राह रही गरीब जरूरतमंदों के लिए पहले वैकल्पिक व्यवस्था करें। तभी कोई बड़े प्लान को अंजाम दे। अगर बड़े प्लानिंग में गरीब लोगों को उजाड़ने का कोई भी योजना बनाया जायेगा, तो इसका प्रतिकार कांग्रेस कमिटी करेगी। मौके पर प्रदेश सचिव राकेश तिवारी ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य इतना महंगा हो गया कि आम लोग उसके लाभ उठाने से लगातार वंचित हो रहे। पढ़ाई के क्षेत्र में 4 से 10 गुना तक महंगा बना दिया। यही है नरेंद्र मोदी और भाजपा मॉडल। इसका बहिष्कार आम जनता को बड़े पैमाने पर करने की जरूरत है। मोदी जी को मुंहतोड़ जवाब देने की आवश्यकता है। लोकतंत्र को मोदी जी के दिशा निर्देश पर लगातार कमजोर किया जा रहा है। ईडी, सीबीआई और अन्य सरकारी संस्थाओं का उपयोग करके लोगों को डराने, धमकाने, जेल में डालने जैसे कुकृत्य को लगातार कराया जा रहा है, यह घोर अन्याय है।




मंत्री, डीसी, और एसपी के हाथों बेहतर रिपोर्टिंग के लिए आजाद सिपाही के ब्यूरो प्रमुख विजयदेव को सम्मानित किया गया।

## लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत गोवावल पहुंचे अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश के द्वारा लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के तहत गोवावल मंडल अंतर्गत बाबा खोनहर नाथ के प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शिवनारायण चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लोकसभा सह संयोजक अलखनाथ पांडेय, जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, लोकसभा लाभार्थी के संयोजक विनय कुमार चौबे, मंडल के लाभार्थी संयोजक राजू राज तिवारी, भगत सिंह साहू, संयोजक ओंकार तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष विनोद तिवारी, पूर्व जिला महामंत्री ब्रजेश उपाध्याय, मुरली श्याम तिवारी, ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि हर लाभार्थी के घर जाकर प्रधानमंत्री का संदेश पहुंचाना है। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी का स्टीकर चिपकाना है। मोदी जी के सभी योजनाओं का जन-जन तक पहुंचना है। यह कार्यक्रम 5 मार्च तक लगातार चलेगा। मंडल के पूर्व महामंत्री मुकेश चौबे, मंडल महामंत्री शैलेश तिवारी, मंडल के उपाध्यक्ष अरुण पांडेय, केदार प्रजापति, अजय वर्मा, सतनारायण कुशवाह, विष्णु तिवारी, मुकेश धर दुबे, रवि रंजन धर दुबे, कन्हैया महतो भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित हुए।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात भंडरिया प्रखंड के नौका गांव में सुनी



गढ़वा (आजाद सिपाही)। भारतीय जानता पार्टी के निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश केशरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 110वां मन की बात भंडरिया के नौका ग्राम के बूथ संख्या 402 और 403 में सुना। जिसमें पीएम मोदी ने जैविक खाद्य के उपयोग के बारे में बताया तथा प्राकृतिक व वन्य जीवों की सुरक्षा के बारे में भी बताया। और आत्मनिर्भर भारत बनाने की बात कही। इस कार्यक्रम में ड्रोन दीदी से सीधा फोन पर बात भी किये और उन्हें इस कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति आज सभी ऊंचाई को छू रही है। जल संरक्षण के लिए चौतरफा प्रयास कर रही है, साथ में उन्होंने कल्याणी प्रफुल पाटिल एवं सुनीता से बात कर इनके कार्यो का प्रशंसा की और उनका अनुभव जाना। उन्होंने आने वाले 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने को कहा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश केशरी, सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, बूथ अध्यक्ष मोती बैठा, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष रूपेश कुमार बैठा, मदन केसरी, अखिलेश बैठा, श्रवण ठाकुर, भारती सिंह, विजय सिंह, ललन सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## केतार में किया गया नेत्र व दंत परीक्षण



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के सर्वेश्वरी समूह शाखा केतार में श्री अवधूत भगवान राम कुष्ट सेवा आश्रम पड़ाव वाराणसी के निर्देश पर रविवार को 299 रोगियों को निःशुल्क नेत्र परीक्षण सह दवा वितरण किया गया। सर्वप्रथम डेंटल कॉलेज के निदेशक दिनेश सिंह ने अवधुत भगवान राम के प्रत्तिमा पर पूजा अर्चना के पश्चात पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस नेत्र शिविर के मौके पर श्री सर्वेश्वरी समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद बाबा औघड़ गुरुपद संभव राम जी ने आज आशीर्वचन देते हुए कहा कि जिस सुख-शांति को हम मृग-मरीचिका की भांति ढूढ़ रहे हैं। जो आज के परिवेश के लिए हानिकारक है।इस नेत्र शिविर में डॉक्टर बीएन राय ने नेत्र रोगियों को जांच कर दवा दिया।टाइटन गढ़वा के प्रोपराइटर नितेश केशरी ने नेत्र रोगियों को आंख जांच कर उन्हें चश्मे लगाने की सलाह दी। डेंटल कॉलेज के द्वारा दंत चिकित्सा शिविर भी लगाया गया, जहां डॉक्टरों के द्वारा उन्हें अपने दांत के प्रति लापरवाही नही बरतने की सलाह दी गयी। श्री सर्वेशरी समूह के द्वारा इस चिकित्सा शिविर को आम ग्रामीणों ने काफी सराहना की। इस मौके पर शाखा मंत्री रामाधार प्रसाद यादव, विनोद प्रसाद, बीएन पांडेय, गोखुल कुमार, रामावतार राम, प्रेम कुमार गुप्ता, प्रभु जयसवाल सहित सैकड़ों सदस्य उपस्थित थे।

## सतबहिनी झरना तीर्थ में 24वें मानस महायज्ञ की विराट कलश यात्रा संपन्न



कांडी (आजाद सिपाही)। सतबहिनी झरना तीर्थ की विराट कलश यात्रा में 11 हजार व्रतियों ने कलशों में जल भरा। झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड की निबंधित इकाई मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति के तत्वावधान में आम जनों द्वारा 24वें मानस महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसके लिए सतबहिनी झरना तीर्थ की स्थापित परंपरा के अनुरूप रविवार को विराट कलश यात्रा निकाली गयी। यहां यज्ञाचार्य पं. श्याम बिहारी वैद्य के नेतृत्व में याज्ञिक पुरोहितों की टोली ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवती मंदिर में कलशों का संकल्प कराया। उसके पश्चात सभी भक्त प्रसाद ग्रहण कर सबों ने घर को प्रस्थान किया। इधर 26 फरवरी को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व अरणीमंथन के साथ विधिवत यज्ञ आरंभ हो जायेगा। सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे तक वृंदावन की मानस मंडली के द्वारा संगीतमय मानस पाठ किया जायेगा। जबकि 26 फरवरी से 5 मार्च तक दोपहर 12 बजे से शाम 06 बजे तक विशिष्ट विद्वानों का प्रवचन होगा। वहीं 06 मार्च को विसर्जन, संत-विद्वानों की विदाई व महा भंडारा का आयोजन किया जायेगा। इनमें देवरिया के पंडित अखिलेशमणि शांडिल्य, मिजार्पुर के संगीतमय कथावाचक पंडित धर्मराज शास्त्री, वृंदावन की श्रीमद्भागवत महापुराण की कथावाचिका देवी शिखा चतुवेर्दी, गुप्तकाशी के आचार्य सौरभ भारद्वाज व बिहार के पंडित मुन्ना पाठक का प्रवचन सोमवार से प्रारंभ हो जायेगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह, सचिव पं. मुरलीधर मिश्र, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण सिंह, ददुआ जी, जयकिशुन राम, कोषाध्यक्ष विभूति नारायण दुबे सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# न्यायपालिका और ईश्वर की अदालत में पूरा भरोसा है : मंत्री

**हेमंत को न्याय दिलाने के लिए महिला मोर्चा ने की मां गढ़देवी मंदिर में अखंड कीर्तन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झारखंड प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने के लिए झामुमो महिला मोर्चा के तत्वाधान में रविवार को जिला मुख्यालय स्थित मां गढ़देवी मंदिर में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। इस अखंड कीर्तन में गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता सह उत्पादन और मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर भी शामिल हुए। सभी ने पूजा अर्चना कर मां गढ़देवी से लोकतंत्र की रक्षा करने एवं राज्य और देश की खुशहाली के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को न्याय दिलाने की कामना की। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जो स्थिति कर दी है अब लोकतंत्र के मालिक ईश्वर ही हैं। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर तो भरोसा है ही, जनता की अदालत और ईश्वर की अदालत में पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि बेवजह, बिना किसी कारण के मोदी जिसे चाहें जेल में डलवा दें। स्थिति यह है कि मोदी जो कहें वही सही। मंत्री ने कहा कि हेमंत सोरेन को झूठे आरोपों पर जल भेजा गया है। उनकी रिहाई के लिए महिला मोर्चा अखंड कीर्तन कर रही है। मां गढ़देवी जरूर न्याय करेंगी। श्री ठाकुर ने कहा कि झामुमो की ओर से सभी मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर सहित सभी देवस्थानों में पूजा अर्चना, कीर्तन, इबादत, चादरपोशी एवं प्रार्थना की जा रही है। ईश्वर न्याय जरूर करेंगे। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भाजपा के आंतरिक सर्वे की रिपोर्ट में यहां लोकसभा चुनाव में उसे 6 से 8 सीट का नुकसान हो रहा था। साथ ही गत चुनाव में तीन सीट दुमका में 39 हजार, लोहरदगा में 10 हजार तथा खूंटी में मात्र डेढ़ हजार वोट से भाजपा की जीत हुई थी। उस समय पुलवामा हमले और सर्जिकल स्ट्राइक की लहर में भी महागठबंधन ने दो सीट जीता था। जबकि तीन सीट पर काफी कम वोट से भाजपा की जीत हुई थी। मौके पर मुख्य से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, दिलीप गुप्ता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, अराधना सिंह, रेखा पाठक, सोनी देवी, प्रियंका, मीना, गिरजा देवी, मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी। गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, चिंटू पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## बरडीहा के नये थाना प्रभारी का स्वागत



बरडीहा (आजाद सिपाही)। बरडीहा थाना में अवधेश कुमार यादव ने नये थाना प्रभारी के रूप में अपना योगदान दिया है। वहीं राजद के प्रखंड अध्यक्ष नवल-किशोर यादव, गुलाम गौस और आजाद सिपाही संवाददाता सुशील कुमार यादव ने नवपदस्थापित थाना प्रभारी अवधेश कुमार यादव को बुके देकर जोरदार स्वागत किया। कहा कि अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने की पहली प्राथमिकता होगी इसके अलावा पुलिस और पब्लिक के बीच की दूरी कम करना है। कहा कि थाना क्षेत्र बड़ी चुनौती भी है, इन चुनौतियों से निपटने के लिए लोगों का सहयोग अपेक्षित है। पुलिस हमेशा सेवा के कार्य त्यपर है ।

## मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित



रंका (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव के आलोक में रंका प्रखंड सभागार में रविवार को सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराने के उद्देश्य से मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का शुभारंभ मास्टर ट्रेनर देवेंद्र नाथ उपाध्याय, राजेश कुमार चौबे और उतम रंजन के द्वारा सभी सहायक अध्यापकों, सहायक शिक्षकों शिक्षिकाओं को ईवीएम, वीवीपेट व पोस्टल बैलेट से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही वोटिंग कंपार्टमेंट में बीयू, वीवीपेट, सीयू का कनेक्शन करने, मॉक पॉल की पूरी प्रक्रिया के बारे में पूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही सभी मतदान कर्मियों का कर्तव्य और दायित्व के साथ साथ विभिन्न प्रपत्रों को भरने के बारे में विस्तार से बताया गया। इस प्रशिक्षण में सभी मतदान कर्मियों को सामग्री प्राप्त करने से लेकर जमा करने तक की पूरी प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बताया गया। इस प्रशिक्षण में 40 - 40 का बैच बनाकर सभी मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण दिया गया।

# अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए संत रविदास का जीवन समर्पित था : मंत्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा ।** संत शिरोमणि रविदास की 647 वीं जयंती जिले भर में काफी धूमधाम से मनायी गयी। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता सह उत्पाद और मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित जयंती महोत्सव में भाग लिया। मंत्री श्री ठाकुर ने पिता काट कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। साथ ही संत रविदास की तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

मौके मंत्री श्री ठाकुर ने न्यू रविदास कला संघत मोहल्ला गढ़वा, महात्मा ज्योति राव माता सावित्रीबाई फुले प्रबुद्ध कमेटी रविदास नगर टंडवा, न्यू भीम आर्मी भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती ग्राम पिपरा, डीह टोला बेलचंपा, आरएजी क्लब राम मुहल्ला ओबरा, युवा जागृति क्लब पतरिया करुआ कला, अंबेडकर टोली तिवारी मरहटिया, हूर मध्या, बागही, मौनाहा टोला प्रतापपुर, जाटा, चामा, दुलदुलवा, बौराहा आप भी गांव में आयोजित संत रविदास जयंती समारोह में भाग लिया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि निर्गुण भक्ति शाखा के महान कवि एवं संत शिरोमणि रविदास उन महान पुरुषों में से एक हैं, जिन्होंने समाज की धारा का रुख मोड़ दिया था। उनके द्वारा गाए दोहों और पदों से आम जनता का उध्दार हुआ। अत्यंत सहदयी स्वभाव के रैदास को संत कबीर का समकालीन माना जाता है। वो भी कबीर की ही भांति कर्म को ही महत्ता देते थे। जात-पात आदि से कोसो दूर रहते थे और लोगों को भी यही सीख देते थे। रविदास जी एक महान संत, कवि, समाज सुधारक और भगवान के अनुयायी थे। रविदास निर्गुण सम्प्रदाय के प्रसिद्ध और प्रमुख हस्ती में से एक थे। रविदास ने हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम किया। रविदास जी ने अपना पूरा जीवन जाति और वर्ग के आधार पर हो रहे अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए समर्पित कर दिया। मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम सचिव मनोज ठाकुर, झामुमो महिला मोर्चा अध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, दिलीप गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# विधायक भानुप्रताप शाही ने आदर्श पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**सगमा।** विधायक भानुप्रताप साही के द्वारा प्रखंड स्थित बीरबल गांव में आदर्श पब्लिक स्कूल का उद्घाटन किया गया। स्कूल का उद्घाटन विधायक भानुप्रताप साही जीप सदस्य अंजू यादव प्रखंड प्रमुख अजय साह के द्वारा विद्यालय में स्थापित माता सरस्वती भगवान श्री राम और मां भारती की प्रतिमा की विधिवत पूजा पाठ कर किया गया।

इस अवसर पर उद्घाटन सभा को संबोधित करते हुए भानुप्रताप साही ने कहा कि मैं आज भाषण देने नहीं बल्कि बीरबल के धरती को नमन करने आया हूं कि इस गांव के मिट्टी से निकले जवाहर प्रसाद गुप्ता के प्रयास से उक्त विद्यालय को खोला गया है वे बधाई के पात्र हैं मुझे पूरा विष्वास है कि आदर्श पब्लिक स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे आगे चलकर आईएस आईपीएस इंजीनियर बनकर गांव के साथ देस का नाम रोशन करेंगे। सगमा प्रखंड के इस पिछड़े गांव में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के उद्देश्य से शुरु किये जा रहे विद्यालय यह बताता है कि 2005 के पूर्व का गांव नहीं रह गया है, आपलोगों ने जिस उद्देश्य से मुझे विधायक बनाया है उसे पूरा करने के लिए मैं रातदिन लगा रहता हूं, सड़क व बिजली नहीं होता तो यह विद्यालय खुलना भी संभव नहीं होता। मैं अपनी ओर से विद्यालय परिवार के लोगो को सुभकामना देते हुए आसा करता हूं कि उक्त विद्यालय का जैसा नाम है उसके अनुरूप शिक्षा दिया जायेगा।

उक्त सभा को संबोधित करने वालों में जीप सदस्य अंजू यादव प्रमुख अजय साह मानस प्रवक्ता रामेन्द्र मिश्रा का नाम शामिल है जबकि उपस्थित लोगों में भाजपा के वरिष्ट नेता भगत दयानंद यादव, मण्डल अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, विधायक प्रतिनिधि धर्मजीत यादव, बबलू ठाकुर,राजेस बैठा, श्री राम सेना के संरक्षक रामजन्म गुप्ता, विद्यालय के प्रधाना चार्य सबिता गुप्ता, मुखिया इंद्रजीत कुशवाहा, रामोद प्रसाद, आशीष विश्वकर्मा, मणिशंकर विश्वकर्मा, विष्णु प्रसाद गुप्ता, दिनेश ठाकुर, का नाम शामिल है मंच का संचालन कमेस्वर गुप्ता ने किया।

# इडी और सीबीआइ का राजनीतिक इस्तेमाल लोकतंत्र पर आघात है : मिथिलेश

**झामुमो ने अल्पसंख्यक मोर्चा का विस्तार किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय विधायक सह राज्य के पेज और स्वच्छता व उत्पाद और मद्य निषेध विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की उपस्थिति में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष आलमगीर अंसारी ने अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कमेटी का विस्तार किया है। कमेटी में 51 लोगों को जगह दी गयी है। इसमें में जैदुल्लाह अंसारी, राहत हुसैन, हिफाजत अंसारी, आफताब अंसारी, नुरूल हक, आशीक अंसारी को उपाध्यक्ष, शौकत हुसैन अंसारी को सचिव, मुमताज खां को कोषाध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि वर्तमान समय में केंद्र सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। लोकतंत्र की हत्या महाराष्ट्र, मध्य-प्रदेश, कर्नाटक, बिहार और अभी ताजा में झारखंड में हुई है। कहीं न कहीं परोक्ष रूप से भारतीय जनता पार्टी लोकतंत्र का हत्यारा है। भाजपा गैर शासित राज्यों में केन्द्र सरकार द्वारा ईडी एवं सीबीआई का इस्तेमाल कर गलत तरीके से सरकार को गिराने का कार्य कर रही है। इसका ज्वलंत उदाहरण बिहार और झारखंड राज्य है। यदि बिहार की तरह हमारे यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भारतीय जनता पार्टी के सामने झुक जाते तो उन्हें अनैतिक रूप से जेल में नहीं होते। भाजपा का यही दोहरा चरित्र है। आज बेरोजगारी चरम सीमा पर है। महंगाई आसमान छु रही है। देश के विकास से इन्हें कोई मतलब नहीं है। इन्हें बस धर्म के नाम पर मंदिर-मस्जिद करते हुए आपसी भाईचारा बिगाड़ना है। वर्तमान में हरियाणा राज्य के शंभू और खनौरी बोर्डर पर किसानों द्वारा अपनी मांगों के लिए धरना दिया जा रहा है और केंद्र के निदेशानुसार वहां की भाजपा शासित सरकार किसानों के धरना-प्रदर्शन को नाकाम करने हेतु बल प्रयोग कर रही है। इसके अलावे अभी चंडीगढ़ में मेयर चुनाव में पीठासीन पदाधिकारी खुलेआम पार्टी विशेष के प्रत्याशी के पक्ष में जो कार्य किया गया है। वह अत्यंत ही घिनौना है। इस मामले को माननीय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली द्वारा भारतीय जनता पार्टी का नया नामकरण घुसखोर और बैलेट चोर पार्टी किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष की नेताओं को जेल में डालने का कार्य किया जा रहा है। लोकसभा चुनाव में जो चोरी का प्लान बनाया गया है और बार-बार कहना इस बार 370 और 400 पार की कलई अब खुल गयी। अन्य वक्ताओं ने यह कहा कि केन्द्र सरकार सभी मोर्चो पर विफल है। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने आम जनता को आश्वासन दिया था कि कालाधन विदेश से लाकर हरेक के खाते में पंद्रह-पंद्रह लाख दिये जायेंगे प्रत्येक साल दो करोड़ नौकरियां दी जायेगी, भ्रष्टाचार खत्म किया जायेगा, परंतु कुछ कार्य नहीं किया गया। उल्टे नोटबंदी लागू कर आम जनता की परेशानी बढ़ा दी गयी। आज तक किसी भी भाजपा शासित राज्य में ईडी और सीबीआई द्वारा भ्रष्टाचार के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गयी है जो भी कार्रवाई हुई है वो गैर भाजपा शासित राज्यों में की गयी है। इससे इनकी मंशा क्या है स्पष्ट होती है। इन्हें सबसे पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। वर्त्तमान में समय की मांग को देखते हुए हमसभी घटक दलों को जात-पात से उपर उठकर एकमत होते हुए इस भ्रष्टाचारी भाजपा सरकार को केन्द्र सहित पूरे राज्य से उखाड़ फेकने का संकल्प लेना है तभी लोकतंत्र एवं हमारा देश बच पायेगा। इस मौके पर मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, ताहिर अंसारी, फुजैल अहमद, करीब, सद्दाब, बदरूदीन, ज्याउलहक, सनाउल्लाह अंसारी आदि सैकड़ों पार्टी के लोग उपस्थित थे।

# अपराध नियंत्रण में पुलिस निभा रही अहम भूमिका : मंत्री

**जनता की समस्याओं के निदान के प्रति प्रशासन सक्रिय : डीसी**

**पब्लिक का सम्मान पाना पुलिस के लिए बड़ी बातः एसपी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**गढ़वा।** अपराध नियंत्रण में पुलिस अहम भूमिका निभा रही है। गढ़वा मुख्य पथ में जेवर दुकान में डकैती की घटना को उदभेदन किया जाना। साथ ही जेवर की बरामदगी बड़ी उपलब्धि है। उक्त बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने कही। वह गढ़वा चेंबर आफ कामर्स द्वारा आयोजित शौर्य सम्मान समारोह के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान डकैती की घटना के उदभेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि जिस दिन मुख्य पथ में उकैती की घटना हुई थी। जिसकी सूचना पर वे वहां तुरंत पहुंचे थे। उन्होंने जल्द से जल्द घटना का उदभेदन करने एवं जेवर की बरामदगी का निर्देश दिया था। जिसके आलोक में काम हुआ तथा जेवर की बरामदगी कर ली गई। उन्होंने कहा कि वे जनता के हर सुख दुख में उनके साथ हैं । व्यापारियों की समस्या के निदान, भयमुक्त व्यापार का वातावरण बनाने आदि पर काम किया जा रहा है। उपायुक्त शेखर जमुआर ने कहा कि जनता की समस्याओं के निदान के प्रति प्रशासन तत्पर है। चाहे अपराधियों पर नियंत्रण की बात हो या विकास कार्य में तेजी लाने की बात हम सदा इसके लिए तत्पर है। एसपी दीपक पांडेय ने कहा कि जनता का विश्वास जीतना तथा उनका सम्मान पाना पुलिस के लिए बड़ी बात है। क्योंकि पुलिस को हमेशा जनता का विरोध झेलना पड़ता है। गढ़वा कि जनता के वह आभारी है क्योंकि उन्होंने अपराधियों को पकड़ने में मदद किया तथा हमें इसमें सफलता मिल सकी। कार्यक्रम को चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष बबलू पटवा, सरार्फा स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष भुनेश्वरनाथ सोनी, समाजसेवी राकेश पाल, पुलिस पदाधिकारियों आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में पंचम सोनी, राकेश केशरी, ज्योति प्रकाश केशरी, राजू केशरी, सुनील कश्यप , आशीष अग्रवाल, पूनमचंद कांस्यकार समेत बड़ी संख्या में व्यवसायी उपस्थित थे।

## रंका प्रखंड के दर्जनों भाजपा और एआइ एमआइएम कार्यकर्ता झामुमो में शामिल



रंका (आजाद सिपाही)। गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल स्वच्छता मद्यपान निषेध मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा पूरे विधानसभा में हो रहे विकास कार्यो से प्रभावित होकर रविवार को रंका प्रखंड के मानपुर पंचायत के दर्जनों भारतीय जनता पार्टी एवं ऑल इंडिया मुस्लमिन इतेहादूल मजलिस (एआईएमआईएम) के कार्यकताओं ने जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष नितेश सिंह ने अपने बरवाडीह स्थित आवास पर माला पहनाकर मिठाई खिलाकर झारखण्ड मुक्ति मोर्चा में शामिल कराया। इस अवसर पर माटी की पार्टी झामुमो में शामिल सभी लोगों से नितेश सिंह ने अपील करते हुए कहा कि झारखण्ड की सरकार एवं मंत्री मिथिलेश ठाकुर के द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों को जन जन तक पहुँचाने का काम करें।वहीं पार्टी में शामिल लोगों ने कहा कि मंत्री मिथिलेश ठाकुर जाति, धर्म और संप्रदाय से उपर उठकर दिन रात जनता और क्षेत्र के विकास के लिए सोंच रखते हैं, ऐसे जन प्रतिनिधि के साथ में रहना गर्व का विषय है। इस मौके पर झामुमो के वरिष्ठ नेता गुलाब सिंह, रंका प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, युवा मोर्चा अनुमंडल अध्यक्ष पप्पू यादव, युवा मोर्चा प्रखंड सचिव मो० अलीम, आशीष सिंह, मुन्ना सिंह, किशोर सिंह सहित काफी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 26 फरवरी, 2024
www.azadsipahi.in
08

## इटकी, सिल्ली और मुरी स्टेशन का होगा पुनर्विकास, पीएम मोदी आज करेंगे शिलान्यास

सिल्ली (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री मोदी 26 फरवरी को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सिल्ली और मुरी स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे।उक्त जानकारी भाजपा ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह सिल्ली स्टेशन परामर्शदातृ सलाहकार समिति के सदस्य विनय महतो धीरज ने कही। विनय महतो धीरज ने बताया कि रांची रेल मंडल के 14 स्टेशनों का पुनर्विकास और 12 रेल ओवर ब्रिज व अंडरपास का ऑनलाइन शिलान्यास किया जायेगा। जिसमें इटकी, सिल्ली और मुरी स्टेशन भी शामिल है। उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन के तहत नये प्रतीक्षालय, बुकिंग कार्यालय, लाउंज, कैफेटेरिया व शौचालय निर्माण , पार्किंग, वाई-फाई, एलइडी लाईट आदि का प्रावधान है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत सिल्ली और मुरी स्टेशन को शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव और सांसद संजय सेठ के प्रति आभार जताया है।

## सराइकेला को हराकर ट्राइबल किंग बना चैंपियन

तमाड़ (आजाद सिपाही)। क्षेत्र के पुंडिदिरी का एतिहासिक फुटबॉल मैदान रूंगकड़ी में एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जिसमें झारखंड के नामी गिरामी आठ फुटबॉल टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में ट्राइबल किंग ने आरएसपी सराईकेला को पेनाल्टी शूटआउट में 4-3 से पराजित कर प्रतियोगिता का चैंपियन बना। विजेता टीम को अति विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस और आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव हरेलाल महतो के हाथो एक लाख इक्यावन हजार, उपविजेता टीम आरएसपी सराईकेला को विशिष्ट अतिथि सुनील सिंह, परमेश्वरी देवी, विजय मानकी रामदुर्लव मुंडा, संजय महतो श्याम महतो सुकरा मुंडा के हाथों प्रदान किया गया। वहीं सेमीफाइनल में पराजित टीम राज स्पोर्ट बुंडू और ब्लैक पैंथर रांची को मुखिया लक्ष्मी कांत मुंडा कन्हैया सिंह कमिटी के सदस्यों के द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम सफल बनाने में आयोजन कर्ता हीरालाल दास, जगदीश गुप्ता, अशोक कुमार दास आशीष गुप्ता, राहुल कुंडू, वीरेन साहू, अशोक गुप्ता, सुधीर दास, कृष्ण मुंडा आदि का सराहनीय योगदान रहा।

## खूंटी जिला के सभी पंचायतों में भाजयुमो लगायेगी युवा चौपाल : असमिथ सिंह सेट्ठी

खूंटी (आजाद सिपाही)। युवा चौपाल कार्यक्रम को लेकर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष राजेश महतो की अध्यक्षता में रविवार को नगर भवन तोरपा में युवा मोर्चा के जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों की एक बैठक हुई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में प्रभारी के रूप में उपस्थित भाजयुमो प्रदेश कार्यालय मंत्री असमीथ सिंह सेट्ठी ने बताया की खूंटी जिला अंतर्गत सभी पंचायतों में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा युवा चौपाल लगाकर युवाओं के बीच मोदी सरकार की उपलब्धि, युवाओं के लिए किये गये कार्यों के साथ झारखंड सरकार की विफलताओं पर चर्चा करेंगे। बैठक में जिला महामंत्री दीपक तिग्गा, जिला आईटी सेल प्रभारी सुमित जायसवाल, तोरपा मंडल अध्यक्ष नीरज जायसवाल, महामंत्री केशव, खूंटी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुकेंद्र महतो, गोविंदपुर मंडल अध्यक्ष विनय गुप्ता, आशुतोष, कुणाल सहित अन्य भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## चाकू से घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी पुलिस ने विशाल कुमार नायक अभियुक्त को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। अभियुक्त पर पिछले दिन करण कुमार को चाकू से करने में संमलिप्ता का आरोप लगा है। पुलिस ने अभियुक्त विशाल कुमार को गोयंदा थाना क्षेत्र रांची में छापामारी कर गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है।

## जय माता दी ग्रुप के सदस्य 26 मई को खलारी से माता वैष्णो देवी की यात्रा के लिए होंगे रवाना

खलारी (आजाद सिपाही)। जय माता दी ग्रुप की बैठक रविवार को ग्रुप की सदस्या मुन्ना देवी ह्यमारुतिह्य के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक में ग्रुप के सदस्यों ने माता वैष्णों देवी की यात्रा को लेकर विषेश रूप से चर्चा किया। साथ ही तय किया गया कि 26 मई 2024 को ग्रुप के सदस्य खलारी से जम्मूतवी के लिए प्रस्थान करेंगे। वहीं जानकारी दिया गया कि 29 मई को माता रानी के दर्शन के पश्चात 30 मई को हरमिंदर साहिब अमृतसर का दर्शन और बाघा बॉर्डर जाने के पश्चात 02 जून से 04 जुन मथुरा वृंदावन दर्शन के लिए जत्था जायेगा। वहीं 05 जून को जत्था टूंडला जंक्शन से खलारी के लिए वापस रवाना होंगे। बैठक का संचालन अमरदीप रॉय ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सिन्नी समाड, वर्षा रानी, मारुति देवी मुन्ना, संजय सिंह, तुषार कुमार, संजय कुमार, दिलीप साव, सूरज प्रधान मुंडा, बादल सहित अन्य शामिल थे।
फोटो 01 बैठक करते जय माता दी ग्रुप के सदस्य।

## जंगली हाथी ने वृद्ध को किया घायल

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ वन क्षेत्र के सितु पंचायत अंतर्गत डुमरा गांव कै सुकराम सिंह मुंडा उम्र 70 वर्ष को रविवार अहले सुबह जंगली हाथी ने पटक कर घायल कर दिया। जंगली हाथी की चपेट में आने से दांया जांघ और कमर में चोट लगी है, जिसका बेहतर उपचार के लिए एमजीएम हॉस्पिटल जमशेदपुर भेजा जा रहा है तथा वन विभाग की ओर से तत्काल मुआवजा के रूप में घायल व्यक्ति सुकराम सिंह मुंडा के परिजनों को 15 हजार रु नगद राशि दिया गया।

## जीरो कंट्रास्ट एंजिओप्लास्टी से किडनी फेल्योर मरीज की बचायी जान



रांची (आजाद सिपाही)। एचइसी पारस अस्पताल में हार्ट अटैक से पीड़ित किडनी फेल्योर 68 वर्षीय पुरुष मरीज की जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी सफलतापूर्वक की गयी। इससे मरीज की जान बच गयी। इमरजेंसी में आये मरीज को पारस अस्पताल के एडवांस कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया। सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट और कार्डियोलॉजी के प्रमुख डॉ महेश कुशवाहा ने कहा कि जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी की नयी तकनीक है, जो आने वाले भविष्य में विशेष रूप से किडनी फेल्योर रोगियों और गुर्दे फेल्योर के उच्च जोखिम वाले रोगियों के लिए वरदान साबित होगी। जिन्हें एंजियोप्लास्टी से गुजरना पड़ता है। इस विधि से किडनी फेल्योर के मरीजों पर एंजियोप्लास्टी की जा सकती है। बताया कि किडनी मरीजों में स्थायी डायलिसिस पर जाने का डर बना रहता है, लेकिन जीरो कंट्रास्ट एंजियोप्लास्टी से इससे बचा जा सकता है, जिससे मरीजों को लंबे जीवन जीने में मदद मिलेगी। पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि अब प्रदेश के हृदय रोगियों को इलाज के लिए बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है।

## सामाजिक न्याय हक और अधिकारिता आंदोलन खड़ा करेंगे: ब्रह्मदेव प्रसाद

रांची (आजाद सिपाही)। पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) एकता अधिकार मंच ने रविवार को रांची में समाज के बुद्धिजीवियों की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने की। वहीं संचालन अजय वर्मा ने किया। बैठक में पिछड़ा समाज के हक और राजनैतिक भागीदारी सहित सरकारी नौकरी, बेरोजगार को मासिक भत्ता, जातीय जनगणना कराकर 27 की जगह 60 प्रतिशत आरक्षण सहित कई गंभीर विषयों पर चर्चा की गयी। बैठक में मेदिनीनगर और गढ़वा में आयोजित पिछड़ा वर्ग एकता एवं अधिकार यात्रा सह महासम्मेलन की समीक्षा की गयी। ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि हमारा पिछड़ा वर्ग परिवार वर्तमान में हाशिये पर है। इस समाज की 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या होने के बावजूद उचित भागीदारी नहीं मिलना काफी दुखद है। इस बैठक में रामनंदन प्रसाद साहू, संजय कुमार, दिलीप चौधरी, राकेश चौधरी, श्रवण कुमार, सागर कुमार, गोरखनाथ चौधरी, संतोष प्रसाद, चंद्रदेव प्रसाद, सूरज प्रसाद जायसवाल, ललित कुमार चौधरी सहित अन्य मौजूद थे।

# 17 करोड़ की लागत से होगा चांडिल अनुमंडल अस्पताल का पुनर्निर्माण

**गांगुडीह स्थित चांडिल अनुमंडल अस्पताल पुनर्निर्माण कार्य का विधायक ने किया भूमिपूजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ।** चाडिल अनुमंडल के जनता के बहुप्रतिक्षित मांग चांडिल प्रखंड के गांगुडीह स्थित चांडिल अनुमंडल अस्पताल भवन के पुनर्निर्माण कार्य का भूमिपूजन / शिलान्यास रविवार को विधायक सविता महतो ने विधिवत रुप से शिलापट्ट अनावरण कर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि अस्पताल भवन का पुनर्निर्माण कार्य 17 करोड़ रुपये की लागत से किया। विधायक ने कहा, चुनाव से पूर्व जनता से किये गये वादे को अब धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि अनुमंडल अस्पताल का निर्माण हो जाने से पूरे अनुमंडल क्षेत्र का लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर एसडीओ गिरजा शंकर महतो, बीडीओ तालेश्वर रविदास, झामुमो केंद्रीय सदस्य गुरुचरण किस्कु, पप्पू वर्मा, काबलु महतो ओम प्रकाश लायेक, स्नेहा महतो, बोनू सिंह सरदार, रामकृष्ण महतो, कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह समेत काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष और झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आदिवासी समाज पढ़े और संघर्ष करे तभी सामाजिक क्रांति होगी : प्रेमशाही

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू (सिल्ली)।** आदिवासी जन परिषद पांच परगना कमिटी तत्वाधान पतरातू हाई स्कूल सिल्ली में सिदाम मुंडा की अध्यक्षता में आदिवासी अधिकार सम्मेलन संपन्न हुई। जिसका संचालन रांची जिला अध्यक्ष सावना मुंडा ने की। इस सम्मेलन में आदिवासी जन परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा मुख्य वक्ता के तौर पर महासचिव प्रकाश मुंडा, अजय कच्छप अध्यक्ष आदिवासी सेना प्रधान महासचिव अभय भुट कुंवर, सेलीना लकड़ा, कुंदरसी मुंडा संगीता तिर्की मुख्य रूप में शामिल हुए। इस आदिवासी अधिकार सम्मेलन को रांची जिला महासचिव लखीचरण सिंह मुंडा ने आदिवासियों के जन मुद्दों को लेकर के आदिवासियों के धर्म संस्कृति व संविधानीक अधिकार की बाते कही। आदिवासी जन परिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि आदिवासियों को धर्म संस्कृति व संविधान के अधिकार लागू करने हेतु जागरूकता और संघर्ष तेज करना होगा, क्योंकि आदिवासी एक संक्रामक के रूप मे गुजर रहा है। आदिवासी समाज देश की आजादी के बाद हालात लागू नहीं हो पा रहा है। इसलिए इसको आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष तेज करने की आवश्यकता है। इसलिए आह्वान करते हुए कहना चाहते हैं कि आदिवासी समाज पढ़ें और संघर्ष करें तभी सामाजिक क्रांति होगी। सिल्ली क्षेत्र उलगुलान का क्षेत्र है आदिवासी जनविरोधी ताकतों के खिलाफ उलगुलाम तेज करना होगा। तभी आदिवासी क्रांति होगी। आदिवासी जन परिषद पांच परगना कमेटी के द्वारा आदिवासी अधिकार सम्मेलन में निम्नलिखित सामाजिक प्रस्ताव पारित की गई जो निम्नलिखित है। **18 मुद्दे पर गहन चर्चा की गयी:** इस कार्यक्रम में आदिवासी सेना के अध्यक्ष अजय कच्छप लखीचरण सिंह मुंडा,एम आर माझी, अनिल सिंह मुंडा, अभय भूट कुवर, कुंदरसी मुंडा, बाबूलाल महली, सेलीना लकड़ा, संगीता तिर्की, बोलेसर सिंह मुंडा, निशिकांत गंझु, दसई मुंडा सुंदर सिंह मुंडा, अजय बेदिया, लखीचरण, रघु अनिल मुंडा आदि उपस्थित थे।

# अबुआ आवास में गड़बड़ी पर ग्रामीणों ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**मैक्लुस्कीगंज।** लपरा पंचायत के नवाडीह मोना टोला में ग्रामीणों की बैठक रविवार को वार्ड सदस्य तारा देवी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में खलारी प्रखंड में अबुआ आवास योजना के तहत जारी प्रथम सूची में नवाडीह की भारी आबादी जिसमे एससी एसटी की एक भी लाभुको का लिस्ट में नाम नही रहने पर रोष प्रकट किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास में लाभुकों के चयन में गड़बड़ी की गयी है, यही कारण है कि नवाडीह जैसे भारी आबादी वाले गांव में मात्र चार पांच लोगों की सूची में नाम है, जबकि गांव में अधिकांश एससी एसटी वर्ग के लोग हैं जिनका रहने के लिए ठीक से घर नही है। ग्रामीणों ने कहा, यह पूरी तरह गड़बड़ी की गयी है जिसको लेकर ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया जायेगा। वहीं सीसीएल के रोहिणी करकट्टा ओसीपी खदान को लेकर होने वाले ग्राम सभा को लेकर भी चर्चा की गयी। ग्रामीणों ने कहा कि स्थानीय ग्रामीणों को उनका हक अधिकार सुनिश्चित होने पर प्रबंधन को सहयोग मिलेगा अन्यथा ग्रामीण प्रबंधन को कोई सहयोग नही करेंगे। बैठक में शिवनारायण लोहरा, प्रेम कुमार गुप्ता, राधेश्याम प्रसाद, नरेश यादव, अजय ठाकुर, अनिल प्रसाद, जितेंद्र यादव, दीपक गुप्ता, सुरेश लोहरा, नगीना कुमारी, सीता कुमारी, देवंती कुमारी, जानकी कुमारी, बसंती देवी, मुनिया, फुलमनी, कोशीला, तारा, मदन, रीमा, बंधनी, सोहरी देवी, राधा, संदीप, आकाश सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# डकरा भूतनगर के ग्रामीणों ने खेल मैदान में रेल पटरी बिछाने का किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** डकरा भूतनगर के ग्रामीण गांव के एकमात्र खेल मैदान में रेल पटरी बिछाने की इजाजत नहीं देंगे। मालूम हो कि सीसीएल नार्थ कर्णपुरा एरिया के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट केडीएच-पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट के लिए नया रेल पटरी बिछाया जाना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 15 नवंबर को खूंटी से इस प्रोजेक्ट का आनलाइल शिलान्यास किया था। रेल पटरी बिछाने का कार्य इंडियन रेलवे की इकाई राइट्स लिमिटेड करेगी। राइट्स द्वारा पूर्व में ही सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। सर्वे के अनुसार रेल पटरी भूतनगर के खेल मैदान से होकर जायेगा। इसके विरोध में भूतनगर के ग्रामीणों ने एक बैठक की। अध्यक्षता सलामत अंसारी ने की।

बैठक में उपस्थित मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने कहा कि भूतनगर विस्थापितों का गांव है। विस्थापित के पुनर्वास के रूप में सीसीएल द्वारा 1980 में भूतनगर को बसाया गया था। विस्थापित परिवार के लिए गांव से सटे खेल मैदान बनाया गया था। केडीएच प्रबंधन इस मैदान में ही रेल पटरी बिछाना चाहती है। पटरी बिछाने के लिए मैदान में ऊंचा पहाड़ बनाया जाएगा। अब्दुल्ला ने कहा कि सीसीएल को हम लोगों ने अपना जमीन दिया हैं और आज अधिकृत विस्थापितों के ऊपर शोषण करना शुरू कर दिया गया है। विस्थापित गांव का एकमात्र ऐसा मैदान है जिसमें छोटे बच्चे खेलते हैं और शादी विवाह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाता है।

कहा कि रेल पटरी बिछाने के लिए जो सर्वे किया गया है वह बिल्कुल गलत है। दूसरी तरफ जगह रहते हुए भूत नगर मैदान को खत्म करने के उद्देश्य से सीसीएल जान बूझकर इस मैदान को समाप्त करना चाहती है। बैठक में विस्थापित परिवार के लोगों ने संकल्प लिया है कि मैदान बचाने के लिए जान देना भी पड़े तो जान देने के लिए तैयार हैं। कहा कि विस्थापित परिवार के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। मैदान का एक इंच जमीन भी विस्थापित परिवार नहीं जाने देंगे। बैठक में अब्दुल्ला अंसारी, सलामत अंसारी, विकास लोहार, अजय कुमार, अफजाल, मुस्लिम अंसारी, विजय, सहित काफी संख्या में विस्थापित परिवार के लोग उपस्थित थे।

# धरती आबा बिरसा मुंडा ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी वह आज भी अधूरी है: धर्मगुरु सोमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू में रविवार को सरना धर्म सोतोः समिति शाखा उलिहातू का बारहवां स्थापना दिवस सह सरना प्रार्थना सभा आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सरना स्थल पर जेठा पहान, गोल्गा मुंडा व बुधराम मुंडा की अगुवाई में सिङबोंगा की पूजा-पाठ कर खुशहाली की कामना की गयी। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मगुरु सोमा कंडीर और विशिष्ट अतिथि के रूप में तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा शामिल हुए। मौके पर मुख्य अतिथि धर्मगुरु सोमा कंडीर ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने जिस समृद्ध समाज की कल्पना की थी, वह आज भी अधूरी है। उन्होंने न केवल ब्रिटिश साम्राज्य के शोषण, जुल्म, अन्याय व अत्याचार के विरुद्ध डटकर लड़ाई लड़ी, बल्कि समाज में व्याप्त पुरानी रूढ़ियों, धार्मिक आडंबरों व अंधविश्वासों का भी पुरजोर खंडन किया। हिंसा, बलि प्रथा व नशापान जैसी बुराईयों से समाज के लोगों को दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने जादू-टोना, डायन-बिसाही व भूत-प्रेत को मन का भ्रम बताया। विशिष्ट अतिथि तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा ने जिस समृद्ध राज्य की कल्पना करते हुए 'अबुआः दिसुम, अबुआः राज' का आह्वान किया था, वह अलग झारखंड राज्य बनने के 23 वर्ष गुजर जाने के बाद भी आज अधूरा है। आज भी हमारा समाज अशिक्षा, बेरोजगारी और भुखमरी जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि सरना कोड आवंटित करने के लिए झारखंड विधान सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कराकर केंद्र सरकार से सिफारिश की गयी है। परंतु चार वर्ष बीत जाने के बाद भी इस मामले में केंद्र उदासीन है। इसलिए सरना कोड लागू करने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति महोदया से मिलकर उनके समक्ष इस मांग को रखा जायेगा। कार्यक्रम में सुखराम मुंडा, मथुरा कंडीर, पांडु मुंडा, बुधराम सिंह मुंडा, सुमित गुड़िया, धीरजु मुंडा, मधु बारला, लेचा मुंडा, बुधराम मुंडू आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में अड़की, बिरबांकी, कोचांग, दलभंगा, तमाड़, बुंडू, खूंटी, मुरहू आदि क्षेत्रों से सरना धर्मावलंबी शामिल हुए।

## महिलाओं के विकास से ही हमारा देश समृद्ध बनेगा : केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा



बुंडू(आजाद सिपाही)। भारत सरकार ने नारी सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नारियों के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए महत्वपूर्ण योजना चलाये जा रहे हैं। महिलाओं के विकास से ही हमारा देश समृद्ध बनेगा। उक्त बातें केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने कही। वह रविवार को बुंडू में बाना बुरु महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड बुंडू के एफपीओ अंशधारक प्रमाणपत्र वितरण सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। अंत में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को 35% आरक्षण देकर सैनिक सेवा के अलावा सभी क्षेत्रों में रोजगार देने की भागीदारी सुनिश्चित की है। स्वस्थ और शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की वकालत करते हुए महिलाओं को सजग रहने की अपील किया। महिलाओं के बीच अंशधारक प्रमाण पत्र वितरण किया इस मौके पर जे एसएलपीसी अभिषेक चंद, किरण देवी, संगीता, प्रभा कुमारी,कपिल महतो, महेंद्र नाथ शाहदेव, विवेक आनंद जायसवाल, धीरेंद्र महतो, सजल कुंडू, रंजीत लाहेरी, बसंत, आलोक आदि मौजूद थे।

## केंद्रीय मंत्री ने मुंडा पथ निर्माण का किया शिलान्यास



तमाड़(आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के लाइफ लाइन सड़क जो काफी जर्जर थी आज प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत रायडीह मोड़ एनएच 33 से मल्हान भुईयांडीह भाया सारजमडीह पलना तक पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास केंद्रीय मंत्री सह स्थानीय अर्जुन मुंडा के द्वारा किया गया। इस मौके पर भाजपा के कई नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे। शिलान्यास कार्यक्रम के पश्चात तमाड़ प्रखंड परिसर पर महिला सखी मंडल भवन का उद्धाटन किया गया। जिसके उपरांत उन्होंने दिउड़ी स्थित स्थित रामदयाल मुंडा के बगान पर किसान प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें लाभुकों के बीच में करोड़ों की कृषक उपकरणों तथा सामग्रियों का वितरण किया गया। इस मौके पर कृषि विभाग के वैज्ञानिकों के अलावे तमाड़ सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण मुंडा अड़की सांसद प्रतिनिधि अनुप कुमार साहू जिला परिषद सदस्य दिलीप सेठ जिला सांसद प्रतिनिधि महेंद्रनाथ शाहदेव, गुंजल इकिर मुंडा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कुकडु की टीम को हराकर बारेंदा बनी चैंपियन



सोनाहातू(आजाद सिपाही)। प्रखंड के पंडाडीह मैदान में आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट में जेएस पब्लिक स्कूल बारेंदा की टीम ने आदिवासी -मूलवासी कुकडू की टीम को एक गोल से हराकर चैंपियन बना। फाइनल मुकाबला का उद्घाटन विधायक सुदेश कुमार महतो ने किया। विजेता टीम को कमिटी द्वारा नगद 71 हजार रुपये पुरस्कार देकर सम्मानित किये। द्वितीय पुरस्कार 51 हजार नगद आदिवासी मूलवासी कुकडू की टीम को कमिटी ने दिया। मौके पर कमिटी के अनूप सिंह मुंडा, फुलकेश्वर पुरान, राहुल बटव्याल, शिवराम सिंह मुंडा, जशिम अंसारी, रामरंजन चटर्जी, मनीष साहू, दीपक पुरान, दिनेश पुरान, सीमांत पुरान, संतोष कुम्हार सहित कमिटी के सभी युवा मौजूद थे।

## तीन मार्च को धमधमिया में होगी समिति की बैठक



खलारी(आजाद सिपाही)। बुकबुका पंचायत स्थित साांईनगर में अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति के तत्वाधान रविवार को भूमिज मूलवासी समाज की साध्वी सबरी माता की जयंती मनोज भुईयां की अध्यक्षता में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में उपस्थित लोगों ने माता सबरी का पूजन कर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। मौके पर समिति के सचिव गणेश भुईयां ने अपने विचारों को रखते हुए कहा कि माता सबरी भारत की मूलवासी भूमिज समाज की संत, समाज सेविका तथा वनरक्षी थी। वहीं समिति के अध्यक्ष मनोज भुईयां ने बैठक में जानकारी दिया कि आगामी 03 मार्च को अपराह्न 03:00 बजे से धमधमिया सामुदायिक भवन में अखिल भारतीय भूईयां समाज कल्याण समिति एनके पिपरवार की एक समीक्षा बैठक आयोजित होगी। उन्होंने समाज के लोगों से उक्त बैठक में आवष्यक रूप से शामिल होने की अपील भी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामप्रवेष राम, सुरी भुईयां, गणेष भुईयां, रंजीत भुईयां, अषोक कुमार भुईयां, बिनोद भुईयां, बिनोद भुईयां नावाडीह, मुकेष भुईयां, अषोक राम, चमन तुरी, मनीश भुईयां, रवींद्रनाथ सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जंगली हाथियों ने रानीडीह में मकान को किया ध्वस्त

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी प्रखंड के रानीडीह गांव में शनिवार की रात जगली हाथियों ने उत्पात मचा मदू उरांव के मकान को ढाह दिया और मकान में रखे अनाज को खा गये। ग्रामीणों ने बताया कि रात के करीब 11 बजे तीन जंगली हाथी गांव में आ धमके और उत्पात मचाते हुए दातों से वार भदू उरांव का मकान ध्वस्त कर दिया। बाद में ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद हाथियों को खदेड़ने में सफल रहे। इधर हाथियों ने फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचा रहे है, जिससे किसानो को भारी क्षति उठाना पड़ रहा है।

## लोक हित अधिकार पार्टी ने काशीनाथ सांगा को खूंटी लोकसभा प्रभारी बनाया

खूंटी(आजाद सिपाही)। लोकहित अधिकार पार्टी खूंटी जिला इकाई की एक बैठक रविवार को स्थानीय महात्मा गांधी धर्मशाला परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर ने कहा कि अबतक झारखंड में जितनी सरकारें बनी, वह सभी सरकारें राज्य की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के लोगों को सिर्फ अपना बंधुआ वोटर समझकर शोषण करती रही है। जो भी सरकार सत्ता में रही, वे अपनी नजर में खूंटी समेत पांच जिला के आरक्षण रोस्टर में पिछड़ा वर्ग को शून्य समझती हैं। इसी प्रकार महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष के रूप में हेमंती देवी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष- मोहम्मद खान, सचिव- हाफिज खान, अनुसूचित जनजाति महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष- सुनीता देवी (नायक), सचिव- आशा देवी एवं उपाध्यक्ष में माला देवी का चयन किया गया। साथ ही लोकहित अधिकार पार्टी के संरक्षक के रूप में पंचु महतो और विनोद शर्मा का चयन सर्वसमिति से किया गया। बैठक में नरेंद्र साहू, कांशी नाथ सांगा, धनेश्वर साहू विक्रम महतो मोहन साहू, संजय ठाकुर, किशोर ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## कुरमी/ कुड़मी को एसटी जाति का दर्जा जल्द दे सरकार: राजकुमार



**कांके (आजाद सिपाही)।** रांची के मोराबादी में रविवार को महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य रूप से कुरमी नेता परशुराम महतो, केशव महतो कमलेश, पूर्व सांसद राम टहल चौधरी, रंधीर चौधरी, पार्वती देवी,राजाराम महतो आदि ने शामिल होकर अपनी-अपनी बातें रखीं। कुरमी/कुड़मी हुंकार महारैली की अध्यक्षता शीतल ओहदार और संचालन राजेंद्र महतो ने किया। इस दौरान कुरमी/ कुड़मी समुदाय को एसटी सूची में शामिल करने की मांग रखी गई। कुरमी विकास परिषद के रांची जिला अध्यक्ष राजकुमार महतो ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि कुरमी को एसटी अनुसूचित जनजाति में जल्द से जल्द शामिल करें। हम लोग पूर्व में भी एसटी जाति में शामिल थे। इसलिए सरकार इस पर शीघ्र विचार कर हम लोगों की मांगों को पूरी करें। मौके पर कुरमी विकास परिषद के रांची जिला अध्यक्ष राजकुमार महतो, रूपलाल, दिनेश, दीपक अनिल, लीलावती, रानीलता, दशमी, बिनीता, सावित्री, मीना, आदि शामिल हुए।

## सड़क हादसे में दो घायल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर खत्री खटंगा मोड़ स्थित पुल के समीप रविवार की शाम 6.30 बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके नाम अगसतुस तिर्की (18) व अनुज तिर्की (16) के रूप में हुई है।**

### खिजरी व टाटीसिलवे के भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

# किसानों को स्वावलंबन बनाना मोदी का उद्देश्य : मनोज यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खिजरी और टाटीसिलवे मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 110वां संस्करण रविवार को मंडल के सभी बूथों पर सुना। इस दिन सिद्रोल में सैकडों लोगों ने मन की बात को सुना। कार्यक्रम में मुख्य रुप से भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी मनोज यादव उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि किसानों को स्वावलंबन बनाना मोदी का उद्देश्य है। प्रधानमंत्री के मन की बात में ड्रोन दीदी के माध्यम से किसानों की स्थिति सुधारी जायेगी। प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि जैविक खेती, बकरी पालन, जल संचय पर विशेष जोर दिया जा रहा है। वहीं, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आज का कार्यक्रम देश की सामूहिक शक्ति का सबसे बड़ा परिचायक है। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आग्रह किया। इस दौरान प्रदेश महिला मोर्चा अध्यक्ष आरती सिंह एवं प्रदेश उपाध्यक्ष आरती कुजूर ने संयुक्त रुप से कहा कि मोदी सरकार महिलाओं के मान-सम्मान के लिये कृत संकल्पित है। कार्यक्रम का संचालन मनोज कुमार सिंह व धन्यवाद ज्ञापन रुपा चैहान ने किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री अजय मुंडा, प्रदेश कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ, राजू लकड़ा, ममता देवी, अंजलि लकड़ा, ताराणि सिंह, आनंद कुमार, विकास कुमार, श्याम नारायण सिंह, आशा देवी, राजेश मिंज, संजीत खलखो, कृष्ण कुमार, नंदकिशोर सिंह, पृथ्वी सिंह, देव सिंह आदि उपस्थि थे।



मन की बात कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा नेता-कार्यकर्ता।

# बेड़ो में जंगली हाथी ने किसान को कुचला, हुई मौत

### बेटी की विदाई से पहले उठी पिता की अर्थी



मृतक मरतू मुंडा की फाइल फोटो।



मृतक की पत्नी को सहायता राशि देते वनरक्षी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड के खुरा टोली गांव में एक शादी की खुशियां उस समय मातम में बदल गई, जब बेटी की डोली उठने से पहले ही पिता की अर्थी उठी। दरअसर, एक जंगली हाथी ने पेशे से किसान मरतू मुंडा (55) को शनिवार की रात 11 बजे पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। वह बेड़ो थाना क्षेत्र के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खुराटोली गांव के मसना दरहा गढ़ा का रहने वाला था। वह रात में अपने बैल की तलाश में जंगल की ओर गया था, जहां हाथी ने दबोच लिया। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही रविवार की सुबह मुखिया लक्ष्मी कोया, पूर्व मुखिया सुनील कच्छप व वन विभाग के वनरक्षी सुभाष चंद्र प्रामाणिक, भूपेंद्र प्रसाद, रविशंकर महली और संजय भगत आदि मौके पर पहुंच गए। उधर, कसान की मौत से पूरे गांव में मातम छा गया है। जबकि परिवार में कोहराम मच गया है। शादी वाले घर में हुए इस हादसे के बाद से मातम है।

### जंगली हाथी ने जमकर मचाया उत्पात

**प्रखंड के खुरा टोली गांव में शनिवार की रात एक विशालकाय जंगली हाथी ने जमकर उत्पात मचाया। हाथी ने मृतक मरतू मुंडा सहित सात किसानों मनोज मुंडा, लोहरा उरांव, गइन्द्र मुंडा, शालू मुंडा, बुतरू मुंडा, मोडल मुंडा के गेंहू की फसल को खाकर व रौंदकर कर बर्बाद कर दिया है। लोगों की मानें तो हाथियों के हमले में प्रति वर्ष लाखों रुपये के घर व फसल बर्बाद हो जाते हैं। सबसे दुखद बात यह है कि हाथियों के खौफ से ग्रामीणों को निजात दिलाने के लिए प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा कोई सार्थक पहल अब तक नहीं किया जा रहा है।**

दूसरी ओर, वन विभग के अधिकारियों ने मृतक के स्वजनों को तत्काल 25 हजार रुपये की सहायता राशि दी। जबकि स्वजनों ने बताया कि शनिवार की शाम तक एक बैल वापस नहीं लौटा तो उसकी तलाश में मरतू मुंडा नदी की ओर गये थे। इसी दौरान अचानक एक जंगली हाथी ने उसपर हमला कर दिया और पटक-पटक कर जान ले ली। घर में मृतक की पत्नी पाल्हो मुंडाईन, उसके तीनों पुत्र रामपाल मुंडा, विजय मुंडा और प्रकाश मुंडा व बेटियां शनियारों एवं जीतन का रो-रो कर बुरा हाल है। वहीं, खबर पाकर मौके पर पहुंची बेड़ो पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेजा दिया।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीणों ने कहा कि वे लोग प्रत्येक वर्ष अपने खेत में हाड़तोड़ मेहनत कर खून पसीने की कमाई से फसल लगाते हैं पर हाथियों द्वारा हर साल फसलों को रौंद दिया जाता है। वन विभाग सिर्फ हाथी भगाने के नाम पर खानापूर्ति करती है। जिस समय हाथी नुकसान पहुंचाता है, उसी समय वन कर्मियों द्वारा ग्रामीणों से सहानुभूति दिखाया जाता है। बाद में आश्वासन के अलावा कुछ भी नहीं मिलता।

## ओरमांझी पहुंचे वित्तमंत्री का किया गया नागरिक अभिनंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** झारखंड सरकार में पुनः वित्त एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बनने पर डॉ रामेश्वर उरांव का ओरमांझी के बसाती में रविवार को नागरिक अभिनंदन किया गया। रमेश उरांव की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव लालकिशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश कुमार गुप्ता, रोहित उरांव, रमेश उरांव, सुरेश प्रसाद साहू, अशोक गुप्ता, संजय कुमार दूबे, रामटहल महतो, शिव प्रसाद साहू, आजम खान, बलराम बेदिया, लक्ष्मण उरांव, गोपाल बेदिया, लालमोहन बेदिया, दिनेश महतो, परमेश्वर भोक्ता, परमेश्वर गुप्ता, गोपाल बेदिया, देवेंद्र नाथ ठाकुर, रहीम अंसारी ग्राम प्रधान सुखराम पहान, जेठू मुंडा, दीपक मुंडा, झिरगा पहान, कालेश्वर मुंडा, घनेनाथ करमाली, शंकर करमाली, संगीता देवी, पंचायत समिति सदस्य पूर्व मुखिया सुनीता देवी, बिरजू उरांव, मीना देवी, करमू पहान, सोहराय बेदिया, दीपक मुंडा, कुंती कुमारी मिजं, उर्मिला देवी, रीना देवी व उषा देवी आदि उपस्थित थे।



## गुंगानाला में पुल निर्माण की स्वीकृति रामकुमार पाहन के प्रयासों का प्रतिफल : धनीराम महतो



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता धनीराम महतो ने कहा कि हाहे-राहे सड़क पर चिरप्रतिक्षित गुंगानाला में उच्चस्तरीय पुल निर्माण को स्वीकृत कराने में पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक रामकुमार पाहन अपने कार्यकाल के दौरान गुंगानाला में पुल निर्माण कराए जाने को लेकर लगातार प्रयासरत रहे थे। उन्होंने कई बार सदन में भी मामला उठाया था। यही नहीं पूर्व विधायक ने क्षेत्र की जनता के लिए पुल निर्माण को आवश्यक बताते हुए रघुवर सरकार के तत्कालीन मुख्य सचिव राजबाला वर्मा को गुंगानाला क्षेत्र का निरीक्षण भी कराया था। धनीराम महतो नें पूर्व विधायक के भुमिका को नजरअंदाज किए जाने पर नाराजगी व्यक्त किया।

## हुंडरू फॉल में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत चलाया गया स्वच्छता अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हुण्डरु फॉल में रविवार को पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, ग्रामीण स्वच्छ भारत मिशन झारखंड सरकार, डीआरडीए, एचडीएफसी बैंक एवं सीईई नीडस के संयुक्त सौजन्य से प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वच्छता अभियान हुण्डरु फॉल मेनगेट के बाहर एवं पुल के? दूसरी छोर व नदी साईड में चलाया गया। इस कार्य का सुरूवात पर्यटन स्थल की की गई। भविष्य में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के तहत कुच्चू पंचायत के सभी गांव में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा । गावों को प्लास्टिक मुक्त बनाना है, लोग प्लास्टिक का उपयोग नहीं करे इसके लिए जागरूक किया जाएगा। अब लोगों को बेकार प्लास्टिक के थैले एवं खाली बोतलों को फेकने की जरूरत नही है ,गावों में वेस्ट प्लास्टिक को जमा करके पंचायत स्तर में एकत्रित किया जाएगा और रिसाईकिलिगं के लिए एम आर आई सेंटर भेजा जाएगा । गांव के लोगों से एकत्रित वेस्ट प्लास्टिक का दाम दे कर खरीदा जाएगा। रूरल एवं आर्डर लैण्ड स्कैप फ्रीऑफ ड्राई एण्ड प्लास्टिक वेस्ट के तहत गांवों को प्लास्टिक मुक्त एवं जमीन को प्रदुषित होने से बचाना है । इस अभियान का शुरूआत कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया एवं नीड्स के प्रोजेक्ट कोडीनेटर किशोर भट्टाचार्य के द्वारा किया गया। स्वच्छता अभियान में मुख्य रूप से रंजीत कुमार, ग्राम प्रधान हुण्डरु जयदेव बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया, झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, हरिचरण महतो संदीप महतो अनुराग उरांव विष्णु कुमार बेदिया, मेघनाथ बेदिया, चंद्र उदय बेदिया, शंकर भोगता, राजेश महतो हरिचरण बेदिया, आदि उपस्थित थे।

## कपड़ा बैंक ने बांटा 350 जरूरतमंदों के बीच कपड़ा, कंबल

**बेड़ो (आजाद सिपाही)। कपड़ा बैंक की टीम ने रविवार को 350 जरूरतमंदों के बीच कपड़े व कंबल का वितरण किया। जिसकी अगुवाई कपड़ा बैंक के अध्यक्ष कैलाश कुमार ने की। उन्होंने कहा की कपड़ा बैंक पिछले चार वर्षों से लगातार जरूरतमंद लोगों के बीच नए-पुराने कपड़ों का वितरण करते आ रहा है। लोगों के सहयोग से ही कपड़ा बैंक संचालित हो रहा है। जिन लोगों के पास घर में अनुपयोगी कपड़े हैं वो कपड़ा बैंक में जमा करते हैं जिसे कपड़ा बैंक के सदस्य सुदूर गांव में जाकर जरूरतमंदों के बीच कपड़ा को वितरित करते है। जिससे उन कपड़ों का सही उपयोग हो जाता है। कहा कि लोगों द्वारा अनुपयोगी कपड़ों को जब जरूरतमंदों तक पहुंचाते हैं, तो उन्हें पाकर लोगों के चेहरे में जो खुशी दिखती है यही कपड़ा बैंक की सफलता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिनके घरों में अनुपयोगी कपड़े होते हैं वो कपड़ा बैंक में जमा कर दें ताकि अधिक से अधिक लोगों को सहयोग किया जा सके। मौके पर मुकेश कुमार, रवि केशरी, शक्ति साहू आदि मौजूद थे।**

### महत्वपूर्ण न्यूज

## जैलेंद्र कुमार ने मृतक के परिजनों को किया आर्थिक सहयोग



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)। हेसल गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता रामचरण महतो की मृत्यू विगत दिनों कुंए में डुबकर हो गई थी। सूचना पाकर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार मृतक के घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की। उन्होंने मौके पर मृतक के श्राद्धकर्म के लिए परिजनों को खाद्य सामग्री और नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। कहा कि मृतक रामचरण महतो हेसल बूथ नंबर 105 के कर्मठ भाजपा कार्यकर्ता थे। उनके निधन से पार्टी ने अपना एक सच्चा सिपाही को खो दिया है। मौके पर बनमाली महतो, जगेश्वर महतो, संजय नायक, विष्णु महतो, प्रताप महतो, सागर महतो, प्रभुदयाल महतो, शिवचरण महतो, अनुप महतो, पिंटू महतो, बैइरसो देवी, अनिता देवी, प्रिया कुमारी, श्रेया कुमारी आदि मौजूद थे।**

## वाइबीएन बीएड महाविद्यालय में सरस्वती भ्रमण का समापन



**नामकुम (आजाद सिपाही)। शिक्षक प्रशिक्षुओं में सृजनात्मक क्षमता एवं कुशल व्यक्तित्व विकास के लिये सत्र 2022-2024 का शैक्षणिक भ्रमण महाविद्यालय द्वारा संपन्न कराया गया। यह भ्रमण विद्यार्थियों को अपने और दूसरे के अनुभव से सीखने का एक अच्छा अवसर प्रदान करता है। जिससे वे प्रत्यक्ष रुप से देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम होते है। हमारे देश के उड़ीसा राज्य के पौराणिक धरोहर का प्रत्यक्ष अवलोकन के माध्यम से शिक्षक प्रशिक्षुओं के कल्पना शक्ति को बढ़ाने का प्रयास महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा किया गया। शैक्षणिक भ्रमण की समयावधि 20 से 24 फरवरी में विभाग के एचओडी डॉ कैलाश नाथ सिंह, डॉ मांडवी रॉय, डॉ सुभाष यादव, डॉ सुमन कुमारी, डॉ सुभाषिश सिंहा, डॉ सलमा प्रियंका के साथ शिक्षकों की ओर से बीएड प्रशिक्षुओं को दिशा निर्देशन प्रदान किया गया।**

## हेसल जमुवारी में मनायी गयी संत रविदास की जयंती



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** हेसल पंचायत के जमुवारी गांव में संत शिरोमणी रविदास जी की 647वीं जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन राम सहित अन्य ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर अर्जुन राम ने कहा कि संत रविदास जी जाति प्रथा के घोर विरोधी थे। उन्होंने मानव प्रेम का पाठ पढ़ाया था। अर्जुन राम ने संत रविदास जी के आदेश विचार को जीवन में आत्मसात करने का आहवान किया। मौके पर विजय राम, विनोद राम, सोहन पाहन, राजेश राम, राहुल राम, ललिता कुमारी, पिंकी देवी, डॉली कुमारी, शांति देवी, सुगन देवी, गोविंद आदि मौजूद थे।

## आजसू कार्यकर्ताओं ने स्व मोतीलाल की बेटी की शादी में किया आर्थिक सहयोग

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** प्रस्तावित प्रखंड जोन्हा अंतगर्त टाटी पंचायत के टाटी मैनिछापर गांव निवासी स्व मोतीलाल बेदिया की बेटी दुखनी कुमारी के विवाह समारोह में उपस्थित होकर आजसू कार्यकर्ताओं ने सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर आर्थिक सहयोग किया। आर्थिक सहयोग पाकर परिवार के सदस्य काफी खुश दिखे। शंकर ने कहा कि हर गरीब वंचित परिवार के साथ आजसू एवं सुदेश महतो खड़े हैं। आप सब हर एक समस्या से हमें, जरूर अवगत करायें।

## आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति की बैठक में अंचल कार्यालय घेराव को लेकर हुई चर्चा



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** आदिवासी मूलवासी संघर्ष समिति के बैनर तले रविवार को नामकुम प्रखंड के सिद्रोल एवं बड़ाम पंचायत में अंचल कार्यालय घेराव की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में बताया गया कि अंचल कार्यालय में जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनाने, पंजी 2 में आनलाइन प्लांट चढ़ाने, अबुआ आवास में गड़बड़ी, नरेगा योजना में मजदूरों का भुगतान सही समय नहीं होने, कर्मचारियों को पंचायत भवन में बैठाकर रखने पर चर्चा की गयी। समिति के अध्यक्ष प्रकाश लकड़ा ने 27 फरवरी को अंचल कार्यालय का घेराव करने एवं हक-अधिकार के प्रति जागरूक किया। मौके पर प्रकाश लकड़ा, नन्हे कच्छप, प्रदीप तिर्की, चामू बैक, लक्ष्मण लकड़ा, मोगो भगत, राजू लकड़ा, अंजू लकड़ा, कुलदीप लकड़ा, राजा सिंह, सुनील साहू, बालेश्वर सिंह, तारनीग सिंह, लक्ष्मी कुमारी, दिलीप मुंडा, हेमंत लोहर, ललित लकड़ा, मूनी कच्छप, जगना लिंडा, बिजय लकड़ा आदि उपस्थित थे।

### कइली दई कुड़ुख आवासीय विद्यालय ने मनाया चौथा वार्षिकोत्सव

# अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को देते हैं एक नया रूप : प्रधानाध्यापक

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** मनखा मुंडा स्थित कईली दई कुड़ुख आवासीय विद्यालय का चौथा वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसका उद्‌घाटन 12 पड़हा बेल सोहराई उरांव, 7 पड़हा बेल जीतू उरांव, 27 पड़हा कोटवार गजेंद्र उरांव, सौंसे खेखेल राजी, आदिवासी परदाना खोड़हा बेड़ो के अध्यक्ष सुका उरांव, सचिव बंधना उरांव व प्रधानाध्यापक पंकज कुजूर ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, प्रधानाध्यापक ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ ही उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इधर, स्कूल परिसर में बच्चों व अभिभावकों के लिए चिकित्सा शिविर लगाया गया था। मौके पर पूनम उरांव, अंजू उरांव, उषा उरांव, सुषमा उरांव, प्रमिला उरांव, सोमा उरांव व रमेश उरांव मौजूद थे। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में सोनी उरांव, अनिता लकड़ा, प्रशांत सहगल, भुनेश्वर उरांव, अरविंद उरांव आदि का योगदान सराहनीय रहा।




कार्यक्रम का उद्‌घाटन करते गणमाव्य लोग।

## हेमंत सोरेन की रिहाई की मांग को लेकर झामुमो ने नगड़ी में निकाली न्याय यात्रा



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। झामुमो नगडी प्रखंड कमेटी के बैनर तले रविवार को हेमंत सोरेन के रिहाई की मांग को लेकर नगड़ी, नारो, देवरी और साहेर के पंचायतों में न्याय यात्रा निकाली गयी। न्याय यात्रा का शुभारंभ नगडी पंचायत से हुआ। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि जेल का फाटक फूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा। मौके पर ज़िला उपाध्यक्ष रातू-नगडी प्रखंड प्रभारी कलाम आजाद, जिला महिला उपाध्यक्ष राखी देवी, प्रखंड अध्यक्ष विनोद तिर्की, अल्पसंख्यक प्रखंड अध्यक्ष तसलीम अंसारी, महिला प्रखंड अध्यक्ष सुकरमनी देवी, प्रखंड किसान मोर्चा अध्यक्ष बांदे उरांव, उपाध्यक्ष महतो, सोमारी उरांव, प्रमोद हजाम, प्रमिला देवी, सुरेश महतो, खुर्शीद अंसारी, राहुल मिंज, रेयाजुल अंसारी, गुफरान अहमद, गीता देवी, बंसती देवी, यास्मीन खातून, नौशाद अंसारी आदि मौजूद थे।**

**स्वीप कार्यक्रम :** वॉकथॉन का आयोजन, समाहरणालय परिसर से पैदल ही पुलिस लाइन मैदान पहुंचे डीसी व एसपी

# इस बार 80 पार संकल्प के साथ सभी मतदान करने जायें : डीसी

**हमारे वोट से ही देश व राज्य का भविष्य तय होता है, मतदान हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** लोकसभा चुनाव को लेकर जिले में शत-प्रतिशत मतदान कराने व सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रविवार को समाहरणालय परिसर से पलामू डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन, एसपी रिष्मा रमेशन, डीडीसी रवि आंनद आदि ने हरी झंडी दिखाकर वॉकथॉन को रवाना किया। इसके बाद डीसी खुद वॉकथॉन में शामिल होकर अन्य पदाधिकारियों, स्कूली बच्चों, विभिन्न सामाजिक संगठनों व भारी संख्या में आमजनों के साथ कचहरी, छह मुहान चौक, हॉस्पिटल चौक, साहित्य समाज चौक होते हुए पैदल ही पुलिस लाइन मैदान पहुंचे। इस दौरान पूरा शहर चुनाव का पर्व देश का गर्व, उम्र 18 पूरी है वोट देना जरूरी है, सबका यह अरमान है,सबको करना मतदान है, आपका वोट आपका भविष्य जैसे नारों से गूंजता रहा। युवा व स्कूली बच्चे हाथों में प्लेकार्ड्स लिये सड़क पर आवाजाही कर रहे लोगों से चुनाव में मतदान करने की अपील किए।



वॉकाथान के दौरान प्रतियोगिता में जीतने वाली बच्ची को सम्मानित करते अतिथि।

दूसरी ओर, जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन ने इंस्टाग्राम पर रिल्स व अन्य सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को वोटिंग के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उन्होंने सभी से अबकी बार 80 पार के संकल्प के साथ मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से सकारात्मक असर दिखता है जो लोगों के बीच वोट डालने की क्यूरियोसिटी बढ़ाने में मदद करता है। कहा कि हमारे वोट से ही देश व राज्य का भविष्य तय होता है। इसलिए मतदान हम सभी की नैतिक जिम्मेवारी है। वोट हमें समानता का अधिकार भी देता है। उन्होंने मौके पर मौजूद सभी युवाओं से खुद मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा। बताया कि मतदान के दिन जो दिव्यांग मतदाता व फर्स्ट टाइम वोटर जो अपने बूथ पर सबसे पहले मतदान करने पहुंचेंगे उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। मौके पर हुसैनाबाद एसडीएम आशीष गंगवार, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, सदर एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, लायंस क्लब से जुड़े लोग, विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग आदि उपस्थित थे।

## डीसी व एसपी ने हवा में गुब्बारा उड़ाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

**समाहरणालय परिसर से पुलिस लाइन मैदान पहुंचे डीसी व एसपी समेत अन्य पदाधिकारीयों ने हवा में गुब्बारा उड़ाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। इसके बाद उपस्थित सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा का शपथ भी दिलायी गयी। अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित स्कूली बच्चों से जुनाव से जुड़े विभिन्न सवाल जवाब किया और सही उत्तरदेने वालों बच्चों को पुरस्कृत भी किया।**

# संत गुरु रविदास ने समाज को हमेशा एकजुट होकर चलने का रास्ता दिखाया: डॉ शशिभूषण

**कई स्थानों पर आयोजित संत रविदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी/पलामू।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने प्रखंड के बचदोहर, पगार खुर्द, चोरया, लोहरसी,तरहसी प्रखंड के उदयपुरा, लकडाही, भलोगड़ी, सेंवती, धुमा, नीलाम्बर पिताम्बरपुर प्रखंड के जुरू, कुन्दरी सहित विभिन्न जगहों पर भाग लिया। पूजा कमिटी के आयोजकों ने विधायक को फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कहा कि भारत के प्रसिद्ध संत रविदास को रैदास के नाम से भी जाना जाता है। रविदास जी ऐसे संत और कवि थे, जिनका भक्ति आंदोलन में अहम योगदान रहा। समाज विभाजन को दूर करने पर इन्होंने जोर दिया।



संत गुरु रविदास जी को प्रेम और करुणा की शिक्षाओं और समाज से जाती के भेदभाव को दूर करने के लिए जाना जाता है। हर साल माघ पूर्णिमा को रविदास जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि संत सभी जाति धर्म के लिए आदर्श होते है, संत गुरु रविदास ने हमेशा समाज को एकजुट होकर चलने का रास्ता दिखाया। और संगठित होकर चलने से मंजिल पर आप और हमलोग पंहुच पाएंगे। अभी के दौर में सभी जगह समाज में बिखराव हो रही है। समाज में फूट हो रही है ऐसी स्थिति में समाज को सतगुरु रविदास जी को बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। विधायक ने डॉ भीमराव अंबेडकर के आदम कद प्रतिमा का भी अनावरण किया। कहा कि डॉ अम्बेडकर ने जो शिक्षित बनने और एकजुट होकर संघर्ष करने की प्रेरणा दिया है उसे आज अपनाने की जरूरत है। मौके पर संजय चंद्रवंशी,प्रो. बच्चन ठाकुर, प्रकाश मेहता, निर्मल मेहता,अजित प्रसाद गुप्ता,सुधीर तिवारी,रौशन सिंह, प्रमुख सुनील पासवान आदि मौजूद थे।

## संत मरियम में नामांकन के लिए द्वितीय चरण की परीक्षा में शामिल हुए 200 से अधिक बच्चे



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिले के सुप्रसिद्ध संत मरियम आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए 200 से अधिक बच्चों ने द्वितीय चरण की परीक्षा दी। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने सभी परीक्षार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना करता हूं। उन्होंने कहा कि यह हमारे विद्यालय में बच्चों के नामांकन हेतु द्वितीय चरण की परीक्षा थी, जिसका रिजल्ट आगामी 28 फरवरी 2024 दिन बुधवार को प्रकाशित किया जाएगा। इसके उपरांत मेरिट के अनुसार बच्चों का नामांकन लिया जाएगा। वहीं तृतीय चरण की परीक्षा आगामी 31 मार्च को होगी। उसके लिए अभिभावक संत मरियम आवासीय विद्यालय के कार्यालय से फॉर्म लेकर परीक्षा के लिए अप्लाई कर सकते हैं। विदित हो कि परीक्षा के दरमियान सभी परीक्षा दे रहे सभी बच्चे हंसते-मुस्कुराते-खिलखिलाते हुए दिखे। श्री देव ने कहा कि बच्चे के चेहरे पर यह मुस्कुराहट बरकरार रहे, इसके लिए हमारा विद्यालय परिवार प्रतिबंध है। इस मौके पर विद्यालय पर प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, उप प्रधानाचार्य एसबी साहा समेत विद्यालय परिवार के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## संत रविदास जी समान मानव मूल्य के पहले प्रवर्तक थे : कर्नल संजय सिंह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह ने हुसैनाबाद के रामबीघा, तिवारीबीघा, सीढ़ापर, पोलडीह, घुरुआ मझौली, झरगड़ा, अलीमदद, दुलहर भदईपर सहित दर्जनों गांवों में आयोजित संत शिरोमणि श्री रविदास जी की जन्म जयंती समारोह में भाग लिया। उन्होंने कहा कि संत रविदास मध्यकालीन भारत के एक दलित परिवार में जन्म लेकर हिंदू समाज में बढ़ रहे रूढ़िवादी और ढोंगी सोच के साथ ही जाति-प्रथा जैसे नकारात्मक सोच को लगाम लगाने का प्रयास किये, जिसके चलते इन्हें संत शिरोमणि सत गुरु की उपाधि दी गई है। उन्होंने रविदासीया पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। उन्होंने लोगों से उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। मौके पर गणेश राम, मनोहर सिंह, मनोज शर्मा, मनोज सिंह, सुभाष कुमार और ज्ञानू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञान के मार्ग खोलने का प्रतीक है महाशिवरात्रि पर्व: कंचन दीदी

**ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि में मनाया गया महाशिवरात्रि उत्सव**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला के मधुशाला रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के सद्भावना भवन में रविवार को 88वां महाशिवरात्रि महोत्सव मनाया गया। जिसका शुभारंभ राजयोगिनी कंचन दीदी, निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार, प्रखंड बिससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, सद्भावना भवन के संचालक बीके नीरज आदि ने संयुक्त रूप से किया। अपने संबोधन में राजयोगिनी कंचन दीदी ने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा लोगों को संदेश दिया जा रहा है कि स्वयं निराकार परमपिता परमात्मा शिव इस धरा पर अवतरित होकर मनुष्य




आत्माओं को देव तुल्य बनाने का कार्य कर रहे हैं। परमपिता ने इस संसार में सभी को जिम्मेदारियां निर्धारित करके भेजा है। ब्रह्माकुमारी संस्था की बहनें समाज को सही रास्ते पर चलने व शांति से रहने की शिक्षा देने की जिम्मेदारी निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि आज विश्व पहले की तरह संघर्षों में बंटा तो हुआ ही है यह एक अभूतपूर्व पारिस्थितिक संकट का भी सामना कर रहा है। प्रकृति माता और उसके सभी बच्चों के साथ सामंजस्य बनाते हुए एक संतुलित और करुणापूर्ण जीवन की पहले कभी इतनी आवश्यकता अनुभव नहीं की गई जितनी आज की जा रही है। यह महाशिवरात्रि हमारे अंदर के अंधकार को दूर करे और हम सभी को अधिक पूर्ण और समृद्ध जीवन की ओर ले जाए। मौके पर संस्था की संचालिका बीके नीलम, बीके पूनम, बीके नम्रता, बीके धीरज, डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## मंदिर निर्माण कार्य जल्द पूरा कर लिया जायेगा : डॉ मेहता

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत करार (नादगद) सोनरे नदी के तट पर रविवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज की ओर से माता शबरी पूजा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधायक डॉ शशि भूषण मेहता के अलावा पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि पिछले 15 वर्षो से माता शबरी पूजा की जाती है। साथ ही दो दिवसीय भव्य मेला का अयोजन किया जाता है। भगवान राम के वन भ्रमण के दौरान जिस माता शबरी ने उन्हें जूठे बेर खिलाए थे। सनातन धर्म में जिस



मां शबरी को इस भक्ति का बड़ा पर्याय माना जाता है। आज जरूरत है धर्म की मर्म को समझने की धर्म जिंदगी की कला सिखाती है। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा की। साथ ही पूजा समिति को 11 हजार रुपए सहयोग राशि दिया। मौके पर समिति के अध्यक्ष विजय भुईयां, सचिव विकास कुमार भुईयां, उपाध्यक्ष मनोज भुइयां, संयोजक कपिल कुमार भुइयां, अखिलेश कुमार, बबलू भुइयां, समाजसेवी उत्तम गुप्ता, पांकी पश्चिम पूर्व जिला परिषद प्रतिनिधि अरविंद सिंह, ज्ञानी सिंह,ललन भुइंया आदि मौजूद थे।

# संतों और महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत: सुधा कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतबरवा/पलामू।** रविदास महासभा प्रखंड इकाई सतबरवा के तत्वाधान में शनिवार को अंबेडकर नगर सतबरवा में संत शिरोमणि रविदास जी की 647 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जिला परिषद सुधा कुमारी विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा एवं सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिंह ने संत रविदास, भीमराव अंबेडकर, गौतम बुद्ध और माता शबरी की तस्वीर पर पुष्प माला अर्पित कर किया। कार्यक्रम का संचालन रविदास महासभा के निगरानी अध्यक्ष गिरवर राम ने किया, जबकि अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने किया।



जिला परिषद सदस्य सुधा कुमारी ने कहा कि हमें संतों और महापुरुषों के पद चोन पर चलने की जरूरत है। तभी हम अपने जीवन में सफल हो पाएंगे। आशीष सिंह ने कहा कि हमें संत रविदास जी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है। वहीं, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा और शिक्षिका सुमन कुमारी ने कहा कि शिक्षा हमारे जीवन में बहुत जरूरी है क्योंकि शिक्षा से चरित्र निर्माण होता है। कार्यक्रम में स्थानीय व्यास परशुराम सिंह के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर अशोक राम, अजय उरांव, सुदेश्वर राम, विकास कुमार, कामेश राम, सोनू कुमार, प्रकाश कुमार, अर्जुन राम, छोटू कुमार आदि मौजूद थे।

# ग्रासिम लोगों के आर्थिक और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्नशील: अवस्थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ग्रासिम सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेसा पलामू के संयुक्त तत्वावधान में आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल रेहला प्रांगण में रविवार को एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेहला के संस्थान प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि ग्रासिम अपने स्थापना काल से ही आसपास के लोगों के आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्नशील है। हम आदित्य बिड़ला समूह द्वारा निर्देशित पांच सूत्री विकासात्मक कार्यक्रम शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविकोपार्जन, आधारभूत



संरचना, सामाजिक एवं महिला सशक्तिकरण के माध्यम से सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं, विशिष्ट अतिथि महासचिव सेसा डॉ कौशिक मल्लिक ने भी शिविर के आयोजन के लिए ग्रासिम प्रबंधन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि सेसा के संयुक्त निदेशक डॉ जसबीर भी उपस्थित थीं। इस मौके पर 25 गांव के कुल 207 जरूरतमंदों के नेत्र का जांच किया गया। उनमें से 116 लोगों को जिन्हें नजदीक के नजर की समस्या थी, उनके बीच चश्मे का वितरण भी किया गया। मौके पर शिवम पाठक, हरदीप कोहली, प्रणव पांडा, दिलीप दास, बिपिन दीक्षित, डॉ पीपी पांडेय, महिला मंडल की वंदना कोहली, अनुपमा मिश्रा, इनरव्हील क्लब की यामिनी शर्मा, डॉ सुतापा बोस आदि थे।

# स्पोर्ट्स



**ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में चल रहे 7वीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में झारखंड की टीम ने सबसे ज्यादा पदकों के साथ ओवरऑ चैपियन बना। झारखंड की आस्था उरांव और एल प्लेटोदीप सिंह ने तीन-तीन स्वर्ण पदक जीता।**

**उपलब्धि :** 7वीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता का समापन

# झारखंड की टीम बनी ओवर ऑल चैंपियन

आजाद सिपाही संवाददाता

**राची।** ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम में चल रहे 7वीं फेडरेशन कप वुशु प्रतियोगिता में झारखंड टीम ने पदको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर राजस्थान और तीसरे स्थान पर असम की टीम रही। वहीं, झारखंड की तरफ से इस लीग में खेलते हुए झारखण्ड की आस्था उरांव एवं एल प्लेटोदीप सिंह ने ताउलु में तीन -तीन स्वर्ण पदक जीते।

झारखंड के पदक विजेता खिलाडी : गोल्ड :



निशांत तिर्की,तारा कुमारी, श्रेया कुमारी, सोनाली कुमारी, शिवम्-उरांव, ललन यादव, अंकित कुमार, आकाश उरांव, संजना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, तनुश्री, साकिब अंसारी, सोनी मिंज,प्रिया गाड़ी, आस्था उरांव, मनीष मुंडा, एल प्लेटोदीप सिंह,आस्था उरांव

सिल्वर : डॉली कुमारी,तारा कुमारी, अंकित कुमार, रोहित कुमार गंझु।

ब्रोज : सोमनाथ सिंह कंचन तिग्गा,तनुश्री, संजना कुमारी, कुसुम कुमारी आकाश उरांव, सोनी मिंज रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि धीरसेन ए सोरेन राज्य परियोजना पदाधिकारी द्वारा फेडरेसन कप वुशु प्रतियोगिता के खिलाड़ियों के बिच मेडल, ट्रॉफी और पदक प्रदान किये गए। मौके पर साईं के श्री बी महापत्र सहित सुहेल अहमद वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सीइओ, सुहेल अहमद, सुनील सूर्यंत, अनिका कुमार, उदय साहू, प्रियदर्शी अमर, डॉ कविता सिंह, चंचल भट्टाचार्य, मनोज महतो, मनोज साहू, शिवेंद्र दुबे, शैलेन्द्र दुबे, मिथिलेश साहू, शम्भू सेठ, प्रद्युम्न बेहरा आदि थे।

## इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्लेयर ने 21 रनों से जीता मैच

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड अधिवक्ता मंच के तत्वावधान में झारखंड एडवोकेट क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हुआ, जिसाक उद्घाटन अधिवक्ता मंच के अध्यक्ष डॉ रविंद्र कुमार ने किया। पहला मैच झारखंड हाई कोर्ट रांची बनाम इंडियन एसोसिएशन आफ लॉयर्स क्रिकेट रांची के बीच हुआ, जिसमें इंडियन एसोसिएशन ऑफ प्लेयर क्रिकेट रांची ने मैच को 21 रनों से जीत लिया। दूसरा मैच सुभाष सोरेन एंड एसोसिएट एंड द बार ब्रैडर्स के बीच हुआ जिसमें सुभाष चरण की टीम नहीं आने के कारण वाक ओवर दे दिया गया। जबकि तीसरा मैच केदार साहू एंड एसोसिएट एवं एडवेंचर क्लब के




साथ हुआ, जिसमें द एडवेंचर क्लब 14 रनों से जीत गई। चौथा मैच गुमला बार एसोसिएशन बनाम डीआरटी की हुई जिसमें गुमला की टीम 9 विकेट से जीत हासिल की। पांचवा मैच कालाकोट एक्सएल बनाम झारखंड हाई कोर्ट ग्रीन पैंथर के बीच हुई जिसमें कल कोट सी, 65 रन से विजय हुई। रविवार का छठ अंतिम मैच झारखंड हाई कोर्ट बनाम डी बर्बाद ब्रदर्स के बीच हुई जिसमें झारखंड हाई कोर्ट की टीम 64 रनों से जीतगई। इस क्रिकेट टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार मनोज कुमार, प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष कुबेर, झारखंड नागरिक परिषद के अध्यक्ष उत्तम कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता केदार साहू, किशोरी देवी विनोद सिंह प्रकाश सिंह आदि विशेष रूप से उपस्थित हुए।

## स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत निकली जागरूकता रैली

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** आजादी के 75 वां अमृत महोत्सव के उपलक्ष में संत निरंकारी मिशन की ओर से रविवार को हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के बटाने नदी घाटों का साफ सफाई की गई।इससे पहले मिशन के लोगों द्वारा शहर में स्वच्छ जल स्वच्छ मन के तहत जागरूकता रैली निकाली। सेवा दल से जुडे युवक, युवतियों ने हाथ में झाडू लेकर बटाने नदी घाट परिसर की सफाई के साथ ही नदी में उतरकर उसमें खर पतवार, शैवाल निकालकर उसे स्वच्छ निर्मल बनाने में जुट गए। इसमें मुखिया सरोज प्रसाद मेहता, राजकुमार मेहता, उमेश प्रसाद, रमेश कुमार, शिवनंदन प्रसाद,वीरेंद्र कुमार, बिरजू कुमार, रामजतन, बसंती, रिंकी, धर्मशीला, नीलम, भारती आदि शामिल थे।

### दहशत : गोमिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का तांडव

## महिला और वृद्ध की पटक कर ली जान

**दो अन्य महिलाओं को पटक कर किया गंभीर रूप से घायल**

आजाद सिपाही संवाददाता



जंगल में विचरण करना जंगली हाथियों का झुंड

**ललपनिया।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र में जंगली हाथियों का तांडव देखने को मिला। हाथियों के झुंड ने ललपनिया कोदवाटांड निवासी सन्नू मांझी (65) को पटक-पटक कर व पैर से कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। जबकि एक अन्य महिला पर भी हमला दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल है। इसके अलावा तुलबुल पंचायत के चैलियाटांड में भी सुहानी देवी नामक 25 वर्षीय महिला को हाथी ने पटक कर घायल कर दिया। इसके अलावा भीम तुरी की पत्नी मंजरी देवी (45) को भी जंगली हाथियों के आक्रोश का कोपभाजन बनना बड़ा, जिससे उसकी भी मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत का महौल है। जबकि परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। सूत्रों की मानें तो सूचना पाकर रविवार को जन प्रतिनिधि और विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है।

### धनबाद में चुनाव कार्यालय खुला, बाबूलाल ने सुनी पीएम मन की बात

## कार्यकर्ता हर चौखट पर दस्तक दें: मरांडी

**भ्रष्टाचार की पोल खुलेगी, प्रखंड तक होगा प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी रविवार को धनबाद पहुंचे। वे हाउसिंग कॉलोनी स्थित धनबाद लोकसभा चुनाव के प्रधान कार्यालय के उद्घाटन के बाद पीएम मन की बात कार्यक्रम को सुना। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि 1 मार्च को प्रधानमंत्री धनबाद आ रहे हैं। इस दौरान वह सिंदरी हर्ल कारखाना का उद्घाटन करने के साथ बरवाअड्डा स्थित हवाई अड्डा में जनसभा को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम स्थल पर धनबाद और बोकारो के प्रत्येक गांव, मुहल्ला, टोला के लोग पहुंच कर प्रधानमंत्री के भाषण को सुने, इस पर कार्यकर्ताओं को काम करने की जरूरत है। खासकर आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा और नृत्य-संगीत के साथ जनसभा स्थल पर पहुंचेंगे। इसकी भी व्यवस्था करनी है। बाबूलाल मरांडी ने लाभार्थी संपर्क गांव तक कार्यक्रम के तहत हर घर तक दस्तक देने की बात कही। कहा कि इस बार हर हाल में पिछले बार से कई गुना अधिक वोटों को बढ़ाना है। 4 मार्च के बाद राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया जायेगा। इसमें भ्रष्टाचार को जनता के सामने उजागर कर बेनकाब किया जायेगा। खासकर अबुआ आवास योजना में भ्रष्टाचार हुआ है। इसलिए सभी कार्यकर्ता जिला मुख्यालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक प्रदर्शन की तैयारी में जुट जायें। जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले को भी लेकर सीबीआइ जांच की मांग की है।



**पीएम के 400 पार का संकल्प पूरा होगा: सांसद**

सांसद पशुपतिनाथ सिंह ने कहा कि धनबाद लोकसभा सबसे सुरक्षित सीट है। इसका उन्हें भरोसा है। इस बार ऐतिहासिक जीत होगी। प्रधानमंत्री के 400 पार का संकल्प भी पूरा होगा। कार्यक्रम में रागिनी सिंह, राज सिन्हा, दुल्लू महतो, अपर्णा सेनगुप्ता समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

## हर आउटसोर्सिंग कंपनी को स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता से देना होगा रोजगार : हर्ष सिंह

- जेलगोड़ा में आयोजित हुआ जनता मजदूर संघ का मिलन समारोह
- कहा- झरिया विधायक की बात भी माननी होगी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनसार/झरिया।** जेलगोड़ा चेक पोस्ट के निकट जनता मजदूर संघ (जमसं) की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। संगठन के संयुक्त सचिव हर्ष सिंह के समक्ष जनता श्रमिक संघ (जश्रसं) से नाता तोड़ कर रजनीश सिंह, गणेश साव, अनिता देवी और गुड्डु सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने जमसं का दामन थाम लिया हैं। हर्ष सिंह ने सभी को माला पहनाकर संगठन में स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि मूलभूत समस्या पानी की होती है, जिसका निदान झरिया में किया गया है। कोई भी आउटसोर्सिंग कंपनी हो, झरिया में स्थानीय युवाओं को रोजगार देना ही होगा। झरिया विधायक के निर्देश पर ही आउटसोर्सिंग कंपनी को काम करना होगा। झरिया के लोगों को झरिया में ही बसाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर साही और संचालन मृणाल कांत सिंह ने किया है। वहीं, रजनीश ने कहा कि झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने चेक पोस्ट के निकट कई पानी का नल कनेक्शन दिया गया है। इस मौके पर पूर्व पार्षद चंदन महतो, अभिषेक सिंह, शुबोध सिंह और महिपाल सिंह आदि ने भी अपने-अपने विचार रखे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**निरसा (आजाद सिपाही)।।** बंगाल के नेताजी आई अस्पताल रामचंद्रपुर के सौजन्य से रविवार को निरसा स्थित पंडरा मोड़ के समीप आकाश रिसोर्ट में आंखों का मुफ्त जांच शिविर का आयोजन लॉज के संचालक भोलानाथ कुंभकार की ओर से किया गया। जिसमें कुल 70 लोगों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। इस दौरान 36 लोगों का मुफ्त ऑपरेशन के लिए चयन हुआ। जिनका ऑपरेशन अस्पताल में किया जाएगा। वहीं, शिविर के इंचार्ज गौतम दे ने बताया कि हम लोग लगातार किसी भी दूर दराज के गांव शहर में गरीब लोगो के बीच आंखों का शिविर का आयोजन करते हैं जिसमें गरीब दूर्वा लोग मुफ्त में इलाज करा कर सफल ऑपरेशन किया जाता है एवं लोग अपनी आंखों की रोशनी गवाते नहीं।

## प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी ने किया हर्ल का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक मार्च को धनबाद में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी वरुण रंजन ने रविवार को प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) का दौरा किया। वहां के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और समीक्षा किया। बैठक में हर्ल के चेयरमैन देवाशिखा नंदा ने डीसी को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर हर्ल द्वारा की जा रही तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी। जिसमें प्रधानमंत्री के हेलीपैड पर लैंडिंग, वहां उनका स्वागत, वहां से कार्यक्रम स्थल, उद्घाटन स्थल, सभास्थल और गेस्ट लिस्ट आदि के के बारे में विस्तार से बताया। इसके बाद डीसी ने हेलीपैड, सभा स्थल, एग्जिबिशन स्थल, हेलीपैड से सभा स्थल तक के रूट लाइनिंग आदि का क्रमवार निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की है। 29 फरवरी को कार्यक्रम को लेकर फाइनल अभ्यास किया जाएगा। इस मौके पर महाप्रबंधक सुरेश प्रमाणिक, डीडीसी सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, डीटीओ दिवाकर सी द्विवेदी, कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, रविंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो, हर्ल के डीजीएम एचआर सुबोध दीक्षित, चिफ मैनेजर एचआर संत सिंह, मैनेजर एचआर विक्रांत कुमार, चिफ सिक्योरिटी आफिसर कर्नल एसके मिश्रा आदि मौजूद थे।

## डीओ धारकों ने हर्ष सिंह पर प्रति टन 1000 रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया

**मेसर्स जय मां तारा के रंजीत रवानी ने धनबाद एसएसपी से कार्रवाई की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता




**धनबाद।** डीओ धारकों मेसर्स जय मां तारा, कृष्ण नारायण कोल ट्रेड्स एवं कन्हैया पावर प्राइवेट लिमिटेड के मालिकों ने बताया कि प्रमोद सिंह नामक व्यक्ति जो सिंह नेचुरल्स के अधीन कार्यरत है और उनके द्वारा जबरन रंगदारी के नाम पर लोडिंग कार्य को बाधित किया गया। प्रति टन 1000 रुपये दिये बिना काम नहीं करने देने और जबरन डस्ट और पथर गाड़ी में डाल गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं डीओ धारक मेसर्स जय मां तारा के प्रोपराइटर रंजीत रवानी ने मीडिया को बताया कि वो सभी बीसीसीएल द्वारा ऑथराइज लेटर के साथ वहां अपने पेलोडर के साथ गये थे और कोयला उठाव में रंगदारी देने संबंधी जानकारी थाने में पहले से दे दी थी। हर्ष सिंह के इशारे पर हम व्यापारियों को कोयला उठाव से जबरन रोका गया। मेरे मुंशी सुरेंद्र सिंह के साथ पुलिस के सामने ही मारपीट और गाली गलौज कर जान से मारने का प्रयास हुआ और उलटा हम तीन धारकों पर केस कर दिया गया। वाहनों को क्षति ग्रस्त कर बम से उड़ाने का प्रयास किया गया, जिसे पुलिस ने गाड़ी के नीचे से बरामद किया। बावजूद इसके दूसरी गाड़ी को रोक कर रखा गया है। इस संबंध में धनबाद एसएसपी एचपी जनार्दनन से गुहार लगाते हुए मामले में जांच कर हर्ष सिंह पर कार्रवाई करने की मांग की गयी है।

### बोकारो की बेटी प्रगति सिंह ने जिला को किया गौरवान्वित



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो की बेटी प्रगति सिंह ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित सीएमएकी परीक्षा में आठवां स्थान प्राप्त कर बोकारो को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलायी है । प्रगति की प्रारंभिक पढ़ाई बोकारो के दिल्ली पब्लिक स्कूल में हुई, जबकि वाणिज्य कॉमर्स की डिग्री पश्चिम बंगाल के भवानीपुर कॉलेज से प्राप्त की। प्रगति के पिता स्वर्गीय विवेकानंद सिंह बोकारो स्टील सिटी कॉलेज में प्राध्यापक के पद पर कार्यरत थे, जबकि मां अंजू सिंह बोकारो स्टील कॉलेज में कार्यरत है बड़े भाई अनिकेत सिंह सॉफ्टवेयर इंजीनियर है एवं बेंगलुरु में कार्यरत है । प्रगति प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रही है। 12वीं की परीक्षा में वाणिज्य मैं अपने सत्र में दिल्ली पब्लिक स्कूल बोकारो में प्रथम स्थान प्राप्त किया था।

### प्रधानमंत्री ऑनलाइन कई रेल परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**गोमो।** नेताजी सुभाषचंद्र बोस जंक्शन (गोमो) स्टेशन परिसर में वरीय मंडल परिचालन प्रबंधक योजना शुचि सिंह और वरीय मंडल विद्युत अभियंता हरिशंकर ने रविवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि भारत दुनिया की सबसे बड़ी रेल नेटवर्क से जुड़ चुका है। सोमवार को पूर्व-मध्य रेल में 100 परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास होगा, जिसमें 23 स्टेशन पुनर विकास परियोजना, 77 सड़क ऊपरी पोल एवं अंडरपास शामिल है। साथ ही 2047 के विकसित भारत के विकसित रेल विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। जिसके सफल प्रतिभागियों को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डिजिटल रूप से जुड़कर सम्मानित करेंगे। इस दौरान उन्होंने सड़क ऊपरी पल और अंडरपास से होने वाले फायदा के बारे में जानकारी दी। मौके पर चीफ यार्ड मास्टर संजीव कुमार, स्टेशन मास्टर एसएन झा, देवजानी कर्मकार आदि मौजूद थे।

### सांसद पशुपतिनाथ सिंह को हराने का लिया संकल्प



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झरिया प्रखंड कांग्रेस के अध्यक्ष इम्तियाज अली के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम के आवासीय कार्यालय में रविवार को बैठक की गई। जिसमें धनबाद जिला कांग्रेस जिलाअध्यक्ष संतोष कुमार सिंह और कार्यकारी अध्यक्ष राशिद रजा अंसारी भी उपसिथित थे। इस दौरान साथी डिजिटल लिंक के तहत बूथ कमेटी की संगठन सशक्तिकरण करने के प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर हर एक बूथ से एक कार्यकर्ताओं को आनॅलाइन जोड़ने के लिए बूथ, पंचायत, और वार्ड स्तर पर टीम गठित किया गया। साथ ही 18 बूथ में बीएलए बनाया गया। धनबाद जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि पांच मार्च तक लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी विधानसभा में सभी बूथो में बीएलए का कार्य पुरा कर आला कमान को सूची समर्पित की जाएगी। जिसे लेकर इस दिन झरिया विधानसभा में प्रखंड कांग्रेस पदाधिकारियों की बैठक कर चर्चा की गई। साथ ही दर्जन भर कार्यकर्ताओं को बूथ में बीएलए बनाया गया। उन्होंने कहा कि बैठक में केंद्र की मोदी सरकार और धनबाद के सांसद पशुपतिनाथ को हराने का संकल्प लिया गया। बैठक में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सचिव सह प्रवक्ता शमशेर आलम, झरिया प्रखंड प्रभारी किशोर राउत, राजा अंसारी, चंदन विश्कर्मा, एकराम कुरैशी आदि थे।

### विद्यालय के घटिया निर्माण का विरोध करने वालों के खिलाफ ही थाने में हुई शिकायत



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** महेशलुंडी हाई स्कूल भवन के घटिया निर्माण का विरोध करने वाले स्थानीय युवकों के खिलाफ ही थाने में शिकायत दर्ज करायी गई है। जिससे आक्रोशित लोगों ने रविवार की सुबह भाकपा-माले नेता राजेश यादव की अगुवाई में महेशलुंडी में बैठक की। इस दौरान वरीय पुलिस अधिकारियों से मामले की जांच और वास्तविक दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की गई। इस बाबत राजेश यादव ने कहा कि पिछले दिनों घटिया निर्माण की बात सामने आने पर उन्होंने गिरिडीह डीसी को इसकी जांच और कार्रवाई को लेकर संगठन के लेटर पैड पर लिखित आवेदन दिया था। उसके बाद तीन सदस्यीय एक जांच टीम का भी गठन हुआ। लेकिन शनिवार को बिना जांच हुए फिर से काम शुरू कर दिया गया। इस पर स्थानीय कुछ युवकों ने निर्माण स्थल पर जाकर जानकारी लेनी चाही तो उन युवकों पर मुफ्फसिल थाने में झूठे आरोपों के साथ शिकायत कर दी है। जिसके आधार पर एक पुलिस अधिकारी ने नामित लोगों के घर जाकर और फोन कर उन्हें थाना बुलाया है। कहा कि, सभी युवा गांव के सीधे साधे और सामाजिक सरोकार वाले हैं। घटिया स्कूल निर्माण के कारण उन्होंने विरोध किया और इसी आलोक में झूठी शिकायत भी की गई है। उन्होंने जिले के वरीय पुलिस अधिकारियों से इस मामले में उचित जांच और कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि, शीघ्र ही इस मामले में सैकड़ों हस्ताक्षर युक्त जन प्रतिवेदन उनके नाम दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो न्याय की मांग लेकर जन आंदोलन भी किया जाएगा। मौके पर कन्हैया सिंह, गणेश ठाकुर, राजकुमार राय, श्यामाकान्त स्वर्णकार, अरुण यादव, कपूर्री ठाकुर, राजू साव, विशाल राय, दीपू मंडल, चंदन कुमार, गुलाब साव, नरेश आदि थे।

### सलाह: गोल ने अपने छात्रों के बीच आयोजित किया सेमिनार

## नीट में सफलता को तय करेगी 70 दिन की रणनीति: संजय आनंद

**कभी भी निगेटिव दबाव, तनाव नहीं लें, बल्कि जवाबदेही को समझें**

आजाद सिपाही संवाददाता



सेमिनार में उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते संजय आनंद

**धनबाद।** मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कराने वाली कोयलांचल की विश्वसनीय व भरोसेमंद संस्थान गोल ने अपने छात्रों के बीच सेमिनार का आयोजन किया। जिसमें धनबाद केंद्र निदेशक संजय आनंद ने नीट के बचे 70 दिनों में सफलता के छिपे रहस्यों की जानकारी दी एवं फाइनल टच देने की सटीक रणनीति एवं अनिवार्य मार्गदर्शन दिया। जिससे प्रतियोगी उत्साहित, उमंगीत एवं आत्म विश्वास से परिपूर्ण दिखे। सच भी है कि पूरे वर्ष मेहनत करने एवं सिलेबस अच्छे तरीके से पूरे होने के बाद अंतिम के बचे कुछ दिन और घंटा में प्रतियोगी को पॉजिटिव एग्जाम टेंपरामेंट, मानसिक एवं शारीरिक संतुलन, धैर्य और भरोसे के साथ स्थिर-भाव से विशेषज्ञ के देख-रेख में प्लाण्ड व टारगेटेड अध्ययन हीं सफलता का मूल मंत्र है। ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को नीट की तैयारी कर रहे छात्रों को जानना अनिवार्य है। तभी कोयलांचल से छात्र केवल सफल नहीं वरन टॉप रैंकर बन रहे हैं। उन्होंने देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों में अध्यनरत एवं डॉक्टर बने गोल के पूर्ववर्ती छात्रों के अनुभवों को भी साझा किया। कहा कि छात्र बिना थके, बिना हारे, रुके अपनी पढ़ाई को जारी रखें। आप बहुत ही अच्छे प्रतिशत सफलता वाले संस्थान से तैयारी कर रहे हैं। यहां के शिक्षकों के पढ़ाए गये नोट्स, स्टडी मैटेरियल्स, ऑल इंडिया टेस्ट, स्पॉर्ट टेस्ट एवं डीपीपी का सही तरीके से अध्ययन कर अपने सपने के कॉलेज को पा सकते हैं। गोल से साधारण छात्र भी असाधारण सफलता हासिल कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को कुछ बातों का ख्याल रखने पर बल दिया। कहा कि टेस्ट पेपर का विश्लेषण के बाद अपने कमियों पर काम करें। अपने मार्क्स की तुलना दूसरों से ना करें। मार्क्स कम या ज्यादा से ना ही घबरायें और ना ही अति-आत्मविश्वासी बने। अपनी क्षमता के अनुसार हर दिन कितने प्रश्नों को सॉल्व करें, निगेटिव मार्किंग से कैसे बचें, स्टडी रूटीन कैसी हो, क्या, कब और कैसे पढ़ें.? क्या ना पढ़ें?, मार्क्स को कैसे बढ़ाएं और बेस्ड एशरशन-रिजन जैसे प्रश्नों की तैयारी आदि पर ध्यान केंद्रीत करें। कभी भी निगेटिव दबाव, तनाव नहीं लें, बल्कि जवाबदेही को समझे। नींद को पूरा करें। अपना समय और ऊर्जा वहां लगाएं जहां से बेस्ट आउट पूट मिले। एनसीआरटी आधारित तैयारी पर ही केंद्रित रहें। फिजिक्स, फिजिकल केमेस्ट्री, इन-ऑर्गेनिक और ऑर्गेनिक एवं बायोलॉजी के लिए समयानुसार अलग-अलग तरीके से रणनीति बनाकर समय का सही सदुप्रयोग करें ।

### आदि कुड़मी युवा शक्ति ने किया कवि शिल्पी विकास महतो हिंदआर को सम्मानित



**चास (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के केंदाडीह गवाई वराज में रविवार को आदि कुड़मी युवा शक्ति कि ओर से कवि शिल्पी विकास महतो हिन्दआर को सम्मानित किया गया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर हाल ही में वायरल कुड़माली गीत हामर किना दशा हेली गो लोकेक भीड़े बहुटी कोंदे गेली गो की अपार सफलता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। महज 40 दिन में गीत को ढ़ाई मिलियन ब्यूज मिला है। इस गीत को झारखण्ड, बंगाल, ओडिशा और असम आदि के श्रोता उत्सव शादी विवाह में बहुत ही चाव से सुन रहे हैं। इस मौके पर लोकप्रिय जिप सदस्य राजेश महतो, दयामय बानुआर, मुखिया कृष्ण पद महतो, देवीलाल महतो, खगेंद्र नाथ महतो, राम बिलास महतो, निर्मल महतो, संतोष कुमार महतो, केशव महतो, नारायण महतो, राखो हरि महतो, विनोद महतो, करम महतो और सदानंद महतो आदि मौजूद थे।

### दो पिकअप वैन में लदे 12 मवेशी बरामद



**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा को मिले गुप्त सूचना के आधार पर जमुआ पुलिस ने रविवार की सुबह काशियाडीह अलकसिया जंगल के समीप छापामारी कर 12 गोवंश लदे दो पिकअप वैन को पकड़ लिया। हालांकि दोनों वाहनों के चालक भागने में सफल रहे। जानकारी के अनुसार दोनों पिकअप वैन से गोवंश को गिरिडीह होते हुए बंगाल के रास्ते बंग्लादेश भेजने की योजना थी। जमुआ थाना पुलिस ने दो वाहनों में लदे गोवंश को जब्त कर लिया। बताया जा रहा कि छापामारी करने के लिए डीएसपी सह जमुआ थाना प्रभारी नीलम कुजूर के नेतृत्व में टीम बनाई गई थी।

## न्यूज रील्स

### हरियाणा इनेलो अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या, साथी की भी मौत

बहादुरगढ़ (हरियाणा)। हरियाणा के बहादुरगढ़ में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व विधायक नफे सिंह राठी समेत चार को गोलियां मारी गयी। उनकी कार पर ताबड़तोड़ गोलियां चलायी गयीं। चारों को शहर के ब्रह्मशक्ति संजीवनी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां नफे सिंह राठी समेत दो की मौत हो गयी है। गाड़ी की खिड़कियों में भी कई गोलियों के निशान हैं। अंधाधुंध फायरिंग के बाद पुलिस जांच में जुट गयी है। जानकारी के मुताबिक हमला पूरी प्लानिंग के तहत किया हुआ प्रतीत हो रहा है। तीन सुरक्षा कर्मियों को भी कई गोलियां लगी हैं। घटना बराही फाटक के पास की है। हमलावर आइ-10 गाड़ी में सवार होकर आये थे। नफे सिंह राठी को गोलियां लगने की सूचना जैसे-जैसे क्षेत्र में फैली, लोग अस्पताल के बाहर जुटना शुरू हो गये हैं। अस्पताल समेत पूरे इलाके में सतर्कता बढ़ा दी गयी है।

## पीएम आज करेंगे पूर्व तट रेलवे के 22 स्टेशनों के पुनर्विकास का शिलान्यास

# स्कूली बच्चों ने उकेरी विकसित भारत के लिए रेलवे की कोशिश की तस्वीर

- 30 आरओबी/आरयूबी का लोकार्पण/शिलान्यास भी होगा
- चित्रकारी के माध्यम से रेलवे स्टेशनों के परिवर्तन की कोशिश

आजाद सिपाही संवाददाता

**भूवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी को वर्चुअल मोड के माध्यम से अमृत स्टेशन योजना के तहत 554 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास की आधारशिला रखेंगे और 1500 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) और रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। इस दौरान अमृत स्टेशन के तहत पूर्व तट रेलवे के 22 स्टेशनों का



पुनर्विकास किया जायेगा और 30 आरओबी/आरयूबी की आधारशिला रखी जायेगी और देश को सौंपी जायेगी। इस अवसर पर रेलवे परिधि के भीतर विभिन्न शहरों के स्कूलों में '2047: विकसित भारत की विकसित रेलवे' विषय पर स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूर्व तट रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाले 78 स्कूलों के लगभग 11 हजार छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया, जबकि सोमवार को होने वाले कार्यक्रम में उपलब्धि हासिल करने वालों को पुरस्कृत किया जायेगा। छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखायी कि कैसे भारतीय रेलवे 2047 तक हमारे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए आधुनिकीकरण के पथ पर लगातार आगे बढ़ रहा है। यह कार्यक्रम पूर्व तट रेलवे द्वारा 2047 तक भारतीय रेलवे की विकसित स्थिति के लिए युवा प्रतिभाशाली बच्चों के विचारों, सुझावों, आशाओं और दृष्टिकोण को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था।

# वेदांता एल्युमीनियम ने सुंदरगढ़ में मुफ्त पेयजल सुविधा शुरू की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** क्षेत्र में गर्मियों की शुरुआत के कारण भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने ओडिशा के सुंदरगढ़ बस स्टैंड पर पीने के पानी की सुविधा स्थापित की है। व्यस्त बस स्टैंड पर यह पहल सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ पेयजल की आवश्यकता को पूरा करती है। नव स्थापित पेयजल सुविधा वेदांता एल्युमीनियम की कई पहलों में से एक है, जिसका उद्देश्य जिले में स्वच्छ पानी और स्वच्छता प्रथाओं को बढ़ावा देते हुए जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। परियोजना का उद्घाटन सुंदरगढ़ की विधायक कुसुम टेटे ने किया। स्थानीय निवासियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए वेदांता एल्युमीनियम की खदान टीम ने पहले जामखानी, गिरीसिमा और मेंद्रा के गांवों में पीने योग्य पानी के बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं को लागू किया है। इसके अतिरिक्त कंपनी गर्मियों के महीनों में ओडिशा में अपना वार्षिक 'जल सेवा शिविर' आयोजित करती है। उस दौरान क्षेत्र में चरम मौसम की स्थिति के कारण यात्रियों के लिए सार्वजनिक स्थानों पर पानी के कियोस्क स्थापित करती है। पिछले साल वेदांता एल्युमीनियम ने रायगढ़ा बस स्टैंड पर दो सप्ताह तक चलने वाला 'जल सेवा शिविर' नामक एक आयोजन किया था, जहां कियोस्क ने पीने के पानी और नींबू पानी की पेशकश की, जिससे 65 हजार से अधिक लोगों को गर्मी से राहत मिली।




सुंदरगढ़ प्राइवेट बस ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष रतन षाड़ंगी ने पेयजल उपलब्ध कराने की वेदांता की पहल के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुफ्त में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की पहल से यात्रियों को बहुत फायदा होगा। मैं वेदांता को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए धन्यवाद देता हूं।

वेदांता एल्युमीनियम का माइंस व्यवसाय शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, आजीविका, ग्रामीण बुनियादी ढांचे और जमीनी स्तर के खेल और संस्कृति के क्षेत्रों में केंद्रित हस्तक्षेपों के माध्यम से सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसकी कई पहलों में से एक है वेदांत नंद घर, जो आधुनिक आंगनबाड़ियां हैं, जो समग्र सामुदायिक विकास के लिए जीवंत केंद्रों के रूप में कार्य करती हैं। बच्चों को प्री-स्कूल शिक्षा और बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और उचित पोषण प्रदान करती हैं।

वेदांता एल्युमीनियम, वेदांता लिमिटेड का व्यवसाय है, जो भारत का सबसे बड़ा एल्यूमीनियम उत्पादक है, जो वित्त वर्ष 2023 में भारत के आधे से अधिक यानी 2.29 मिलियन टन एल्यूमीनियम का उत्पादन करता है। यह मूल्यवर्धित एल्युमीनियम उत्पादों में अग्रणी है, जिनका मुख्य उद्योगों में महत्वपूर्ण अनुप्रयोग होता है। वेदांता एल्युमीनियम एल्युमीनियम उद्योग के लिए एसएंडपी ग्लोबल कॉरपोरेट सस्टेनेबिलिटी असेसमेंट 2023 विश्व रैंकिंग में प्रथम स्थान पर है, जो इसकी अग्रणी सतत विकास प्रथाओं का प्रतिबिंब है। भारत में अपने विश्व स्तरीय एल्यूमीनियम स्मेल्टर, एल्यूमिना रिफाइनरी और बिजली संयंत्रों के साथ कंपनी हरित कल के लिए 'भविष्य की धातु' के रूप में एल्यूमीनियम के उभरते अनुप्रयोगों को बढ़ावा देने के अपने मिशन को पूरा करती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# ओवरसीज बैंक क्षेत्रीय कार्यालय में मनाया गया मातृभाषा दिवस




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** इंडियन ओवरसीज बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय ब्रह्मपुर ने वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार की अध्यक्षता में क्षेत्रीय कार्यालय के सभा कक्ष में मातृभाषा दिवस मनाया। इस कार्यक्रम में निकटतम शाखाओं के कई उत्साही कर्मचारियों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मनीष कुमार ने समुदाय के भीतर व्यक्तिगत, सामाजिक और आर्थिक विकास में मातृभाषा की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। रतिकांत बेहरा, मुख्य प्रबंधक ने मातृभाषा दिवस मनाने के पीछे के महत्व और उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए स्टाफ सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने हमारी मूल भाषाओं के संरक्षण और प्रचार-प्रसार के महत्व पर भी जोर दिया। इसके अतिरिक्त मुख्य प्रबंधक आशीष कुमार ठाकुर ने मातृभाषा संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए सभा को संबोधित किया। बैठक का समापन ओडिशा से जुड़े मामलों पर आयोजित एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। बैठक का सफल संचालन प्रतिभा बहीदार, प्रबंधक, इंडियन ओवरसीज बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, ब्रह्मपुर द्वारा किया गया।

# बरी के पूर्व विधायक देबाशिष नायक ने बीजद से इस्तीफा दिया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जाजपुर जिले के बरी से चार बार विधायक रहे बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता देबाशिष नायक ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। देबाशिष ने पार्टी सुप्रीमो नवीन पटनायक को इस्तीफा पत्र भेज दिया है। अपने त्याग पत्र में देबाशिष ने पार्टी अध्यक्ष को धन्यवाद दिया और उन्हें ओडिशा के लोगों की सेवा करने का अवसर देने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही उन्होंने अपने इस्तीफे का कोई खास कारण भी नहीं बताया। गौरतलब है कि 2000 से 2019 तक देबाशिष नायक विधायक थे। वह जाजपुर जिले के बरी विधानसभा क्षेत्र से चार बार विधायक रहे। 2004 से 2008 तक देबाशिष कई विभागों में मंत्री रहे। देबाशिष खेल विभाग



के साथ-साथ सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री भी रह चुके हैं। लेकिन 2019 में बीजद ने उन्हें टिकट नहीं दिया। उनकी जगह पार्टी ने सुनंदा दास को टिकट दिया। सूचना मिल रही है कि देबाशिष अव भाजपा में शामिल हो सकते हैं।

## बीरभूम में खेत से 40 बम बरामद

**बीरभूम (आजाद सिपाही)।** पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में रविवार की सुबह फिर भारी संख्या में बम मिलने से इलाके ने सनसनी फैल गयी। जिले के माड़ग्राम थाना इलाके के लापारा ग्राम में गन्ने के खेत में छिपाकर रखे गये एक ड्रम और चार झोले में करीब 40 बम बरामद किये गये।






# आगरा में राहुल की यात्रा में शामिल हुए अखिलेश

- स्वागत के लिए उमड़े कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के आगरा पहुंची कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी शामिल हुए। राहुल गांधी की यात्रा में अखिलेश का शक्ति प्रदर्शन भी नजर आया और बड़ी संख्या में सपा के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। वहीं अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद दोनों नेताओं ने पदयात्रा की। यात्रा में शामिल होने से पहले अखिलेश यादव ने कहा कि राहुल गांधी देश में मोहब्बत की बात करते हैं, लेकिन यह शहर पूरा मोहब्बत का शहर है। हमारी लड़ाई संविधान बचाने की



लड़ाई है। भाजपा हटाओ देश को बचाओ। हमारी लड़ाई तभी सफल होगी, जब उत्तर प्रदेश में भाजपा हारेगी। इस दौरान मंच पर राहुल गांधी के साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहीं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि मुझे भीड़ में से एक लड़का आया और कहता है कि मैं जानता हूं कि आप क्या कर रहे हैं। मैंने पूछा कि मैं क्या कर रहा हूं, तो उसने कहा कि आप नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल रहे हैं। आज देश में नफरत का बाजार खुला हुआ है। इस देश में गरीबों के साथ अन्याय हो रहा है। इसलिए हमने अपनी यात्रा में अन्याय शब्द को भी जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में अखिलेश यादव का स्वागत है। आज बहुत खुशी का दिन है। हम सब मिलकर देश के लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं।













वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

VERMA PRESS

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !


# कैंसर के इलाज के लिए भारतीय मसालों के इस्तेमाल का पेटेंट, जल्द शुरू होंगे ट्रायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चेन्नई।** मसाले केवल खाने में स्वाद लाने का काम नहीं करते, बल्कि ऐसे कई मसाले हैं, जो कैंसर जैसी बीमारी के इलाज में रामबाण साबित होते हैं। इस बीच आइआइटी, मद्रास के शोधकर्ताओं ने उन भारतीय मसालों के इस्तेमाल का पेटेंट कराया है, जो कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों के उपचार में कारगार साबित हो सकते हैं। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि औषधीय गुणों वाले इन मसालों के इस्तेमाल से बनने वाली दवाइयां 2028 तक बाजार में



उपलब्ध होने की संभावना है। उन्होंने बताया कि भारतीय मसालों से बनी नैनो दवाइयों ने लंग, ब्रेस्ट, कोलन, सर्वाइकल, ओरल और थायरॉयड में कैंसर कोशिकाओं पर असर दिखाया है। हालांकि यह दवाइयां सामान्य कोशिकाओं में सुरक्षित पायी गयीं। शोधकर्ता अभी कैंसर दवाओं की सुरक्षा और लागत के मुद्दों पर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जानवरों पर हाल ही में सफलतापूर्वक अध्ययन किया गया है। अब 2027-28 तक इन दवाओं को बाजार में उपलब्ध कराने के लक्ष्य के साथ नैदानिक परीक्षणों (क्लिनिकल ट्रायल) की योजना बनायी जा रही है। आइआइटी मद्रास के केमिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर आर नागराजन ने कहा कि भारतीय मसालों को युगों से स्वास्थ्य लाभ के लिए जाना जाता है। उनकी जैव उपलब्धता ने उनके अनुप्रयोग और उपयोग को सीमित कर दिया है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**